# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# नर्तकियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने वालों की खोली जाए हिस्ट्रीशीट

■ कुशीनगर में नर्तकियों को बंधक बनाकर किये थे गैंगरेप

■ पादरी बाजार में भी पकड़े गए थे तीन

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत दिनों कुशीनगर जिले में नर्तकियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की घटना में शामिल आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बृहस्पतिवार को सभी आरोपियों पर कार्रवाई के लिए कुशीनगर और गोरखपुर के थानों से क्राइम हिस्ट्री मंगाने का एसपी सिटी अभिनव त्यागी को निर्देश दिया है। बृहस्पतिवार को चार्ज संभालते ही एसपी सिटी ने निर्देशानुसार कार्रवाई के लिए आरोपियों का विस्तृत ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया।

कुशीनगर में आठ सितंबर की देर रात सामूहिक दुष्कर्म की घटना में हुई थी। इसमे शामिल आठ आरोपियों में से पांच गोरखपुर जिले के हैं। इसमे गोरखपुर जिले के बरही कोठी निवासी आर्थक सिंह, फर्टिलाइजर रोड के डा. विवेक सेठ व नागेंद्र यादव, पिपराइच के अस्वन सिंह और नारायण नगरी के ष तिवारी का नाम शामिल है। इनके अलावा तीन कुशीनगर जिले कप्तानगंज सोहनी गांव के अजीत सिंह, रामकोला थाना के धोधरही गांव निवासी निसार अंसारी और कप्तानगंज बभनौली के आदित्य का नाम शामिल हैं। इन सभी आठों आरोपियों की कुंडली खंगाली जा रही है। पुलिस अब इनकी हिस्ट्रीशीट खोलेगी।

कुशीनगर की घटना में गोरखपुर के आरोपियों का नाम सामने आया है। उनकी क्रीमिनल हिस्ट्री थानों से मंगाई जा रही है। आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।

**डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

पुलिस आरोपियों के पास के से मिले लाइसेंसी असलहों की भी जानकारी जुटा रही है। इसके साथ ही उनके घर के सदस्यों के नाम से कितने असलहे हैं, इसकी जानकारी भी जुटा रही है। पुलिस बहुत जल्द लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीएम को पत्र भेजेगी। लाइसेंस निरस्त कराने केध लिए कुशीनगर और गोरखपुर पुलिस जुट गई है।

# बिहार का गैंग जाली नोटों की करता था छपाई

■ रिमांड पर लिए गए नवाब आरजू ने बरामद कराए जाली नोट,प्रिंटर व लैपटाप

■ एटीएस ने एक सितंबर को साथी संग गोरखपुर में स्टेशन रोड पर पकड़ा था

**गोरखपुर(एसएनबी)।** बिहार के सिवान जिले का गिरोह स्टाम्प के साथ ही जाली नोट भी छापता था ।बुधवार को रिमांड पर लिए गए गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर पुलिस ने 200 के चार जाली नोट,प्रिंटर व लैपटाप बरामद किए ।पूछताछ व जांच में पता चला कि फिरोजाबाद के रहने वाले अर्पित जैन के जरिए नवाब आरजू उसके पिता व भांजे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गिरोह का विस्तार किया था ।पूछताछ व जांच में मिली जानकारी के आधार पर अर्पित को गिरफ्तार करने का प्रयास कैंट थाना पुलिस के साथ ही एटीएस ने तेज कर दिया है।

यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने फर्जी स्टाम्प छापकर बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी राजू यादव को एक सितंबर की सुबह रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया ।बिहार के सिवान जिले में रहने वाले आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था ।दोनों के कब्जे से 6.72 लाख रुपये के फर्जी स्टाम्प व 72 हजार रुपये के डाक टिकट,तीन मोबाइल फोन व क्रेटा गाड़ी मिली। पूछताछ में पता चला था कि नवाब आरजू जाली नोट भी छापता था है लेकिन उसके कब्जे से कुछ नहीं मिला। एटीएस के निरीक्षक विजय प्रताप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया। इस मुकदमे की विवेचना कर रहे कैंट थाने के एसएसआई ने आरोपित की कस्टडी रिमांड के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी। जिस पर विचार करते हुए मजिस्ट्रेट ने बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। कैंट पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि सिवान के मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट,प्रिंटर व लैपटाप रखा है ।जिसे पत्नी के जरिए उसने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास फेंकवा दिया। नवाब आरजू को लेकर पुलिस गेट नंबर सात के पास पहुंची तो झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप,प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट मिले ।पूछताछ के बाद रात आठ बजे कैंट थाना पुलिस ने नवाब आरजू को जिला कारागार में दाखिल कर दिया।

# प्रधान के घर बुलायी गयी थी पंचायत, मारपीट, दस पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमहा बुजुर्ग गांव में पट्टीदारों के बीच विवाद को लेकर प्रधान के घर सुलह समझौता के लिए पंचायत बुलायी गई। इस दौरान दोनों पक्ष रास्ते में भीड़ गये जहां मारपीट के दौरान कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के खिलाफ दस लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

■ पट्टीदारों के बीच चल रहा था विवाद

स्थानीय निवासी रामचरन के मुताबिक 8 सितंबर को पुलिस द्वार ग्राम प्रधान के घर समझौता के लिए चलो। वहां गए तो ग्राम प्रधान मौजूद नहीं थे। पीडित बच्चों को लेकर प्रधान के घर से वापस आ रहे थे। रास्ते में मानधाता,आरती, नीलम, करिश्मा प्रिंश आदि रास्ते में लाठी डंडा ईट लेकर छिपे थे। अचानक जानलेवा हमला कर के मोबाईल छीन लिया। पीडित के हाथ में दांत काट लिए ईंट डंडा से मारपीट कर बच्चों को घायल कर दिया।

दूसरे पक्ष के आरती देवी के अनुसार 8 सितंबर की रात नौ बजे पटीदार गौरीशंकर, रामचरन, शंकर बंशीधर, मीना पूरानी रंजिश को लेकर गाली गुप्ता दे रहे थे। मना करने पर मारने पीटने लगे। बेटियां बीचबचाव करने पहुंची तो उनकी भी पीटाई कर दिए। जान से मारने की धमकी दिए।

पुलिस प्रथम पक्ष की तहरीर पर मानधाता,आरती, नीलम, करिश्मा प्रिंश के खिलाफ तथा दूसरे पक्ष की शिकायत पर गौरीशंकर, रामचरन, शंकर बंशीधर, मीना के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

# त्योहारों में खलल डालने वालों पर पैनी नजर

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** आगामी त्योहार को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर चौरी चौरा थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने अपील करते हुए कहा कि आप लोग आपसी भाई चारे की तरह मिलजुल कर अपने त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाए।त्योहार में खलल डालने वालो पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है।त्योहार में किसी प्रकार की कोई भी समस्या हो तत्काल पुलिस को सूचना दे।

■ चौरीचौरा थाने में पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित सम्मानित लोग व पुलिस।

मिली जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा द्वारा पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी व वाराबफात के त्योहार को आप लोग आपस में मिलजुल कर प्रेम पूर्वक मनाए। त्योहार के चिन्हित स्थानों (गांव) की जानकारी लेते हुए जुलूस के रूट के बारे में विस्तृत जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान प्रत्येक जुलूस में आप लोग दस दस युवाओं को वालेंटियर के रूप में अवश्य रखें ,ताकि जुलूस के दिन रास्ते में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो। नियमानुसार ही डीजे बजाए। आयोजक द्वारा अपनी टीम की पूरी जिम्मेदारी पूर्वक ध्यान रखे। जुसुल के दौरान नए उम्र के युवाओं को समझा बुझाकर अपने त्योहार में सहयोग ले। त्योहार में खलल डालने या उदंडता कराने वालों पर पुलिस की पैनी नजर बनी रहेगी,पकड़े जाने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज नागेंद्र मणि, राजेश सिंह,संजय यादव, निलेश राय,ग्राम प्रधान सुनील कुमार निषाद,गिरजेश सिंह, प्रमोद पासवान,मजीद अली,मोहम्मद रहमान, अरमान अहमद, सुकान अली, हलीम अंसारी, अब्बू तन्हा, कासिम अली, अशलम, अहमान अहमद सहित तमाम लोग उपस्थित रहें।

# अज्ञात युवकों ने महिला का सिर फोड़ा, केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत पंसरही(बड़ा टोला)निवासिनी प्रभावती देवी पत्नी रामचंदर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 11 सितम्बर की रात को करीब दो बजे मेरे दरवाजे पर कुछ अज्ञात लोग खड़े थे।जब मैंने शोर मचाया तो युवकों द्वारा किस अज्ञात वस्तु से मेरे सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगने से मेरा सिर फट गया। शोर मचाने पर रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए मौके से सभी लोग फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 352, 351(2), 351(3) के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# विवाहिता को कर रहा परेशान, केस

**फुटहवा ईनार (एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने मुकामी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शादी के दो साल बाद भी पूर्व प्रेम रास्ते में छेड़खानी कर परेशान कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि पूर्व प्रेम द्वारा मुझसे पहले जैसा सम्बंध रखने का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि रास्ते में ईधर उधर कही भी देखता है तो छेड़छाड़ करने लगता है। विरोध करने पर धमकी देता है कि अगर मेरी बात नही मानी तो तुम्हारा सारा फोटो विडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर बदनाम कर दूंगा। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गोपी के खिलाफ धारा 74,115(2),352,के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# लड़की को भगा ले जाने का आरोप, केस

**फुटहवा ईनार(एसएनबी)।** चौरी चौरा थाना क्षेत्र की एक 19 वर्षीय लड़की को उसी के गांव का रहने वाला एक युवक उसे लेकर फरार हो गया। लड़की की मां की तहरीर पर पुलिस आरोपित युवक के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मां का आरोप है कि विगत 4 सितम्बर को पूरे परिवार के साथ अयोध्या मंदिर पर दर्शन करने गई थी। अचानक मन्दिर से मेरी लड़की गायब हो गई। जिसके सम्बंध में अयोध्या के थाना रामजन्म भूमि पर लड़की की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घर आने पर पता चला कि नितीश कुमार उर्फ आर्यन नाम का लड़का ही मेरी लड़की को अपने साथ लेकर फरार हो गया है। आरोप है कि आरोपित लड़के का कई लड़कियों के साथ नाजायज सम्बंध है। प्रार्थिनी की लड़की के साथ कोई भी घटना घटित हो सकती है।

# महिला सुरक्षा पर फोकस,पशु तस्करों की खैर नहीं

## नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने कार्यभार संभाला

**गोरखपुर (एसएनबी)।** नवागत पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने कहा कि महिला सुरक्षा पर पुलिस का फोकस रहेगा। साथ ही पशु तस्करों की कुंडली तैयार कर उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

बृहस्पतिवार की सुबह नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी पुलिस कार्यालय पहुंच कर कार्यभार संभालने के उपरान्त उक्त बातें कही। श्री त्यागी ने कहा कि छोटे विवादों को नजर अंदाज करने से बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है। इसलिए विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच कर मामले को देखेगी जिससे विवाद की संभावना टाली जा सके। थाने पर पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को समय अवधि के अंदर थानेदारों को निस्तारित करने को निर्देश दिया गया है।

**■ जालसाजी और साइबर क्राइम करने वालों पर पुलिस करेगी कड़ी कार्रवाई**



उन्होंने कहा कि महिला संबंधित अपराध पर पुलिस का ज्यादे फोकस रहेगा। छेड़खानी करने वालों पर पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी। उनका कहना है कि पशु तस्करी में गोरखपुर के आलावा कुशीनगर जिले के भी शातिर शामिल है। पशु तस्करों की पहचान करने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कुशीनगर जिले में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर छह माह तक कार्यकाल रहा। यहां के रहने वाले पशु तस्करों की कुंडली भी खंगाली जाएगी।

एसपी सिटी ने बताया कि जालसाजी के मामले में पुलिस जांच पड़ताल के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। साइबर क्राइम पर भी पुलिस नजर रखेगी। आजकल साइबर क्राइम पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही है। श्री त्यागी मूल रूप से अगरा जिले के रहने वाले है। दिल्ली में शिक्षा ग्रहण किया। वर्ष 2019 बैंच के आईपीएस अफसर है। उनकी पहली पोस्टिंग प्रयागराज में डीसीपी के पद पर हुई थी। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर के पद पर तैनाती मिली थी।

# वाराफात व गणेश चतुर्थी को लेकर पीस कमेटी की बैठक

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। पीस कमेटी की बैठक गुरुवार को थानाध्यक्ष विशाल सिंह की अध्यक्षता में हरपुर बुदहट थाना परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि वाराफात का और गणेश चतुर्थी त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाएं।पुलिस आपकी हर मदद करने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि डीजे बजाने को लेकर जो नियम बनाए गए हैं उसके



अनुरूप ही डीजे बजाया जाएगा। कमेटी के पास सुरक्षा का पूरा उपाय रहना चाहिए। जुलूस जिस रास्ते पर जायेगा उस पर ध्यान दें कि कहीं भी तार न हो। किसी के द्वारा त्यौहार में खलल डालने का प्रयास किया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज सोनबरसा बाबू राहुल दूबे, तनवीर अहमद, प्रवीण कश्यप, अच्युतानंद राय सुधाकर यादव, अनिल यादव, गंगा बेलदार, प्रधान प्रतिनिधि जमुना यादव,सहित ग्राम प्रधानगण और क्षेत्र के सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

# पशुओं को पकड़ते कैमरे में कैद हुए तस्कर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : पुलिस की घेराबंदी तोड़कर पशु तस्कर शहर में घूम रहे हैं। बुधवार की रात रुस्तमपुर मोहल्ले में पुलिस चौकी के पास बोलेरो से पहुंचे तस्कर छुट्टा पशुओं को पकड़ते हुए सीसी कैमरे में कैद हुए। घटना के बाद से मोहल्ले के लोग दहशत में हैं। एसएसपी ने थानेदारों को चौकसी बरतने के साथ ही रात में पिकेट लगाकर सघन चेकिंग करने का निर्देश दिया है।

बुधवार की रात में बारिश के बीच रुस्तमपुर ढाले से फलमंडी वाली रोड पर धार्मिक स्थल से पहले पशुओं को पकड़ते तस्करों का वीडियो कैमरे में कैद हुआ। जहां यह घटना हुई वहां से चौकी महज 200 मीटर की दूरी पर है। फिलहाल पशु तस्करों की आमद से पुलिस एक बार फिर अलर्ट है। इससे पहले पांच अगस्त को चंपा देवी पार्क के पास बोलेरो से पांच की संख्या में पहुंचे तस्कर एक गाय का पीछा करते हुए सीसी कैमरे में कैद हुए थे।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने थानेदारों के साथ बैठक कर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर पिकेट लगाकर चेकिंग करने का निर्देश दिया था। पुलिस की चौकसी कम होते ही तस्कर फिर से शहर में आने लगे हैं।



रुस्तमपुर में छुट्टा पशुओं को दौड़ाते पशु तस्कर • सौ. इंटरनेट मीडिया

पशु तस्करों पर कार्रवाई के लिए पुलिस सक्रिय है। रुस्तमपुर की घटना का वीडियो सामने आने के बाद रामगढ़ताल थाना पुलिस ने अज्ञात तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पूर्व में जिन तस्करों के नाम आए हैं उनकी हिस्ट्रीशीट खोलवाई जा रही है। रात में पिकेट लगाकर चेकिंग हो रही है। जिले के बाहर के रहने वाले तस्करों पर कार्रवाई के लिए उस जिले को अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है।

– डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## हाल के दिनों हुई घटना

05 अगस्त 2024 : चंपा देवी पार्क के पास छुट्टा पशुओं का पीछा करते हुए तस्कर कैमरे में कैद हुए।

06 अप्रैल 2024 : शाहपुर के रामजानकी नगर में पथराव में युवती घायल हुई। शोर मचाने पर मजदूर को धमकाया।

17 सितंबर 2022 : चिलुआताल पुलिस ने मुठभेड़ में एक तस्कर के पैर में गोली मारकर पकड़ा, दो चकमा देकर भागे।

09 सितंबर 2022 : रामगढ़ताल क्षेत्र में पशु पालक भाइयों को तस्करों ने पीटकर अधमरा किया, पुलिस ने को दो पकड़ा।

05 सितंबर 2022 : चौरी चौरा पुलिस ने मुठभेड़ में तीन पशु तस्करों को पकड़ा। एक के पैर में गोली लगी। आठ भागे।

## युवती के अपहरण का मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ दिन पूर्व सपरिवार अयोध्या दर्शन करने गई थी। उसी समय गांव का नीतीश कुमार उर्फ आर्यन मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## छात्रा के अपहरण का मुकदमा दर्ज

मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा स्थित एक डिग्री कालेज में सोमवार को रिजल्ट लेने गई छात्रा वापस नहीं लौटी तो स्वजन ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवपुर के चकदहा टोला निवासी शनि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# रिमांड पर लिए गए नवाब आरजू ने बरामद कराए जाली नोट

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बिहार के सिवान जिले का गिरोह फर्जी स्टांप के साथ ही जाली नोट भी छापता था। बुधवार को रिमांड पर लिए गए गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर पुलिस ने 200 के चार जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप बरामद किए। पूछताछ व जांच में पता चला कि फिरोजाबाद के रहने वाले अर्पित जैन के जरिये नवाब आरजू, उसके पिता व भांजे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गिरोह का विस्तार किया था। इसके बाद से अर्पित को गिरफ्तार करने का प्रयास कैंट थाना पुलिस के साथ ही एटीएस ने तेज कर दिया है।

यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने फर्जी स्टांप छापकर बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी राजू यादव को एक सितंबर की सुबह रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया। बिहार के सिवान जिले में रहने वाले आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उनके कब्जे से 6.72 लाख रुपये के फर्जी स्टांप, 72 हजार रुपये के डाक टिकट, तीन मोबाइल फोन व क्रेटा गाड़ी मिली। पूछताछ में पता चला कि नवाब आरजू जाली नोट भी छापता है, लेकिन उसके कब्जे से कुछ नहीं मिला। एटीएस के निरीक्षक विजय प्रताप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया। मुकदमे की विवेचना कर रहे कैंट थाने के एसएसआइ ने आरोपित की कस्टडी रिमांड के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी। जिस पर विचार करते हुए मजिस्ट्रेट ने बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। कैंट पुलिस की पूछताछ में उसने बताया कि सिवान के मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था, जिसे पत्नी के जरिये उसने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास फेंकवा दिया है। उसे लेकर पुलिस गेट नंबर सात के पास पहुंची तो झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट मिले। पूछताछ के बाद रात आठ बजे कैंट थाना पुलिस ने उसे जिला कारागार में दाखिल कर दिया।



नवाब आरजू • जागरण

**फर्जी स्टांप प्रकरण**

- स्टांप के साथ ही जाली नोट भी छापता था बिहार का गिरोह
- एटीएस ने एक सितंबर को साथी संग स्टेशन रोड पर पकड़ा था
- सिवान के रहने वाले जालसाज से विवेचक ने 13 घंटे की पूछताछ

## पिता समेत सात साथी पहले से जेल में

कूटरचित स्टांप छापकर जालसाजी करने का मुकदमा कैंट थाने में दर्ज होने के बाद पुलिस ने पांच अप्रैल को नवाब आरजू के पिता सिवान के मोफस्सिल नई बस्ती के रहने वाले मोहम्मद कमरुद्दीन और भांजे साहेबजादे समेत आठ लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सिवान (बिहार), गोरखपुर, देवरिया व कुशीनगर जिले के रहने वाले आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने स्टांप छापने वाली मशीन, एक करोड़ 52 हजार, 30 रुपये के फर्जी स्टांप, गैर न्यायिक स्टांप उप्र और बिहार का, टिकट, एक लैपटाप, 100 पैकेट इंक, पेपर कटर मशीन और सादे कागज बरामद हुए थे। कुछ दिन पहले साहेबजादे को जमानत मिल गई, जाली नोट के मामले में पुलिस उसे भी ढूंढ रही है।

यह और अन्य खबरें देखें–
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# कार्यक्रम आयोजक प्रशासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन करें

**गोरखपुर (एसएनबी)।** अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों को परम्परागत तरीके से शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास एवं आपसी मेल मिलाप के साथ मनाया जाये। उन्होंने कहा कि सभी आयोजक दल शासन और प्रशासन की सभी दिशा निर्देशों का पालन अवश्य करें। प्रशासन त्यौहारों को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पूर्ण कटिबद्ध है और इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

उक्त बातें अपर जिलाधिकारी नगर ने एनेक्सी सभागार में आयोजित ईद-ए-मिलाद/ बारावफात, गणेश पूजन, दशहरा (महानवमी)/ विजयदशमी, दीपावली, गोर्वान पूजा, भैयादूज/चित्रगुप्त जयंती, छठ पूजा, गुरूनानक जयंती/ कार्तिक पूर्णिमा को शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपद शांति एंव सद्भावना समिति की बैठक में कहा। उन्होंने कहा कि सभी आयोजक दल शासन और प्रशासन की सभी दिशा निर्देशों का पालन अवश्य करें। सभी जुलूस परम्परागत मार्ग से ही निकाले जाये। किसी भी नई परम्परा को अनुमति नहीं दी जायेगी। जुलूस की लम्बाई सीमित ही रखें, बहुत लम्बा न करें। जुलूस में डीजे की ध्वनि शासन के मानक के अनुसार रखना हर हाल में सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी ने साफ सफाई, गड्ढामुक्त सड़कें, ढीले एंव जर्जर तार/पोल को ठीक करने के साथ ही अनवरत रूप से जलापूर्ति/ विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। अपर जिलाधिकारी नगर ने नगर निगम को निर्देश दिया कि रोड की सफाई, स्ट्रीट लाईट, पानी की व्यवस्था आदि की व्यवस्था पर्व से पहले पूर्णतः सुनिश्चित करें तथा भ्रमणशील रहकर इसकी निगरानी करते रहे।



सद्भावना समिति की बैठक में सम्बोधित करते एसपी सिटी अभिनव त्यागी, साथ में एडीएम सिटी अजंनी कुमार सिंह, सिटी मजिस्टेट हिमांशु वर्मा व अन्य।

इस अवसर पर नवागत पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहेगी। नई परम्परा लागू करने की अनुमति नही होगी, परम्परागत व्यवस्था रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पीस कमेटी और प्रशासन मिलकर पर्व को सकुशल सम्पन्न करायेंगे। पर्व को सकुशल सम्पन्न कराना सबकी जिम्मेदारी है और हम सभी को अपने जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी तत्परता के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी जुलूस लाइफ सेफ्टी के साथ ही निकालें। सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक खबरों को सत्य न माने। किसी भी अफवाह की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी तथा विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों के साथ शांति समिति के सदस्य सुधाकर पाण्डेय, प्रिया कुमारी शुक्ला, सैय्यद इरशाद अहमद, हाजी सोहराब खान आदि उपस्थित रहे।

**ईद-ए-मिलाद/बारावफात, गणेश पूजन, दशहरा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, चित्रगुप्त जयंती, छठ, गुरूनानक जयंती, कार्तिक पूर्णिमा को शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक**

# किशोरों के भागने की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) से तीन किशोरों के भागने के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू कर दी गई है। ये किशोर 27 अगस्त को सुबह 3:30 बजे संप्रेक्षण गृह के द्वितीय तल स्थित पुराने बाथरूम की खिड़की से निकलकर छत के बाहरी पिलर के सहारे फरार हो गए थे। दो किशोर पुलिस की अभिरक्षा में हैं जबकि एक की तलाश की जा रही है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने अपर जिलाधिकारी नगर अंजनी कुमार सिंह को मजिस्ट्रियल जांच सौंपी है। अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि इस घटना के संबंध में कुछ बताने के इच्छुक लोग पर्यटन भवन स्थित उनके कार्यालय में 24 सितंबर को अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

# थाने से भागा चोर, पुलिस ने आधे घंटे में दबोचा

जासं, पीपीगंज : मोबाइल फोन के साथ पकड़ा गया चोर गुरुवार की शाम पांच बजे थाने से भाग गया। जानकारी होने पर पीछा करते हुए पुलिस ने आधे घंटे बाद चोर को मखनहा गांव से पकड़ लिया। चोर खेत में छिपा था। पीपीगंज पुलिस ने दोपहर के समय चोरी के तीन मोबाइल फोन के साथ रायपुर निवासी आदित्य साहनी को पकड़ा। इसके बाद उसे थाने में बैठाकर पूछताछ की। शाम पांच बजे के करीब जैसे ही आदित्य को मौका मिला वह थाने से भाग गया। इसकी जानकारी होने पर थाने में तैनात पुलिसकर्मियों के हाथ-पांव फूल गए। पूछताछ करते हुए पुलिस ने उसका पीछा किया और मखनहा गांव पहुंची। जहां ग्रामीणों की मदद से आदित्य को धान के खेत से पकड़ लिया।



**परिषदीय विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी:** हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के खजुरी गांव स्थित परिषदीय विद्यालय का ताला तोड़ बुधवार की रात चोरी हो गई। चोर तीन पंखे सहित अन्य सामान चुरा ले गए। सत्यप्रकाश सिंह व प्रधानाध्यापक नाजफातिमा ने पुलिस को सूचना दी है।

# नए एसपी सिटी संभालेंगे एसआईटी की कमान, आरोपित से हुई पूछताछ

**गंगेश हत्याकांड**

- फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद एसएसपी ने किया है एसआइटी का गठन
- पीड़ित परिवार के साथ ही आरोपितों को कैंट थाने बुलाकर रोज की जा रही है पूछताछ

**गोरखपुर(एसएनबी)।** सिविल इंजीनियर गंगेश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए गठित हुई एसआइटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) की कमान अब नए एसपी सिटी संभालेंगे। एसपी संभल बनाए गए कृष्ण कुमार विश्नोई अभी तक एसआईटी की अगुवाई कर रहे थे। टीम में शामिल सीओ कैंट ने गुरुवार को एक हत्यारोपित से दो घंटे पूछताछ की। शुक्रवार को भी आरोपितों को कैंट थाने बुलाया गया है।

बड़े भाई योगेश दत्त पांडेय की हत्या के मुकदमे में गवाह रहे गंगेश पांडेय की 11 मई 2024 को गोलघर में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। परिवार के लोग जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद फलमंडी के पास सड़क जाम करके हंगामा किया। कार्रवाई के आस्वसन पर परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार किया। भागदौड़ के बाद 13 जून कैंट थाना पुलिस ने गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर छह आरोपितों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी। फोरेंसिक रिपोर्ट में गंगेश की मृत्यु जहर से होने की पुष्टि होने के बाद परिवार आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहा है।इस गुत्थी को सुलझाने के लिए एसएसपी ने एसआईटी गठित की है जो अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। गुरुवार को सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने दीपनारायण पांडेय के साथ पूछताछ कर घटना वाले दिन गंगेश व उसके स्वजन से हुई बातचीत की जानकारी ली।

## पट्टीदारों के बीच मारपीट 10 पर मुकदमा दर्ज

भटहट : गुलरिहा थाना क्षेत्र के करमहां बुजुर्ग गांव में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की तहरीर पर पांच-पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पक्ष के रामचरन के अनुसार आठ सितंबर को ग्राम प्रधान के घर समझौता के लिए गए तो वह घर पर नहीं थे। बच्चों को लेकर वापस आ रहा था कि रास्ते में मांधाता, आरती, नीलम, करिश्मा, प्रिंस ने लाठी-डंडा व ईंट से जानलेवा हमला कर मोबाइल फोन छीन लिया। वहीं, दूसरे पक्ष की आरती देवी के अनुसार आठ सितंबर की रात नौ बजे पट्टीदार गौरीशंकर व अन्य ने पिटाई किया। (जासं)

## सगे भाइयों ने महिला को पीटा, मुकदमा

हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के भेउसा गांव की मोनी देवी पत्नी अमरजीत ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 16 अगस्त को शाम साढ़े सात बजे गांव से बाहर गई थी। उसी समय गांव के ही ब्यास मुनि व त्रिमुनि ने रास्ते में घेर कर पिटाई की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है।

# नो पार्किंग में खड़े 59 वाहनों पर हुई कार्रवाई

जासं, गोरखपुर : एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने गोरखनाथ क्षेत्र व ट्रांसपोर्ट नगर से राजघाट पुल तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाया। सड़क से ठेला-खोमचा वालों को हटाया गया तो नो पार्किंग में खड़े 59 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। क्रेन से सात वाहनों को टोचन कर यातायात यार्ड में लाया गया।

# नए एसपी सिटी संभालेंगे एसआइटी की कमान, आरोपित से हुई पूछताछ

## गंगेश हत्याकांड

- फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद चार सितंबर को एसएसपी ने किया एसआइटी का गठन
- पीड़ित परिवार के साथ ही आरोपितों को कैंट थाने बुलाकर रोज की जा रही पूछताछ

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : गंगेश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए गठित हुई एसआइटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) की कमान अब नए एसपी सिटी संभालेंगे। एसपी संभल बनाए गए कृष्ण कुमार बिश्नोई अभी तक एसआइटी की अगुवाई कर रहे थे। टीम में शामिल सीओ कैंट ने गुरुवार को एक हत्यारोपित से दो घंटे पूछताछ की। शुक्रवार को भी आरोपितों को थाने बुलाया गया है।



गंगेश (फाइल फोटो)

बड़े भाई योगेश दत्त पांडेय की हत्या के मुकदमे में गवाह रहे गंगेश पांडेय की 11 मई, 2024 को गोलघर में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। परिवार के लोग जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद फलमंडी के पास सड़क जाम करके हंगामा किया। कार्रवाई के आश्वसन पर परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार किया। भागदौड़ के बाद 13 जून को कैंट थाना पुलिस ने गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर छह आरोपितों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी। फोरेंसिक रिपोर्ट में गंगेश की मृत्यु जहर से होने की पुष्टि होने के बाद परिवार आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहा है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए एसएसपी ने एसआइटी गठित की है जो अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है। गुरुवार को सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने दीपनारायण के साथ पूछताछ कर घटना वाले दिन गंगेश व स्वजन से हुई बातचीत की जानकारी ली।

**इनके विरुद्ध दर्ज है मुकदमा:** कैंट थाना पुलिस के साथ ही अधिकारी इस मामले को पहले सामान्य मृत्यु मान रहे थे। दावा किया जा रहा था कि दिल का दौरा पड़ने से गंगेश की मृत्यु हुई है। 11 मई को हुई घटना के बाद परिवार के लोग मुकदमा दर्ज कराने के लिए भागदौड़ करते रहे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 13 जून को भाभी पुष्पा पांडेय की तहरीर पर सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामदरश राय उनके बेटे राहुल राय, राहुल यादव, राहुल पांडेय, दीपनारायण पांडेय के साथ दो अधिवक्ताओं पर हत्या व साजिश का मुकदमा दर्ज हुआ। पुलिस घटना में अधिवक्ताओं के भूमिका होने से इन्कार कर रही है।

# शहर को अपराध मुक्त बनाना प्राथमिकता



नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी।

जागरण संवाददाता,गोरखपुर: नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। पत्रकारों से बातचीत कर उन्होंने बताया कि शहर को अपराध मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। पीड़ित को त्वरित व थाने में न्याय मिले ऐसी व्यवस्था बनायी जाएगी।

2019 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अभिनव त्यागी मूल रुप से आगरा जिले के रहने वाले हैं। कंप्यूटर साइंस से उन्होंने बीटेक की पढ़ाई की है। गोरखपुर से पहले वह कुशीनगर जिले में एडिशनल एसपी के पद पर तैनात थे।

## बुलेट न मिलने पर शादी से इनकार, तीन पर मुकदमा

झंगहा : शादी तय होने के बाद बुलेट की मांग पूरी न होने पर शादी से इनकार करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध झंगहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा गांव के संदीप कुमार निषाद ने अपनी बहन की शादी थाना क्षेत्र के ही ब्रह्मपुर गांव के पिपरहिया टोला निवासी राहुल से तय किया था। 24 अगस्त को लड़के पक्ष से फोन आया कि पांच लाख रुपये नकद, चेन व बुलेट चाहिए। देने में असमर्थता जताने पर शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने राहुल, उसके पिता रामानन्द व मां छाया देवी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

## पति समेत तीन के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के सोनबरसा बाबू पुलिस चौकी के मुरदेवा गांव की इन्दू देवी ने पुलिस को तहरीर देकर पति, सास व ननद के विरुद्ध मारपीट, जानमाल की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। इन्दू देवी ने पुलिस को बताया कि पति अरविन्द गोंड शराब पीने के आदी हैं। आठ सितंबर की रात 10 बजे पति, उसकी मां शीन्था देवी व बहन रीता देवी ने गाली देते हुए लाठी-डंडा से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# पुलिस की मेहरबानी से मनबढ़ बना आर्थक आर्म्स एक्ट के मुकदमे में लगी एफआर

- दो वर्ष पहले गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में किया था विवाद
- कैंट थाना पुलिस को जेब से मिला था एक कारतूस, दारोगा ने दर्ज कराया था केस

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : नर्तकियों को अगवा करने, फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले आर्थक प्रताप सिंह का मन पुलिस की मेहरबानी से बढ़ा। दो वर्ष पहले भी उसने गोरखपुर विश्वविद्यालय के हास्टल में जन्मतिथि की पार्टी में विवाद किया था। फायरिंग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आर्थक व उसके चार साथियों को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से .32 बोर का एक कारतूस मिला था।

पांच सितंबर, 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में छात्रों के दो गुट में विवाद हुआ था। फायरिंग की सूचना पर कैंट थाना पुलिस पहुंची तो मौके पर आर्थक सिंह, जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्रा, सहजनवां के सेमरा गांव में रहने वाले अमन सोलंकी, खोराबार के रामगढ़ उर्फ चंवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के रहने वाले ऋषिकेश पकड़े गए।

तलाशी लेने पर आर्थक के पास से .32 बोर का एक कारतूस मिला। पूछने पर उसने बताया कि यह कारतूस उसके पिता की लाइसेंसी पिस्टल का है। इस मामले में कैंट थाने में तैनात रहे दारोगा सुशील कुमार यादव ने आर्थक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही मुचलके पर छोड़ दिया।

एक वर्ष बाद पुलिस ने मुकदमे में साक्ष्य न मिलने की दलील देकर एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी। जिससे उसे राहत मिल गई।

## जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार है पिस्टल के साथ पकड़ाया हर्ष

कोतवाली के जगरनाथपुर में रहने वाला हर्ष सिंह भी जन्मतिथि की पार्टी में शामिल होने के लिए आर्थक के साथ कुशीनगर गया था। पुलिस के पहुंचने पर वह चकमा देकर फरार हो गया, जिसे शाहपुर थाना पुलिस ने नौ सितंबर को पादरी बाजार में वाहन चेकिंग के दौरान दो अन्य युवकों के साथ पिस्टल संग पकड़ा। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा। हर्ष जिले के एक जनप्रतिनिधि का रिश्तेदार है। दो वर्ष पहले विश्वविद्यालय छात्रावास में हुए विवाद में पुलिस ने आर्थक के साथ उसे भी पकड़ा था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

## एसएसपी ने मंगाई सभी की हिस्ट्रीशीट, चिकित्सक व मनबढ़ों ने आठ सितंबर को कुशीनगर में की थी वारदात

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जन्मतिथि की पार्टी में शामिल होने कुशीनगर गए मनबढ़ों ने नर्तकियों को अगवा कर बंधक बना उनके साथ दुष्कर्म किया था। घटना में शामिल अधिकांश आरोपित गोरखपुर जिले के रहने वाले हैं। एसएसपी ने सभी आरोपितों की हिस्ट्रीशीट खोलने का निर्देश देने के साथ ही थानेदारों से आपराधिक रिकार्ड मांगा है।

आठ सितंबर की देर रात कुशीनगर जिले के रामकोला क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इसमें शामिल आठ आरोपितों में से पांच गोरखपुर जिले के हैं। इसमें गोरखपुर जिले के बरही कोठी निवासी आर्थक सिंह, फर्टिलाइजर रोड के विवेक सेठ व नागेंद्र यादव, पिपराइच के अस्वन सिंह और नारायण नगरी के कृप तिवारी का नाम शामिल है। इनके अलावा कुशीनगर जिले में कप्तानगंज के सोहनी गांव के अजीत सिंह, रामकोला थाना के खोधरही गांव निवासी निसार अंसारी और



गाड़ी में बैठा आर्थक सिंह • सौ. इंटरनेट मीडिया

कप्तानगंज बभनौली के आदित्य भी घटना में शामिल थे। सनसनीखेज घटना में नाम सामने आने के बाद पुलिस अब इनकी हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी में जुटी है। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि घटना में शामिल आरोपितों का आपराधिक रिकार्ड जुटाया जा रहा है। एसपी सिटी को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

**प्रधान के बेटे की थी जन्मतिथि पार्टी :** कुशीनगर, कप्तानगंज क्षेत्र स्थित सोहनी गांव के प्रधान के बेटे अजीत सिंह की आठ सितंबर को जन्मतिथि थी। गोरखपुर से बरही कोठी निवासी आर्थक सिंह चार वाहनों से 12 साथियों को लेकर जन्मतिथि मनाने पहुंचा था।

वहां देर रात तक पार्टी चली। इसके बाद ये नर्तकियों को अगवा करके पार्टी में ले आए और उनके साथ हैवानियत की। विरोध करने पर फायरिंग कर दहशत फैलाई थी।

## चिकित्सक नहीं है विवेक सेठ

- आइएमए व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ का सदस्य भी नहीं
- डा.संचिता मंडल के नाम पर है नीरा हास्पिटल का पंजीकरण

गोरखपुर : कुशीनगर में नर्तकियों का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित विवेक सेठ चिकित्सक (एमबीबीएस) नहीं है। न ही उसका किसी चिकित्सक संगठन से संबंध है। वह नीरा हास्पिटल का संचालक बताया जा रहा है। सीएमओ कार्यालय में नीरा हास्पिटल का पंजीकरण भी डेंटिस्ट डा.संचिता मंडल के नाम पर है, विवेक के नाम पर नहीं।

अपने नाम के आगे डाक्टर लिखने वाले विवेक सेठ के चिकित्सक होने का कोई रिकार्ड न तो सीएमओ कार्यालय में है और न ही किसी चिकित्सक संगठन में। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए), नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन (एनएमओ) व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में इस नाम का कोई व्यक्ति सदस्य तक नहीं है। सीएमओ डा.आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि नीरा हास्पिटल का पंजीकरण डेंटिस्ट डा.संचिता मंडल के नाम पर है। हमारे कार्यालय में डा.विवेक सेठ के नाम से कोई अस्पताल पंजीकृत नहीं है। आइएमए के सचिव डा.अमित मिश्रा ने कहा कि डा.विवेक सेठ नाम का कोई व्यक्ति एसोसिएशन का सदस्य नहीं है। एनएमओ के सचिव व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक डा.अमित सिंह श्रीनेत ने भी विवेक सेठ की सदस्यता से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों संगठनों में इस नाम का कोई व्यक्ति सदस्य नहीं है।

# अयोध्या से युवती को भगाया, चौरीचौरा में केस




**MUNDERA BAZAR.** श्रीराम लल्ला की दर्शन करने अयोध्या गई एक युवती लापता हो गयी. परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर युवती को बहला फुसलाकर कर भगाने का आरोप लगाया और चौरीचौरा में केस दर्ज कराया है. पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

पुलिस को दिए तहरीर में युवती की मां ने बताया कि चार सितंबर को सभी परिवार समेत अयोध्या दर्शन करने गए थे. इसी दौरान गांव के ही युवक पर बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया. परिवार ने गुमशुदगी का प्रार्थना पत्र रामजन्मभूमि अयोध्या में भी दिया है.

## मारपीट में चार पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

**HARPUR BUDHAT:** क्षेत्र के रघुनाथपुर में पारिवारिक विवाद में जमकर मारपीट हुआ. आरोप है कि पट्टीदारों ने चार लोगो को पीट कर घायल कर दिया, पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर मामले में कार्रवाई की मांग की है, जिसके बाद चार लोगों पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है. रघुनाथपुर के रहने वाले अनुज यादव पुत्र अजय यादव का अपने चाचा से पारिवारिक विवाद है. 9 सितंबर की रात चारों ने आरोपी मिलकर कर लाठी डंडे से अजय यादव और उसके पिता, मां, बहन को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जांच की जा रही है.

## वारावफात व गणेश चतुर्थी को लेकर बैठक



**HARPUR BUDHAT:** क्षेत्र में गुरुवार को पीस कमेटी की बैठक की गई. थानाध्यक्ष विशाल सिंह की अध्यक्षता में हरपुर बुदहट थाना परिसर में बैठक किया गया, जिसमें वारावफात और गणेश चतुर्थी का त्योहार शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाए. कमेटी के पास सुरक्षा का पूरा उपाय रहना चाहिए. कमेटी के आयोजक इस बात ख्याल जरूर ध्यान रखे. किसी ने अनावश्यक माहौल खराब करने की नियत से त्यौहार में खलल डालने का प्रयास किया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, इस मौके पर चौकी इंचार्ज सोनबरसा राहुल दूबे कई लोग मौजूद रहे.

# दहेज में बुलेट न मिलने पर शादी से इनकार, तीन पर दर्ज हुआ मुकदमा

**GORAKHPUR (12 Sept):** शादी तय होने के बाद बुलेट की मांग पूरी न होने पर शादी से इनकार करने वाले तीन लोगों के विरुद्ध झंगहा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है. थाना क्षेत्र के मोतीराम अड्डा गांव के संदीप कुमार निषाद ने अपनी बहन की शादी थाना क्षेत्र के ही ब्रह्मपुर गांव के पिपरहिया टोला निवासी राहुल से तय किया था. 24 अगस्त को लड़के पक्ष से फोन आया कि पांच लाख रुपये नकद, चेन व बुलेट चाहिए, देने में असमर्थता जताने पर शादी से इनकार कर दिया. पुलिस ने राहुल, उसके पिता रामानन्द व मां छाया देवी पर केस दर्ज किया है.

# नए एसपी सिटी संभालेंगे एसआइटी की कमान

**गंगेश हत्याकांड**

**फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद चार सितंबर को एसएसपी ने किया एसआइटी का गठन**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 Sept):** गंगेश हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने के लिए गठित हुई एसआइटी (स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम) की कमान अब नए एसपी सिटी संभालेंगे. एसपी संभल बनाए गए कृष्ण कुमार बिश्नोई अभी तक एसआइटी की अगुवाई कर रहे थे. टीम में शामिल सीओ कैंट ने गुरुवार को एक हत्यारोपित से दो घंटे पूछताछ की. शुक्रवार को भी आरोपितों को कैंट थाने बुलाया गया है.

बड़े भाई योगेश दत्त पांडेय की हत्या के मुकदमे में गवाह रहे गंगेश पांडेय की 11 मई, 2024 को गोलघर में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई. परिवार के लोग जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे. पोस्टमार्टम के बाद फलमंडी के पास सड़क जाम करके हंगामा किया. कार्रवाई के आश्वसन पर परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार किया. भागदौड़ के बाद 13 जून को कैंट थाना पुलिस ने गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर छह आरोपितों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया. सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी. फोरेंसिक रिपोर्ट में गंगेश की मृत्यु जहर से होने की पुष्टि होने के बाद परिवार आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहा है. इस गुत्थी को सुलझाने के लिए एसएसपी ने एसआइटी गठित की है जो अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है. गुरुवार को सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने दीपनारायण पांडेय के साथ पूछताछ कर घटना वाले दिन गंगेश व उसके स्वजन से हुई बातचीत की



जानकारी ली.

## इनके विरुद्ध दर्ज है मुकदमा

कैंट थाना पुलिस के साथ ही अधिकारी इस मामले को पहले सामान्य मृत्यु मान रहे थे. दावा किया जा रहा था कि दिल का दौरा पड़ने से गंगेश की मृत्यु हुई है. 11 मई को हुई घटना के बाद परिवार के लोग मुकदमा दर्ज कराने के लिए भागदौड़ करते रहे लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. 13 जून को भाभी पुष्पा पांडेय की तहरीर पर सेवानिवृत्त प्रोफेसर रामदरश राय उनके बेटे राहुल राय, राहुल यादव, राहुल पांडेय, दीपनारायण पांडेय के साथ दो अधिवक्ताओं पर हत्या व साजिश का मुकदमा दर्ज हुआ. अब तक की छानबीन में पुलिस घटना में अधिवक्ताओं के भूमिका होने से इन्कार कर रही है.

### बनाया था बंधक

आठ सितंबर को कप्तानगंज सोहनी गांव के प्रधान के बेटे अजीत सिंह का बर्थडे था. गोरखपुर से बरही कोठी निवासी आर्यक सिंह चार लक्जरी गाड़ियों से अपने करीब 12 साथियों के साथ बर्थडे मनाने पहुंचा था. सोहनी गांव में प्रधान के घर में देर रात तक शराब की पार्टी चली. इसके बाद वे गोलियां बरसाकर नर्तकियों को बंधक बनाकर लाए थे.

### असलहों की जानकारी

पुलिस आरोपियों के पास के से मिले लाइसेंसी असलहों की भी जानकारी जुटा रही है. इसके साथ ही उनके घर के सदस्यों के नाम से कितने असलहे हैं, इसकी जानकारी भी जुटा रही है. पुलिस बहुत जल्द लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीएम को पत्र भेजेगी. लाइसेंस निरस्त कराने के लिए कुशीनगर और गोरखपुर पुलिस जुट गई है.

**कुशीनगर की घटना में गोरखपुर के आरोपितों का नाम सामने आया है. उनकी क्रिमिनल हिस्ट्री थानों से मंगाई जा रही है. इनकी हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी.**

डॉ. गौरव ग्रोवर,
एसएसपी

# नर्तकियों से गैंगरेप: सात दिन में पुलिस ने पेश की चार्जशीट

**आरोपितों को जमानत से पहले कोर्ट में शुरू होगा ट्रायल**



**16 जुलाई की वारदात, नर्तकियां बोलीं, सजा के बाद ही लौटेंगी घर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 Sept):** एकला बंधे पर 16 जुलाई की देर रात दो नर्तकियों को बंधक बनाकर गैंगरेप की वारदात हुई थी. मामले में पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक सूरज की तहरीर पर पांच आरोपितों पर केस दर्ज किया था. सूरज ने बताया कि दोनों नर्तकियां आहत हैं, वे घर भी नहीं गई हैं. दोनों का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी हाल में आरोपी जेल से छूटने न पाएं और उन्हें वहां रहते हुए ही सजा कराई जाए.

मामले में पुलिस ने भी एक सप्ताह के अंदर 25 जुलाई को केस की चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में दाखिल कर दी है. बहुत जल्द इस केस का कोर्ट में ट्रायल शुरू हो जाएगा. आरोपितो को अब जमानत मिलनी भी मुश्किल है. आरोपितों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी की गई है.

### गोला की आर्केस्ट्रा पार्टी

दोनों युवतियां गोला क्षेत्र की एक आर्केस्ट्रा पार्टी में नर्तकी हैं. 16 जुलाई की देर रात कुशीनगर से एक समारोह में प्रोग्राम करके आर्केस्टा संचालक के साथ बाइक पर बैठकर दोनों युवतियां वापस लौट रही थीं. रात 11 बजे एकला बंधे पर तीन बाइक से पांच युवक आकर गाड़ी रोक दिए. बाइक पर बैठी दोनों युवतियों जबरदस्ती खींच लिए और उन्हें अपने साथ खेत में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. सूरज की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पीड़िताओं को अस्पताल पहुंचाया. बुधवार की सुबह 9.30 बजे एकला बंधे पर बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ में एक आरोपी नीरज जायसवाल के पैर में गोली लगी है. पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ लिया. जिनकी पहचान एकला बाजार निवासी नीरज जायसवाल, कल्लू और जय निषाद के रूप में हुई.

**सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक सप्ताह के अंदर ही चार्जशीट दाखिल कर दी गई थी. इस केस की पैरवी कर आरोपितों को जल्द सजा दिलाई जाएगी.**

जितेंद्र श्रीवास्तव,
एसपी उत्तरी

**CONCERN**

**एसएसपी ने सभी आरोपियों की कुशीनगर और गोरखपुर के थानों से मंगाई क्राइम हिस्ट्री**

# रेप के आरोपितों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 Sept):** कुशीनगर जिले में नर्तकियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की घटना में शामिल आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी. एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को सभी आरोपियों पर कार्रवाई के लिए कुशीनगर और गोरखपुर के थानों से क्राइम हिस्ट्री मंगाने का एसपी सिटी अभिनव त्यागी को निर्देश दिया है. गुरुवार को चार्ज संभालते ही एसपी सिटी ने निर्देशानुसार कार्रवाई के लिए आरोपियों का विस्तृत ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया.

### आठ को वारदात

कुशीनगर में आठ सितंबर की देर रात सामूहिक दुष्कर्म की घटना में हुई थी. इसमे शामिल आठ आरोपियों में से पांच गोरखपुर जिले के हैं. इसमे गोरखपुर जिले के बरही कोठी निवासी आर्यक सिंह, फर्टिलाइजर रोड के डॉ. विवेक सेठ व नागेंद्र यादव, पिपराइच के अस्वन सिंह और नारायण नगरी के कृष तिवारी का नाम शामिल है. इनके अलावा तीन कुशीनगर जिले कप्तानगंज सोहनी गांव के अजीत सिंह, रामकोला थाना के धोधरही गांव निवासी निसार अंसारी और कप्तानगंज बभनौली के आदित्य का नाम शामिल है. इन सभी आठों आरोपियों की कुंडली खंगाली जा रही है. पुलिस अब इनकी हिस्ट्रीशीट खोलेगी.



# नवागत एसपी सिटी ने आरोपित से की पूछताछ

## गंगेश हत्याकांड

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गंगेश के मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए गठित हुई एसआईटी की कमान अब नए एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने संभाल ली है। इससे पहले एसपी संभल बनाए गए कृष्ण कुमार बिश्नोई एसआईटी की अगुवाई कर रहे थे। टीम में शामिल सीओ कैंट ने गुरुवार को एक हत्यारोपित से दो घंटे पूछताछ की। शुक्रवार को भी आरोपितों को कैंट थाने बुलाया गया है।

बड़े भाई योगेश दत्त पांडेय की हत्या के मुकदमे में गवाह रहे गंगेश पांडेय की 11 मई 2024 को गोलघर में संदिग्ध परिस्थिति में मृत्यु हो गई। परिवार के लोग जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे। पोस्टमार्टम के बाद फलमंडी के पास सड़क जाम करके हंगामा किया। कार्रवाई के आश्वसन पर परिवार के लोगों ने अंतिम संस्कार किया। भागदौड़ के बाद 13 जून कैंट थाना पुलिस ने गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर छह आरोपितों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी।

# तीन युवकों पर चिकित्सक से रंगदारी मांगने का केस

गोलाबाजार, हिन्दुस्तान संवाद। उपनगर गोला स्थित एक निजी अस्पताल संचालक व उनकी पत्नी महिला चिकित्सिक की तहरीर पर गोला पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के तीन युवकों पर रंगदारी मांगने सहित अन्य धाराओं में बुधवार की देर रात मुकदमा दर्ज किया है।

महिला चिकित्सक ने अपने तहरीर में लिखा है कि तीनों युवक पहले जबरन 15000 हजार रंगदारी ले चुके हैं। यही तीनों बुधवार करीब 11 बजे पहुंचे और पति व मेरे साथ अभद्रता करते हुए रंगदारी मांगने लगे। पैसा न देने पर मारपीट करते हुए फाटक को तोड़कर घर में घुस गए और विडीओ बनाने लगे और अस्पताल को सीज कराने की धमकी दी। मनबढ़ों ने काउंटर से जबरदस्ती पांच हजार रुपये भी निकाल लिए, रोकने पर मारापीटा। शोर मचाने पर अगल-बगल के लोग आए तो मनबढ़ भाग गए। थाना प्रभारी गोला मधुप नाथ मिश्र ने बताया कि तीनों की पहले से शिकायत मिल रही थी। तहरीर के मुताबिक आरोपियों पर बीएनएस की धारा 115(2), 351(2) व (3), 74, 308, 352, 333, 308(5) व (4) में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### रुस्तमपुर इलाके में पशुओं को पकड़ते कैमरे में कैद हुए तस्कर

# पशु तस्करों की शहर में फिर दस्तक, पुलिस अलर्ट

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। पशु तस्करों ने आधी रात को एक बार फिर शहर में आमद शुरू कर दी है। वे बोलेरो से घूमकर उस इलाके की रेकी कर रहे हैं जहां पशु इकट्ठा हो रहे हैं। फिर उसे पिकअप से लादकर उठा ले जा रहे हैं। बुधवार की रात में बारिश के बीच रुस्तमपुर डाले से फलमंडी वाले रोड पर एक धार्मिक स्थल से पहले पशुओं को पकड़ते हुए पशु तस्करों का वीडियो कैमरे में कैद हुआ। जहां यह घटना हुई वहां से चौकी महज 200 मीटर की दूरी पर बताई जा रही है। फिलहाल पशु तस्करों के आमद से पुलिस एक बार फिर अलर्ट हो गई है। एसएसपी ने तस्करों पर कार्रवाई के लिए रात में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है।

दरअसल, पशु तस्करों के साथ कुछ महीने पहले हुए मुठभेड़ से जिले में इस घटना में कुछ कमी आई थी लेकिन जैसे ही पुलिस ढीली हुई एक बार फिर तस्करों ने आधी रात को शहर में घुसपैठ शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले चौरीचौरा इलाके में मुठभेड़ में तस्कर पकड़े भी गए थे हालांकि उसके बाद भी शहर के अलग-अलग हिस्सों घूम कर सड़क पर घूम रहे पशुओं को पिकअप व अन्य वाहन में लाद कर उठा ले जा रहे हैं। बुधवार की रात सामने आई वीडियो में बोलेरो से पशु तस्कर उतरते हैं और पशुओं को घेर कर वहां ले जाते हैं जहां उनके पिकअप व अन्य वाहन पहले से खड़े हैं।



रुस्तमपुर में मवेशियों को पकड़ने के लिए बोलेरो से पहुंचे थे तस्कर।



बुधवार की रात में रुस्तमपुर इलाके में पशुओं को दौड़ाते थे तस्कर।

> पशु तस्करों के शहर में आने की सूचना मिली है। उन कठोर कार्रवाई के लिए पुलिस पूरी तरह से सक्रिय है। आधी रात को अफसर भी सड़कों पर भ्रमण कर उन सभी रास्तों पर मुस्तैदी करा रहे हैं जहां से तस्करों के आने-जाने की जानकारी है। पूर्व में जिन तस्करों का नाम आया है उनकी हिस्ट्रीशीट खुलवाई जा रही है। जिले के बाहर के रहने वाले तस्करों पर कार्रवाई के लिए उनके जिले को पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है।
> - डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

**सबसे ज्यादा कुशीनगर के पशु तस्कर :** गोरखपुर से पशुओं को उठाने वाले पशु तस्करों की संख्या सबसे ज्यादा कुशीनगर जिले की है। गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र के थानों में 69 पशु तस्करों पर केस दर्ज किया गया जिसमें सिर्फ दस गोरखपुर जिले के और 59 अन्य जिलों के तस्करों का नाम सामने आया है। इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी है। इनका पूरा रिकॉर्ड जुटा कर उनके थानों को हिस्ट्रीशीट खोलने को चिट्ठी लिखी जा रही है।

# थाने से भागा चोर, लोगों ने पकड़वाया

पीपीगंज, हिन्दुस्तान संवाद। थाना क्षेत्र के एक गांव से चोरी के तीन मोबाइल साथ एक युवक को पकड़ कर पीपीगंज पुलिस गुरुवार की दोपहर थाने ले आई। शाम को करीब पांच बजे वह थाने से भाग गया। पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस चोर का पीछा करते हुए मखनहा गांव पहुंची जहां चोर एक खेत में छिपा था ग्रामीणों की मदद से धान के खेत से उसे पकड़ कर थाने ले आई।

पीपीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर गांव का रहने वाला युवक मोबाइल चोरी के आरोप में पकड़ा गया। पुलिस ने थाने ले आई। जहां वह मौका देखकर शाम करीब पांच बजे फरार हो गया।

हालांकि पीपीगंज थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि चोर थाने से नहीं भागा है । उसे पकड़ने पुलिस गांव में गई थी, वह घर से भाग कर खेत में छिप गया था। लेकिन पकड़ लिया गया । उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# बड़े वाहन यातायात को कर रहे प्रभावित, घंटों जाम से जूझ रहे लोग



**RAMAVAPUR/JAGDISPUR :** क्षेत्र के कुसम्ही बाजार में बड़े वाहन हर रोज यातायात को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं. बुधवार को भी इसका नजारा देखने को मिला. क्षेत्र के कृष्ण मुरारी शुक्ला, शिवाकांत तिवारी समेत कई लोगो ने बताया कि जब भी बड़े वाहनों का पिपराइच रोड पर आवागमन होता है तो जाम की समस्या बढ़ जाती है, लोग घंटों जाम से जूझते नजर आते हैं. वहीं, ड्यूटी में लगे यातायात सिपाही और गार्ड भी परेशान हो जाते हैं. लोगों का कहना है कि यदि बड़े वाहनों का आवागमन रोक दिया जाए तो जाम की समस्या दूर हो जाएगी.

# शहर को क्राइम मुक्त बनाना प्राथमिकता में:एसपी सिटी

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने गुरुवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शहर को क्राइम मुक्त बनाना अपनी पहली प्राथमिकता बताई।



नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने गुरुवार को कार्यभार संभाल लिया।

उन्होंने कहा कि कानून व्यव्यस्था को दुरुस्त करने के साथ ही आने वाले त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आम जनता की समस्या को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण किया जाएगा। इससे पब्लिक का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़े। हर छोटे-छोटे विवादों को गंभीरता से लेते उस पर तत्काल एक्शन लें, ताकि किसी भी बड़ी घटना को होने से पहले ही रोका जा सके।

एसपी सिटी ने कहा कि कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए शहर के सभी व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, और बुद्धिजीवी वर्गों के लोगों के साथ तालमेल बैठाकर काम किया जाएगा। कुशीनगर में एएसपी पद पर तैनात रहे अभिनव त्यागी 2019 बैच केआईपीएस अधिकारी हैं और आगरा के मूल निवासी हैं। उन्होंने कम्प्यूटर साइंस से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर आईपीएस अधिकारी बने।

कुशीनगर में नर्तकियों को बंधक बनाकर गैंगरेप की घटना में आठ आरोपितों में पांच गोरखपुर जिले के

# गोरखपुर के आरोपितों की खुलेगी हिस्ट्रीशीट

हि फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर में नर्तकियों को बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की घटना में शामिल रहे गोरखपुर के आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने गुरुवार को सभी आरोपियों पर कार्रवाई को कुशीनगर और गोरखपुर के थानों से क्राइम हिस्ट्री मंगाने का एसपी सिटी अभिनव त्यागी को निर्देश दिया है। गुरुवार को चार्ज संभालते ही एसपी सिटी ने कार्रवाई के लिए आरोपियों का ब्योरा जुटाना शुरू कर दिया है।

कुशीनगर जिले में आठ सितंबर की देर रात सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इसमे शामिल आठ आरोपियों में से पांच गोरखपुर जिले के हैं। इसमे गोरखपुर जिले के बरही कोठी निवासी आर्थक सिंह, फर्टिलाइजर रोड के कथित डॉक्टर विवेक सेठ व नागेंद्र यादव, पिपराइच के अश्विन सिंह और नारायण नगरी के कृष तिवारी का नाम शामिल है। तीन कुशीनगर के सोहनी गांव के अजीत सिंह, रामकोला थाना के धोघरही गांव निवासी निसार अंसारी और कप्तानगंज बभनौली के आदित्य का नाम शामिल हैं। इन आठों आरोपियों की कुंडली खंगाली जा रही है।

गोरखपुर के आरोपितों की हिस्ट्रीशीट उनके गृह थाने में खोली जाएगी। वहीं कुशीनगर पुलिस अपनी कार्रवाई करेगी। यही नहीं, चेकिंग के दौरान पकड़े गए तीन आरोपितों की भी क्राइम हिस्ट्री तलाशी जा रही है। पता चला है कि यह भी उसी पार्टी से लौट रहे थे। पुलिस इनकी भी हिस्ट्रीशीट खोलेगी।

आठ सितंबर को कप्तानगंज सोहनी गांव के प्रधान के बेटे अजीत सिंह का बर्थडे था। गोरखपुर से बरही कोठी निवासी आर्थक सिंह अपने करीब 12 साथियों के साथ चार लग्जरी गाड़ियों से बर्थडे मनाने पहुंचा था। सोहनी गांव में प्रधान के घर शराब की पार्टी चली। इसके बाद वे गोलियां बरसाकर नर्तकियों को बंधक बनाकर लाए थे। पुलिस ने आरोपियों के पास मिले लाइसेंसी असलहों की जानकारी जुटा रही है। पुलिस जल्द लाइसेंस निरस्त करने को डीएम को पत्र भेजेगी। वहीं एक आरोपित के पास कार्बाइन की भी जांच जारी है।



- पार्टी में शामिल तीन युवकों को पिस्टल-कारतूस के साथ पकड़ा था गोरखपुर पुलिस ने
- कुशीनगर के साथ ही गोरखपुर के थानों से तलाशी जा रही है उन सभी की क्राइम हिस्ट्री

> कुशीनगर की घटना में शामिल गोरखपुर के आरोपियों की क्राइम हिस्ट्री निकाली जा रही है। क्राइम रिकॉर्ड मिलने के बाद उनके गृह थानों में इन सभी की आरोपियों की हिस्ट्रीशीट खोली जाएगी।
> – डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# खुद को डॉक्टर बता लोगों पर रौब झाड़ता था विवेक

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। झुंगिया स्थित नीरा हॉस्पिटल का विवेक सेठ नहीं बल्कि उसकी पत्नी व एक एमबीबीएस डॉक्टर के नाम पर पंजीकरण है। पत्नी के नाम पर खुद को डॉक्टर बताकर समाज में विवेक सेठ रौब बनाता है। कुशीनगर में नर्तकियों के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी बनने के बाद विवेक की एक-एक करके अब पोल खुल रही है।

सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली है कि वर्ष 2022 में विवेक सेठ ने खुद को डॉक्टर बताकर नीरा हॉस्पिटल के पंजीकरण का आवेदन सीएमओ ऑफिस में किया था। उससे डिग्री मांगी गई तो वह नहीं दे पाया। बाद में उसने संचालिका के रूप में पत्नी की बीडीएस की डिग्री और एक एमबीबीएस डॉक्टर की डिग्री लगाकर पंजीकरण कराया था। तब सीएमओ ऑफिस के कर्मचारियों को भी उसकी इस करतूत पर हैरानी हुई थी। सामूहिक दुष्कर्म में नाम आने के बाद अब सभी उसके खिलाफ खुलकर बोल रहे हैं।

सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे का कहना है कि इस प्रकरण के चर्चा में आने के बाद हॉस्पिटल की छानबीन कराई गई। विवेक सेठ इसमे कोई पदाधिकारी नहीं हैं। उसकी पत्नी अस्पताल की संचालक हैं। कोई शिकायत मिलेगी तो जांच कराई जाएगी।

## विवेक सेठ से चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किया किनारा

गोरखपुर। कुशीनगर के नर्तकियों से गैंगरेप के मामले में गिरफ्तार कथित डॉक्टर विवेक सेठ से चिकित्सा प्रकोष्ठ ने किनारा कर लिया है। चिकित्सा प्रकोष्ठ ने विवेक सेठ को सभी पदों से हटा दिया है। इतना ही नहीं उसकी प्राथमिक सदस्यता को भी खत्म किया जा रहा है। बताया जाता है कि सत्ताधारी दल के चिकित्सा प्रकोष्ठ में कथित डॉक्टर विवेक सेठ की एंट्री करीब पांच साल पहले हुई थी। उसकी सक्रियता को देखते हुए महानगर चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक का दायित्व भी दिया गया था। हालिया मामला सामने आने के बाद चिकित्सा प्रकोष्ठ के वर्तमान पदाधिकारी बैकफुट पर आ गए हैं। चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक डॉ. वाई सिंह ने स्पष्ट तौर पर कहा कि कथित डॉ. विवेक अब चिकित्सा प्रकोष्ठ का पदाधिकारी नहीं है। दो साल पूर्व कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया था, जिसमें उसे पदाधिकारी के दायित्व से हटा दिया गया था।

# पशुओं को पकड़ते कैमरे में कैद हुए पशु तस्कर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 Sept):** पुलिस की घेराबंदी तोड़कर पशु तस्कर शहर में घूम रहे हैं. बुधवार की रात रुस्तमपुर मोहल्ले में पुलिस चौकी के पास बोलेरो से पहुंचे तस्कर छुट्टा पशुओं को पकड़ते हुए सीसी कैमरे में कैद हुए. घटना के बाद से मोहल्ले के लोग दहशत में हैं. एसएसपी ने थानेदारों को चौकसी बरतने के साथ ही रात में पिकेट लगाकर सघन चेकिंग करने का निर्देश दिया है.

## 200 मीटर पर पुलिस चौकी

बुधवार की रात में बारिश के बीच रुस्तमपुर ढाले से फलमंडी वाली रोड पर धार्मिक स्थल से पहले पशुओं को पकड़ते तस्करों का वीडियो कैमरे में कैद हुआ. जहां यह घटना हुई वहां से चौकी महज 200 मीटर की दूरी पर है. फिलहाल पशु तस्करों की आमद से पुलिस एक बार फिर अलर्ट है. इससे पहले पांच अगस्त को चंपा देवी पार्क के पास बोलेरो से पांच की संख्या में पहुंचे तस्कर एक गाय का पीछा करते हुए सीसी कैमरे में कैद हुए थे.



## चेकिंग का निर्देश

घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधिकारियों ने थानेदारों के साथ बैठक कर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर पिकेट लगाकर चेकिंग करने का निर्देश दिया था. पुलिस की चौकसी कम होते ही तस्कर फिर से शहर में आने लगे हैं.

> **पशु तस्करों पर कार्रवाई के लिए पुलिस सक्रिय है. रुस्तमपुर की घटना का वीडियो सामने आने के बाद रामगढ़ताल थाना पुलिस ने अज्ञात तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है. पूर्व में जिन तस्करों के नाम आए हैं उनकी हिस्ट्रीशीट खोलवाई जा रही है. रात में पिकेट लगाकर चेकिंग हो रही है. बाहर के रहने वाले तस्करों पर कार्रवाई के लिए उस जिले को पुलिस अधिकारियों को पत्र लिखा जा रहा है.**
> **डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

# ओवर स्पीड में 30 वाहनों का चालान

गोरखपुर। शहर के भीतर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ट्रैफिक पुलिस का अभियान जारी है। गुरुवार को टीपी नगर रोड पर पुलिस टीम ने ठेले और खोमचों वाले को हटवाया।

इस दौरान नो पार्किंग में खड़े 59 वाहनों का चालान काटा। शराब पीकर वाहन चलाने में तीन लोग पकड़े गए। आईटीएमएस की मदद से पुलिस ने तेज रफ्तार 30 वाहनों का चालान किया। दिनभर की चेकिंग में पुलिस ने 477 वाहनों का चालान करके 44500 रुपये का जुर्माना वसूल किया।

# जाली नोट भी छापता था बिहार का गिरोह

**फॉलोअप**



- रिमांड पर लिए गए नवाब आरजू की निशानदेही पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप बरामद
- गोरखपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी से मिला जाली नोट और सामान
- एटीएस ने एक सितंबर को गोरखपुर में स्टेशन रोड से पकड़ा था

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** बिहार के सिवान जिले का रहने वाला नवाब गिरोह स्टाम्प के साथ ही जाली नोट भी छापता था। रिमांड पर लिए गए गिरोह के मास्टर माइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर पुलिस ने 200 के चार जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप बरामद किए हैं। पूछताछ व जांच में पता चला कि फिरोजाबाद के रहने वाले अर्पित जैन के जरिए नवाब आरजू उसके पिता व भांजे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गिरोह का विस्तार किया था। जांच में मिली जानकारी के आधार पर कैंट पुलिस के साथ ही एटीएस ने अर्पित को गिरफ्तार करने का प्रयास तेज कर दिया है।

यूपी एटीएस ने फर्जी स्टांप छापकर बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी राजू यादव को एक सितंबर की सुबह रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया था। बिहार के सिवान जिले के रहने वाले आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। दोनों के कब्जे से 6.72 लाख रुपये के फर्जी स्टाम्प व 72 हजार रुपये के डाक टिकट, तीन मोबाइल फोन व क्रेटा गाड़ी मिली। पूछताछ में पता चला था कि नवाब आरजू जाली नोट भी छापता था है लेकिन उसके कब्जे से कुछ नहीं मिला।

एटीएस के निरीक्षक विजय प्रताप सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया। इस मुकदमे की विवेचना कर रहे कैंट थाने के एसएसआई ने आरोपित की कस्टडी रिमांड के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी। जिस पर विचार करते हुए मजिस्ट्रेट ने बुधवार को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। कैंट पुलिस ने पूछताछ की तो उसने बताया कि सिवान के मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा है। जिसे पत्नी के जरिए उसने गोरखपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास फेंकवा दिया। नवाब आरजू को लेकर पुलिस गेट नंबर सात के पास पहुंची तो झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट मिले। पूछताछ के बाद रात आठ बजे कैंट थाना पुलिस ने नवाब आरजू को जिला कारागार में दाखिल कर दिया।

# गैंग रेप के आरोपी को बचाने के लिए प्रधान ने दिया था रुपये का प्रलोभन

**फॉलोअप**

- एकला बंधे से पंजाब की नर्तकियों का अपहरण कर हुआ था गैंगरेप
- सजा दिलाने तक यहीं पर डटीं हैं नर्तकियां, रुपये लेने से किया इनकार

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गीडा के एकला बंधे पर दुष्कर्म की शिकार पंजाब की नर्तकियों को एक प्रधान ने पैसे का प्रलोभन दिया था। प्रधान ने एक आरोपी को बचाने के लिए नर्तकियों तक पैसे की डिमांड पहुंचाई थी। नर्तकियों ने कहा था कि उन्हें कोई पैसा नहीं चाहिए, वे किसी भी हाल में आरोपियों को सजा कराकर ही घर वापस जाएंगी।

एकला बंधे पर 16 जुलाई की देर रात दोनों नर्तकियों को बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आर्केस्ट्रा संचालक की तहरीर पर पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया था। सूरज ने बताया कि दोनों नर्तकियां घटना से बेहद आहत हैं, वे घर भी नहीं गई हैं। नर्तकियों का एक ही उद्देश्य है कि किसी भी हाल में आरोपी जेल से छूटने न पाए और उन्हें वहां रहते हुए ही सजा कराई जाए।

दोनों युवतियां गोला क्षेत्र की एक आर्केस्ट्रा पार्टी में नर्तकी हैं। 16 जुलाई की देर रात कुशीनगर से एक समारोह में प्रोग्राम करके आर्केस्ट्रा संचालक के साथ बाइक पर बैठकर वापस लौट रही थीं। रात 11 बजे एकला बंधे पर तीन बाइक से पांच युवक आकर गाड़ी रोक दिए। बाइक पर बैठी दोनों युवतियों को खींच लिए और उन्हें अपने साथ ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

सूरज की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पुलिस की मुठभेड़ में एक आरोपी नीरज जायसवाल के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ लिया। जिनकी पहचान एकला बाजार निवासी नीरज जायसवाल, कल्लू और जय निषाद के रूप में हुई।

# शादी के बाद भी छेड़ता है प्रेमी, विरोध करने पर करता है ब्लैकमेल

सरदार नगर। चौरीचौरा क्षेत्र की एक विवाहिता ने पूर्व प्रेमी पर छेड़छाड़ और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर गहिरा निवासी गोपी पर केस दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

महिला ने तहरीर में लिखा है कि गहिरा के रहने वाले गोपी के साथ विवाह के पूर्व प्रेम संबंध था। विवाह के दो वर्ष बीतने के बाद भी गोपी उसे जहां देखता है, वहीं छेड़खानी करता है। हाथ पकड़ लेता है और शोर मचाने पर धमकी देता है। घूम-घूमकर कहता है कि संबंध नहीं रखोगी तो फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दूंगा। वह पति को भी वीडियो भेजने की धमकी देता है। ब्यूरो

# थाने से भागा मोबाइल चोरी का आरोपी, खेत में छिपा मिला

पीपीगंज। स्थानीय थाने से बृहस्पतिवार को एक मोबाइल चोरी का आरोपी भाग गया। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस परेशान हो गई। उसका पीछा करते हुए पुलिस मखनहा गांव पहुंची, जहां वह खेत में छिपा था। उसे पकड़ने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार, पीपीगंज के रायपुर गांव निवासी आदित्य सहानी को मोबाइल चोरी के आरोप में पुलिस उसके घर से पकड़कर लाई थी।

थाने से वह मौका देखकर शाम करीब पांच बजे फरार हो गया। इसके बाद पीपीगंज पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस ने बताया कि आरोपी को तलाशते टीम खेत में गई तो वहां छिपकर बैठा मिल गया। कानूनी कार्रवाई कर उसे जेल भेजवाया जाएगा। ब्यूरो

# गंगेश हत्याकांड : आरोपी से दो घंटे हुई पूछताछ

## नए एसपी सिटी अब संभालेंगे एसआईटी की कमान

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। गंगेश हत्याकांड की जांच के लिए बनी एसआईटी (स्पेशल इनवेस्टिगेशन टीम) की कमान अब नए एसपी सिटी संभालेंगे। एसपी संभल बनाए गए कृष्ण कुमार बिश्नोई अभी तक एसआईटी की अगुवाई कर रहे थे।

बृहस्पतिवार को सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने दीपनारायण पांडेय से पूछताछ कर घटना वाले दिन गंगेश व उसके परिजन से हुई बातचीत की जानकारी ली। शुक्रवार को भी आरोपियों को कैंट थाने बुलाया गया है।

बड़े भाई की हत्या के केस में गवाह रहे गंगेश पांडेय की 11 मई 2024 को गोलघर गणेश चौक पर संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। परिवार के लोग जहर देकर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे।

### शुक्रवार को भी आरोपियों से होगी पूछताछ

भागदौड़ के बाद 13 जून कैंट थाना पुलिस ने गंगेश की भाभी पुष्पा की तहरीर पर छह आरोपियों के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया। सीसी कैमरा फुटेज व सर्विलांस की मदद से छानबीन कर रही पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही थी। तभी फोरेंसिक रिपोर्ट में गंगेश की मृत्यु जहर से होने की पुष्टि होने के बाद परिवार आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगा। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए एसएसपी ने एसआईटी गठित की है जो अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची है।



गंगेश पांडेय (फाइल फोटो)

# अपहरण में खलीलाबाद के युवक पर केस

हरपुर बुदहट। क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के अपहरण मामले में हरपुर पुलिस ने खलीलाबाद के एक युवक पर बुधवार को नाबालिग के अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने जनसुनवाई में तहरीर दिया था कि बीते शनिवार को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की को खलीलाबाद भेली मंडी के बेलदारी टोला का रहने वाला अंकुश पुत्र चंद्रशेखर भगा ले गया था। इसके बाद पुलिस ने अंकुश पर केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ब्यूरो

# शहर में सक्रिय हुए पशु तस्कर, गश्त बढ़ी

## रुस्तमपुर में पशुओं को पकड़ते सीसीटीवी कैमरे में हुए कैद तस्कर

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। जिले में पशु तस्कर एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं। वे गाड़ियों से घूम कर रेकी कर रहे हैं, जहां पशु इकट्ठा हो रहे हैं, वहां पिकअप से जाकर जानवरों को उठा ले जा रहे हैं।

बुधवार की रात में बारिश के बीच रुस्तमपुर ढाले से फलमंडी वाले रोड पर एक धार्मिक स्थल से पहले पशुओं को पकड़ने पशु तस्करों का वीडियो कैमरे में कैद हुआ। जहां यह घटना हुई वहां से चौकी महज 200 मीटर की दूरी पर बताई जा रही है। फिलहाल पशु तस्करों के आमद से पुलिस अलर्ट हो गई है। एसएसपी ने तस्करों पर कार्रवाई के लिए रात में गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया है।

पशु तस्करों के शहर में आने की सूचना मिली है। उन कठोर कार्रवाई के लिए पुलिस सक्रिय है आधी रात को अफसर भी सड़कों पर भ्रमण कर उन सभी रास्तों पर मुस्तैदी करा रहे हैं, जहां से तस्करों के आने-जाने की जानकारी है। पूर्व में जिन तस्करों का नाम आया है उनकी हिस्ट्रीशीट खोलवाई जा रही है।
– डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

पशु तस्करों के साथ कुछ महीने पहले हुए मुठभेड़ से जिले में इस घटना में कुछ कमी आई थी, लेकिन जैसे ही पुलिस ढीली हुई एक बार फिर तस्करों ने आधी रात को शहर में घुसपैठ शुरू कर दी है। कुछ दिन पहले चौरीचौरा इलाके में मुठभेड़ में तस्कर पकड़े भी गए थे। उसके बाद भी शहर के अलग-अलग हिस्सों घूम कर सड़क पर घूम रहे पशुओं को लाद कर उठा ले जा रहे हैं।

### खोली जाएगी हिस्ट्रीशीट

गोरखपुर से पशुओं को उठाने वाले पशु तस्करों की संख्या सबसे ज्यादा कुशीनगर जिले से है। गोरखपुर के उत्तरी क्षेत्र के थानों में 69 पशु तस्करों पर केस दर्ज किया गया, जिसमें सिर्फ दस गोरखपुर जिले के और 59 अन्य जिलों के तस्करों का नाम सामने आया है। फिलहाल इन सभी की हिस्ट्रीशीट खोलने की तैयारी है। इनका पूरा रिकॉर्ड जुटा कर उनके जिले के थानों को हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए चिट्ठी लिखी जा रही है।

# मां-बेटी को पीटकर किया घायल, मुकदमा दर्ज

हरपुर बुदहट। रघुनाथपुर गांव की अनिता देवी ने हरपुर बुदहट थाने में पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते बुधवार को वह अपनी बेटी ज्योति यादव के साथ जा रही थीं, तभी पुरानी रंजिश में गांव के अजय यादव, अनुज यादव, अरविंद यादव व अरुण यादव ने पीटकर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजवाया। ब्यूरो

# युवती के अपहरण का केस दर्ज

सरदार नगर। एक गांव की महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सात दिन पूर्व सपरिवार अयोध्या दर्शन-पूजन करने गई थी। उसी समय गांव का एक युवक उनकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपी का कई लड़कियों से नाजायज संबंध है और उनकी पुत्री का भी अपहरण कर लिया है। उसके साथ कुछ अनहोनी की घटना हो सकती है। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। ब्यूरो

# रिमांड पर आए नवाब ने खोले राज
# बिहार में जाली नोट भी छापता है गिरोह

अमर उजाला ब्यूरो

## एटीएस ने एक सितंबर को साथी संग गोरखपुर स्टेशन रोड से किया था गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बिहार के सिवान जिले का गिरोह स्टांप के साथ ही जाली नोट भी छापता था। बुधवार को रिमांड पर लिए गए गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर पुलिस ने 200 के चार जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप बरामद किए। पूछताछ व जांच में पता चला कि फिरोजाबाद के रहने वाले अर्पित जैन के जरिए नवाब आरजू, उसके पिता व भांजे ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गिरोह का विस्तार किया था। अर्पित को गिरफ्तार करने का प्रयास कैंट थाना पुलिस व एटीएस ने तेज कर दिया है।



नवाब आरजू

यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने फर्जी स्टांप छापकर बेचने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी राजू यादव को एक सितंबर की सुबह रेलवे स्टेशन रोड से गिरफ्तार किया था। बिहार के सिवान जिले के रहने वाले आरोपियों के विरुद्ध गोरखपुर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

इनके कब्जे से 6.72 लाख के फर्जी स्टांप व 72 हजार के डाक टिकट, तीन मोबाइल फोन व एक क्रेटा गाड़ी मिली थी। पूछताछ में पता चला था कि नवाब आरजू जाली नोट भी छापता है, लेकिन उसके कब्जे से कुछ नहीं मिला। एटीएस के निरीक्षक विजय प्रताप सिंह की तहरीर पर केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेजवा दिया गया। केस की विवेचना कर रहे कैंट थाने के एसएसआई ने आरोपी की कस्टडी रिमांड के लिए न्यायालय में अर्जी दी थी।

# 'अपराध मुक्त शहर बनाना प्राथमिकता'

गोरखपुर। नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया। पत्रकारों से बातचीत कर उन्होंने बताया कि शहर को अपराध मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता है। पीड़ित को त्वरित व थाने में न्याय मिले ऐसी व्यवस्था बनायी जाएगी। 2019 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी अभिनव त्यागी मूल रूप से आगरा जिले के रहने वाले हैं। कंप्यूटर साइंस से उन्होंने बीटेक की पढ़ाई की है। गोरखपुर से पहले वह कुशीनगर जिले में एडिशनल एसपी के पद पर तैनात थे। एसपी सिटी ने कहा कि हर छोटे विवाद को गंभीरता से लेने के साथ ही तत्काल कार्रवाई की जाएगी, ताकि बड़ी घटना होने से रोका जा सके। ब्यूरो



अभिनव त्यागी।
एसपी सिटी

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024



## टीजे सिंह बने सलेमपुर के कोतवाल

**सलेमपुर(एसएनबी)।** काफी दिनों से खाली चल रही सलेमपुर की कोतवाली में आज टीज़े सिंह ने आकर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक पद पर कार्यभार संभाल लिया। यहां तैनात रहे कोतवाल उमेश बाजपेई के एक मामले में निलंबित हो जाने के कारण खाली चल रहा था। इस बीच यहां का कार्य वरिष्ठ उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह यादव देख रहे थे।

# कर निरीक्षक की पिटाई के आरोप में दो सभासद प्रतिनिधि गिरफ्तार

### पुलिस दोनों की गिरफ्तारी कर पूछताछ में जुटी, कर्मचारियों ने दो दिन कामकाज किया था ठप

संवाद न्यूज एजेंसी



उप्र स्थानीय निकाय निदेशालय निदेशक से मिले कर्मचारी। स्रोत नगर पालिका

**देवरिया।** नगरपालिका परिषद कार्यालय में सोमवार की दोपहर में घुसकर सभासदों ने कर निरीक्षक को पीट दिया था। इससे आक्रोशित कर्मचारियों ने कामकाज ठप कर दिया। दो दिन तक शहर की साफ सफाई नहीं हुई। एडीएम प्रशासन के आश्वासन पर नगर पालिका कर्मियों ने हड़ताल समाप्त की। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए नामजद दो सभासद प्रतिनिधि को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उनसे पूछताछ के बाद 151 के तहत चालान कर दिया। अभी नामजद दो सभासद फरार चल रहे है।

देवरिया नगर पालिका परिषद कार्यालय में सोमवार की दोपहर को कुछ सभासद कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता के कक्ष में पहुंच गए। उन्होंने कर निरीक्षक से सभासद कक्ष में बुलाने के बाद भी नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। इस बात को लेकर कर निरीक्षक और सभासदों में कहासुनी हुई और हाथापाई होने लगी। सभासदों ने कर्मचारियों को बाहर निकाल कर निरीक्षक को पीटना शुरू कर दिया। सभासदों का कहना था कि मोहल्ले में साइन बोर्ड को लेकर चर्चा के लिए उन्होंने नगर पालिका की पुरानी बिल्डिंग स्थित सभासद कक्ष में कर निरीक्षक को बुलाया था। कर निरीक्षक वहां नहीं पहुंचे। इससे नाराज होकर कुछ सभासदों ने कर निरीक्षक के कक्ष में पहुंच कर उनकी पिटाई कर दी।

घटना के बाद नगर पालिका के आक्रोशित कर्मचारियों ने एकजुट होकर हड़ताल कर दिया। दो दिन तक पेयजल आपूर्ति को छोड़ अन्य सेवाएं ठप रही। बुधवार एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने संघ के नेताओं से बात की। इसके बाद नेताओं 72 घंटे का समय दिया और काम पर लौट आए। इधर इस मामले में फरार चल रहे चार सभासद और उनके प्रतिनिधि को नामजद किया था। अन्य सभासद प्रतिनिधि को भी अज्ञात अभियुक्त बनाया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल दिलीप सिंह ने अरुण कुमार और मुंद्रिका प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। दोनों में एक सभासद का पति और दूसरा देवर बताया जाता है। कोतवाल दिलीप सिंह ने बताया कि पुलिस फरार अन्य दो सभासद की गिरफ्तारी के दबिश दे रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कर निरीक्षक की सुरक्षा को लेकर सौंपा ज्ञापन

**देवरिया।** नगर पालिका परिषद देवरिया में कार्यरत राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता को जिस तरह वहां पर उनके कार्यालय में घुसकर उनके साथ मारपीट की गयी। जिसमें उनको गंभीर चोटें आई हैं। इसके विरोध में प्रशांत मिश्र अध्यक्ष, उप्र स्थानीय निकाय केंद्रीयित कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशांत मिश्र के साथ में एक प्रतिनिधि मंडल उप्र स्थानीय निकाय निदेशालय निदेशक अनुज कुमार झा से मिलकर हिमांशु गुप्ता की सुरक्षा एवं आरोपियों पर त्वरित कार्रवाई के लिए पांच सूत्री मांग पत्र दिया गया एवं एक पत्र मंत्री नगर विकास एके शर्मा को भी प्रेषित किया गया। इस बाबत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मिलकर दोषियों को सजा दिलाने एवं प्रदेश में कार्यरत केन्द्रीयित सेवा के कर्मचारियों की सुरक्षा की गुहार लगाई जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में प्रशांत मिश्र, संदीप पांडेय, आकाश, राजस्व निरीक्षक सौरभ त्रिपाठी, हिमांशु गुप्ता, राजेंद्र कुमार, रोहित आदि शामिल रहे। संवाद

# जल निगम का पाइप चुराकर ले जा रहे थे चोर, ठेकेदार ने पकड़ा

**खुखुन्दू(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे पर बृहस्पतिवार को जल निगम का पाइप चोरी करते हुए ठेकेदार ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा से उठाकर डीसीएम पर लोड किए जा रहे पाइप को मौके पर रखवा दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस डीसीएम चालक से पूछताछ कर रही है। हालांकि अभी डीसीएम चालक ने कुछ बताया नहीं है।

सलेमपुर के संपूर्णा गुप्ता जल निगम के ठेकेदार बताएं जा रहे है। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे के आस-पास गांवों में इन दिनों जल निगम का पाइप बिछाने का काम चल रहा है। मुसैला चौराहे पर बड़े पैमाने पर पाइप गिराया गया है।

बृहस्पतिवार को एक हाइड्रा से पाइप उठाकर डीसीएम पर लोड किया जा रहा था। तभी काम कर रहे मजदूर वहां पहुंच गए और पूछे पाइप किस गांव में और किस साइड पर जा रहा है। जिसपर डीसीएम चालक कुछ बता नहीं पाया। फिर मजदूरों ने तत्काल ठेकेदार को फोन कर बताया। ठेकेदार मौके पर पहुंच पूछे कहां के लिए पाइप लोड कराया जा रहा है। हाइड्रा चालक ने बताया मुझे किराया पर बुलाकर लाया गया है। डीसीएम चालक बोला ठेकेदार बोले है। इसपर संपूर्णा गुप्ता ने थाने को सूचना दे दी। पुलिस मौके पर पहुंच हाइड्रा और डीसीएम कब्जे में लेकर थाने चली आई। डीसीएम चालक से पुलिस पूछताछ कर रही है।

थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि पाइप चोरी कर ले जाने की सूचना पर पुलिस पहुंची थी। ठेकेदार का आरोप है कि पाइप चोरी कर दूसरा ठेकेदार ले जा रहा था। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई होगी।


**कार्यालय : न**
**महराजगंज, ज**

-:: शु

इस कार्यालय के प
25 दिनांक 09-09-202
निविदा आमंत्रित की गयी
योजना (टाइड ग्राण्ट) के
-14 सुभाष नगर में पोखरी
है। जिसको वार्ड नं. 05
सामने पोखरी के तटबंध व
निविदा की शेष शर्तें पू

**(आलोक कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**महराजगंज**
**जनपद-महराजगंज**
पत्रांक : 1073/न.पा.प. मह./

# भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भटनी(एसएनबी)।** स्थानीय नगर क्षेत्र से पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया व्यक्ति बिहार निवासी बताया जा रह है। पुलिस ने एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। बताया गया है कि भटनी नगर में तलाशी के दौरान विशाल कुमार पुत्र पंकज राय निवासी इमादपुर थाना भगवानपुर बिला वैशाली बिहार के पास से 454 अदद आफिसर्स च्वाईस अंग्रेजी शराब प्रत्येक 180 एमएल व 8 पीएम गोल्ड अंग्रेजी शराब प्रत्येक 180 एमएल , 81 अदद रयल स्टेज अंग्रेजी शराब 750 एमएल प्रत्येक कुल 7 बोतल तथा मैजिक मोमेंट वोदका 750 एमएल प्रत्येक कुल 07 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है।

# 27 माह बाद मिला खाते से गायब धनराशि

लार (एसएनबी)। आम पब्लिक का पैसा बैंको में कितना सुरक्षित इसका अंदाजा इसी

**आधार बदलकर खाते से निकाला गया था पैसा**

लगाया जा सकता है जब एक खाताधारक खुशबुनेशा पत्नी शमशुद्दीन का 36 हजार रुपया ढाई साल पहले खाते से ही गायब हो गया। जबकि खाताधारक के पास न तो एटीएम है और ना ही स्मार्ट फोन।

उक्त खाते धारक का पैसा 27 माह पहले एक सीएसपी संचालक द्वारा कूटरचित तरीके से 5 बार में करके लगभग 36 हजार रुपया निकाल लिया गया। पीड़ित को इस बात की जनकारी तब हुई जब वह एक दिन इलाज के लिए खाते से पैसा निकालने गया।

27 माह पहले हुई इस घटना के बाद पीड़ित बार बार बैंक का चक्कर लगाने के साथ ही क्राइम ब्रांच, वित्त मंत्रालय, आरबीआई समेत अन्य विभागों में शिकायत करता रहा। बैंक प्रबंधन बार बार पैसा मिलने का आस्वासन देता रहा लेकिन कोई सफलता नही मिली। पीड़ित ने पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत की। गुरुवार को बैंक प्रबंधक ने खाताधारक को फोन करके बुलाया और पैसे वापस करने की जब बात कही तो खुशी का ठिकाना नही रहा। बैंक प्रबंधन ने खुशबुनेशा को उनका पैसा वापस करा दिया। बैंक प्रबंधक अनुराग ने बताया कि उक्त खाताधारक का पैसा कुछ माह पहले गायब हुआ था अथक प्रयास से उनका पैसा वापस करा दिया गया है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**लार (एसएनबी)।** लार कस्बा के कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल के सभागार में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में विद्यालय के छात्राओं द्वारा आये हुए अतिथियों और गणमान्य वक्ताओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के



प्रधानाचार्य दीपक कुमार सिंह ने लार चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मिश्र को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता एसआई धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने स्कूल के सभी ड्राइवर और कंडक्टर को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आजकल यातायात के इतने साधन हो गए हैं कि सड़कों पर भागदौड़ मची रहती है। नगरों की तरह अब गांव में भी यात्रा खतरों से खाली नहीं रह गया है। सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है इसका मुख्य कारण यातायात के नियमों और मुख्य संकेत की अनदेखी, मादक पदार्थों का सेवन, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। सभी ड्राइवर और कंडक्टर ने वक्ता के द्वारा निर्देशित नियमो को ध्यानपूर्वक सुना और आत्मसात किया कि इसका अनुपालन करेंगे। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार सिंह ने कार्यक्रम समापन की विधिवत घोषणा करते हुए सभी अतिथियों का आभार प्रगट किया।

# चोरी के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर भेजा जेल

पथरदेवा। तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा कस्बे के रहने वाले शुभम सिंह की बाजार में सब्जी की दुकान है। 10 सितंबर की रात को उनके दुकान से दो बोरी आलू, दो बोरी प्याज और काउंटर में रखे छह हजार रूपए चोर उड़ा ले गए। मामले में मठेला गांव निवासी विकास गोंड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। एसओ मृत्युंजय राय ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान और रूपए बरामद कर लिया गया है।

# मंगेश यादव एनकाउण्टर की सीबीआई से जांच की मांग

**बरहज (एसएनबी)।** गुरूवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में देवरिया बाईपास पर प्रदेश सरकार के विरूद्ध धरना प्रदर्शन किया। मंगेश यादव के एनकाउण्टर की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। सपा नेताओं का कहना है कि कि भाजपा सरकार में एनकाउण्टर एक परम्परा बन गयी है और एनकाउण्टर में पीडीए समाज टारगेट पर है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जितने भी एनकाउण्टर हुए है उसमें से 60 प्रतिशत फर्जी है। प्रदेश में अपराध और अपराधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं आम बात है। सरकार अपने नाकामियों को छुपाने के लिए समाज के एक विशेष जाति को बदनाम कर रही है। आने वाले 2027 की विधानसभा के चुनाव में प्रदेश से भाजपा का सफाया होना तय है। धरना प्रदर्शन करने वाले हरिन्द्र पाल, अनिल प्रजापति, कौशल शर्मा, विमलेश यादव, विपिन सिंह, राजू पटेल सहित समाजवादी पार्टी की कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# फर्जी नियुक्ति मामले में दो नामजद सहित चार अज्ञात के विरुद्ध केस

**बरहज (एसएनबी)।** बरहज तहसील में मृतक आश्रित संग्रह अमीन चपरासी के पद पर नियुक्ति में

> **चुनाव आचार संहिता के दौरान चपरासी के पद पर हुई थी नियुक्ति**

फर्जीवाड़े का खुलासा होने पर नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य की तहरीर पर दो नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकामी थाने में अपराध संख्या 258/24 पर धारा 318(3) 319(2)336(3)338,340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज होने से फर्जीवाड़ा कर नौकरी दिलाने वालों के चेहरे की हवाइया उड़ गई है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जाँच कार्यवाही में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार स्थानीय तहसील में कार्यरत संग्रह अमीन छेदी यादव की मौत वर्ष 2022 में हो गई । उनका अपना कोई संतान न होने के कारण शैलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी थाना भलुवनी ने योजनबद्ध तरीके से पूर्व में तहसील में तैनात रहे चर्चित संग्रह अमीन हरिश्चंद्र प्रसाद से साँठ गाँठ कर फर्जी निवास प्रमाण पत्र एवं गोंदनामा बनाकर लोक सभा चुनाव आचार संहिता के दौरान संग्रह अमीन चपरासी के पद पर अपनी नियुक्ति करा लिया। चर्चा तो यह है कि इस पूरे प्रकरण में यहाँ पूर्व में तैनात रहे संग्रह अमीन हरिश्चंद्र प्रसाद जो वर्तमान समय में भाटपार रानी तहसील से संबद्ध है। उसकी भूमिका इस पूरे प्रकरण में काफी संदिग्ध रही। फर्जी न्यूक्ति के प्रकरण की जानकारी शैलेश के विरोधियों को हुई तो उन लोगों ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण की जाँच करने की माँग की।

शिकायती पत्र में यह भी बताया गया है कि नियुक्ति में जिस शैक्षिक प्रमाण पत्र का उपयोग किया गया है वह भी फर्जी है। फर्जी न्युक्ति के विरुद्ध जाँच का आवेदन पड़ते ही जाँच के लिए उच्चाधिकारियों ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट की मांग की। कमेटी द्वारा जाँच के दौरान यह बात सामने आयी की शैलेश यादव ने अभिलेखों मे कूट रचना कर मृतक छेदी यादव के नाम के आधार पर अपना निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया है। इतना ही नहीं कक्षा 8 पास जिस शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की नियुक्ति में उपयोग किया गया है वह भी नायब तहसीलदार के जाँच में फर्जी पाया गया है। फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही तहसील स्तरीय अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाते हुए नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य ने बरहज थाने में तहरीर देकर कूट रचना और धोखा धड़ी के द्वारा नियुक्ति पाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की तहरीर दिया है । पुलिस ने एनटी की तहरीर पर दो नामजद शैलेष यादव व अमीन हरिश्चंद्र प्रसाद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

अब देखना है कि मुकानी पुलिस फर्जीवाड़े में संलिप्त जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध कब तक कार्रवाई करती है। लोकसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागु होने के बाद किस अधिकारी की संस्तुति पर नियुक्ति की गई है । इसको लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जाँच कार्यवाही जारी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई होना तय है।

# चार नामजद समेत 20 अज्ञात पर मारपीट का केस

लार(एसएनबी)। गत दिनों 8 सितंबर को हुए मारपीट के मामले में लार पुलिस ने चार नामजद समेत 20 अज्ञात के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

लार थाना क्षेत्र के मेहरौना गांव निवासी अंकित गुप्ता पुत्र तारकेश्वर गुप्ता ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मैं अपने भाई मुन्ना गुप्ता सहित गांव के लगभग 15 लोगों के साथ खेमादेई स्थित विद्युत सब स्टेशन पर पहुंचा और लाइनमैन से शिकायत किया हम लोगो के तरफ की सप्लाई आखिर ट्रांसफार्मर से क्यो काट दी गई है मैंने लाइन मैन से लाइट जोड़ने की अपील की। उसी समय निवासी तौसीफ अहमद गाली गलौज करने लगा। 8 तारीख को दिन में जब मैं मेहरौना से लार जा रहा था तभी मुझे रास्ते में घेर कर गाड़ी रोककर मुझे भद्दी भद्दी गाली देकर मारने लगे। जिससे मुझे चोट आयी है।

पुलिस ने इस मामले में तौसीफ अहमद, दिलदार, अरशद राशीद सहित 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# गेटमैन से दुर्व्यवहार करने के मामले में दो गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। देवरिया-गोरखपुर रेलखंड पर स्थित गेट संख्या 132 औरा चोरी के पास गेटमैन से आभद्रता, गाली गलौज एवं ड्यूटी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में आरपीएफ ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय के लिए चालान कर दिया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले के चार आरोपी अभी भी फरार हैं।

मालूम हो कि देवरिया- गोरखपुर रेल खंड पर स्थित गेट संख्या 132 औरा चोरी के पास गेटमैन से कुछ लोगों ने अभद्रता, गाली गलौज कर ड्यूटी कार्य में बाधा उत्पन्न किया था। इस मामले में आरपीएफ पोस्ट देवरिया में आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

आरपीएफ ने इस मामले में नामजद दो आरोपियों सचिन यादव पुत्र श्रीराम प्रसाद यादव निवासी देवराज पिपरा थाना हाटा जिला कुशीनगर वर्तमान पता पूरवा मेंहडा शर्मा ढाबा, थाना कोतवाली, जिला देवरिया तथा आदर्श यादव पुत्र संजय यादव निवासी पूरवा मेंहडा, थाना कोतवाली, जिला देवरिया को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर पूरवा मेंहडा स्थित शर्मा ढाबा के सामने सड़क के किनारे से गिरफ्तार किया। चार व्यक्ति अभी भी फरार हैं। मामले की जांच की जा रही है।

# कर निरीक्षक की पिटाई में दो नामजद सभासद प्रतिनिधि गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। नगरपालिका परिषद देवरिया के कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की पिटाई के मामले में नामजद चार अभियुक्तों में दो सभासद प्रतिनिधियों को सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में वार्ड नम्बर एक की सभासद वंदना देवी के प्रतिनिधि अरूण कुमार गौतम तथा वार्ड नम्बर दो मां नगरा भगवती धूस की सभासद ललिता देवी के प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद शामिल हैं। इस मामले में अभी अन्य वार्डों के दो सभासद फरार चल रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली पुलिस ने जिन दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है उनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। पूरे मामले की लिखापढ़ी के बाद इन अभियुक्तों को अदालत में प्रस्तुत किया जायेगा। इन सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

उधर अभियुक्तों की गिरफ्तारी से नगर निकाय कर्मचारियों का रोष थोड़ा ठंडा पड़ गया है किन्तु यह कर्मचारी अन्य नामजद अभियुक्तों एवं उनके साथ मारपीट में शामिल रहे लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी से नगरपालिका परिषद देवरिया के सफाईकर्मियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर कार्य करना शुरू कर दिया है। गत दो दिनों की हड़ताल से शहर में अनेक स्थानों पर कूड़ा करकट का अम्बार लग गया है। लोगों का कहना है कि हाल के वर्षों में किसी कर्मचारी की पिटाई के बाद नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी में इस बार पुलिस ने ज्यादा सक्रियता दिखाई है।

उधर लोगों का कहना है कि एक छोटी सी समस्या को लेकर तीन दिन पहले नगरपालिका परिषद देवरिया के कर निरीक्षक एवं सभासद तथा सभासद प्रतिनिधियों के बीच हुई मारपीट दुर्भाग्यपूर्ण है।

अगर मारपीट करने वाले मारपीट नहीं कर मूल समस्या को लिखित तौर पर नगरपालिका परिषद देवरिया के अधिशासी अधिकारी या अपर जिलाधिकारी प्रशासन के सामने प्रस्तुत किए होते तो समस्या का निदान हो गया होता। मारपीट एवं जेल जाने की नौबत नहीं आती।

# प्राथमिकता से करें राजस्व वादों का निस्तारण

**देवरिया(एसएनबी)।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बृहस्पतिवार की सायं

**राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक**

कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग के अगस्त माह के मासिक कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों का निस्तारण शासन की मंशानुरूप प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने भू-राजस्व वसूली, राजस्व वसूली, लंबित न्यायिक वाद, स्टांप वाद, चकबंदी न्यायालय के कार्य, खतौनियों के दाखिले की स्थिति सहित विभिन्न कार्यों की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व संहिता के अंतर्गत धारा 24 से जुड़े प्रकरण तीन माह में, धारा 34 के प्रकरण 35 दिन की अवधि में, धारा 80 से जुड़े प्रकरण 45 दिन तथा धारा 116 से जुड़े प्रकरणों को अधिकतम छह माह में निस्तारित करने का प्रावधान है। सभी अधिकारी उपर्युक्त का अनुपालन सुनिश्चित करें। ग्राम समाज की भूमि अथवा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमण दिखे तो धारा 67 की कार्रवाई कर उसे मुक्त कराएं। इस कार्य में शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस समय




राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश देतीं डीएम।फोटो : एसएनबी

निर्विवादित वरासत दर्ज करने का विशेष अभियान चल रहा है जो 16 अक्टूबर तक चलेगा। सभी एसडीएम इस अभियान को प्राथमिकता के आधार पर संचालित कराएं।

वरासत दर्ज करने की प्रक्रिया में यदि किसी लेखपाल की भूमिका संदिग्ध मिलेगी तो सख्त विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि आय जाति व निवास प्रमाणपत्र बनाने में पारदर्शिता बरती जाये। निर्धारित समयावधि में आवेदक को उपलब्ध करायें। अकारण लोगों को न दौड़ाएं। अगस्त माह में 81,192 प्रकरण निर्धारित समयावधि में निस्तारित किये गए हैं।

जिलाधिकारी ने प्रत्येक तहसील के 10 बड़े बकायेदारों की सूची तहसील कार्यालय में श्य स्थल पर अंकित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनपद के बड़े बकायेदारों से प्राथमिकता के आधार पर वसूली सुनिश्चित की जाए। डीएम ने मुख्यमंत्री षक दुर्घटना कल्याण योजना की भी समीक्षा की। योजना के अंतर्गत 1553 दावे भुगतान हेतु स्वीकृत हुए जिसमें से 1406 प्रकरणों में भुगतान किया जा चुका है। डीएम ने शेष 147 प्रकरणों को भी प्राथमिकता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी जे आर चौधरी, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम रुद्रपुर श्रुति शर्मा, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, एसडीएम सलेमपुर दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम भाटपाररानी रत्नेश तिवारी, एसडीएम बरहज अंगद यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे।

# 27 माह बाद वापस मिली गायब धनराशि

लार। कस्बे के भरटोलिया वार्ड निवासी एक खाताधारक खुशबुनेशा पत्नी शमशुद्दीन का 36 हजार रुपया ढाई साल पहले खाते से ही गायब हो गया था। सीएसपी संचालक द्वारा कूटरचित तरीके से 5 बार में लगभग 36 हजार रुपया निकाल लिया गया था। 27 माह पहले हुई इस घटना के बाद पीड़ित बार बार बैंक का चक्कर लगाने के साथ ही क्राइम ब्रांच, वित्त मंत्रालय, आरबीआई समेत अन्य विभागों में शिकायत करती रहीं। पीड़िता ने पोर्टल के माध्यम से अपनी शिकायत की। गुरुवार को बैंक प्रबंधक ने खाताधारक को फोन करके बुलाया और पैसे वापस करने की जब बात कही तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बैंक प्रबंधन ने खुशबुनेशा को उनका पैसा वापस करा दिया।

# सलेमपुर के कोतवाल बनाए गए टीजे सिंह

देवरिया। सलेमपुर कोतवाली की जिम्मेदारी टीजे सिंह को सौंपी गई है। वहीं प्रदीप कुमार अस्थाना को बघौचघाट थाने का एसएसआई बनाया गया है। सलेमपुर कोतवाली के पूर्व में कोतवाल उमेश कुमार बाजपेई को गरीबों का आशियाना ध्वस्त कराने के मामले में एसपी संकल्प शर्मा ने लाइन हाजिर कर दिया था। उसके बाद से कोतवाली की जगह खाली पड़ी थी।

# नाबालिग लड़की को अगवा करने का आरोप

सुरौली। थाना क्षेत्र सुरौली के एक गांव निवासी एक महिला ने अपने ही गांव के दूसरे टोले के एक युवक पर अपनी नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस मामले में गांव के ही विकास राजभर पुत्र हरेराम राजभर के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

# पाइप डालने के लिए तोड़ दी सड़क, शिकायत

मेहरौनाघाट। लार ब्लाक के चुरिया गांव निवासी शिवम सिंह ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से मिलकर शिकायत किए है कि ग्राम सभा चुरिया में पानी टंकी का ठेकेदार मानक को दरकिनार कर ग्राम सभा के सड़क को तोड़कर पाईप लाइन का कार्य आधा अधूरा काम किया है। करीब छह महीने बाद भी सड़क को सही नहीं कराया है। जिससे आये दिन दुर्घटनाए हो रही हैं, लोग चोटिल हो रहे है।

# किशोरी को भगाने वाले युवक पर केस दर्ज

सलेमपुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के पिता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरी बेटी एक कॉलेज में नौवी की छात्रा है। वह 8 सितंबर को स्कूल से घर समय से पहुंच गई। लेकिन शाम सात बजे के लगभग एक युवक उसे बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। वह बेटी से पहले से भी बात करता था। किशोरी के पिता के तहरीर पर पुलिस ने अंद्या कुमार के विरुद्ध केस दर्ज कर किशोरी की तलाश कर रही है।

# अंग्रेजी शराब के साथ तस्कर को दबोचा

भटनी। स्थानीय पुलिस ने बिहार निवासी एक शराब तस्कर को अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस ने शराब जब्त कर लिया है। आरोपी के पास से 454 अदद 180 मिली. 8 पीएम गोल्ड, 81 अदद रायल स्टैग तथा 14 बोतल अन्य ब्रान्ड की शराब के साथ पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। विशाल कुमार बिहार जनपद के वैशाली जनपद इमादपुर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

# गेटमैन से विवाद करने के दो आरोपितों को दबोचा

देवरिया, निज संवाददाता। देवरिया-बैतालपुर रेल खंड पर 132 नम्बर औरा चौरी ढाला पर गेट मैन से कुछ युवक ढाला खोलने के लिए विवाद कर दिया। सूचना पर आरपीएफ ने दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। गेटमैन की तहरीर पर दो नामजद समेत छह के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के औरा चौरी गांव के बाहर देवरिया-बैतालपुर रेल खंड पर ढाला है। जहां पर बुधवार की रात में विकास दीक्षित ड्यूटी पर तैनात थे। बुधवार की रात में गाड़ी संख्या 15077 के आने की सूचना मिली। कंट्रोल और आस पास के स्टेशन से सूचना मिलने के बाद गेट मैन ने ढाला बंद कर दिया। इसी बीच कुछ युवक बाइक से ढाला पर पहुंचे। जहां पर ढाला खोलने का दबाव गेटमैन पर बनाने लगे। मामला बढ़ता देख कर आसपास के लोग आ गए। इसी बीच ट्रेन ढाला से गुजर गई। गेट खुलने पर मनबढ़ युवक बाइक लेकर फरार हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने छापेमारी शुरु किया। शर्मा ढाबा के समीप आरपीएफ ने सचिन यादव पुत्र राम प्रसाद यादव निवासी देवराज पिपरा हाटा कुशीनगर, वर्तमान पता पूरवा मेंहडा शर्मा ढाबा और आदर्श यादव पुत्र संजय यादव निवासी पूरवा मेंहडा, देवरिया को दबोच लिया।

## कर निरीक्षक की तहरीर पर चार नामजद पर दर्ज हुआ था केस

# दो सभासद प्रतिनिधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### कार्रवाई

- कर निरीक्षक के कमरे में घुस कर लात, घूसों से की थी पिटाई
- पालिका कर्मियों ने कार्रवाई को लेकर शुरू किया था धरना



देवरिया, निज संवाददाता। नगर पालिका के कर निरीक्षक को लात, घूसों से पिटाई करने के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को दो सभासद प्रतिनिधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने में जुटी हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी दो दिनों तक हड़ताल पर रहे। गिरफ्तार आरोपियों में एक सभासद पति व दूसरा देवर है।

देवरिया नगर पालिका परिषद में 9 सितंबर को कुछ सभासद व सभासद प्रतिनिधि कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता के कक्ष में पहुंच गए। उन्होंने कर निरीक्षक से सभासद कक्ष में बुलाने के बावजूद नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। वह कुर्सी से कर निरीक्षक को खींचकर लात, घूसों से पीटने लगे। इसके बाद नगर पालिका के सभी कर्मचारी कार्यालयों ने तालाबंद कर काम काज ठप कर दिया।

कर्मचारियों ने नगर पालिका के मुख्य गेट पर भी ताला जड़ दिया था। इस घटना की जानकारी कर्मचारियों ने अधिकारियों को दी। कर निरीक्षक हिमांशु गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने वार्ड संख्या-2 मां नगरवां धूस निवासी मुद्रिका प्रसाद, वार्ड नंबर एक रघवापुर निवासी अरूण कुमार, वार्ड संख्या-3 मेहड़ा पुरवा निवासी अजय प्रसाद व वार्ड संख्या-11 चकियवां निवासी प्रवीण यादव, अन्य अज्ञात सभासद व कुछ अन्य व्यक्तियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। नगर पालिका कर्मियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर काम काज ठप्प कर दिया। इससे नगर में सफाई व कूड़ा उठाने का कार्य भी ठप्प हो गया। बुधवार को एडीएम के आश्वासन के बाद नगर पालिका कर्मियों ने हड़ताल समाप्त किया। इसके बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गयी। बुधवार को मामले में आरोपी कुछ सभासद व सभासद प्रतिनिधियों के परिजनों को पुलिस उठा लायी थी। हालांकि बाद में उन्हे छोड़ दिया गया। गुरूवार को पुलिस ने मामले में आरोपी सभासद प्रतिनिधि मुद्रिका प्रसाद व अरूण कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया।

# राजस्व निरीक्षक की पिटाई के मामले में सभासद पति समेत दो गिरफ्तार

जासं, देवरिया: नगर पालिका परिषद कार्यालय में राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता से हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने सभासद पति समेत दो को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। फरार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

राजस्व निरीक्षक हिमांशु गुप्ता सोमवार को डेढ़ बजे अपने कार्यालय में बैठे थे। इस बीच किसी बात को लेकर पहले सभासदों ने उन्हें बुलाया, लेकिन वह सभासदों के कक्ष में नहीं पहुंचे। इससे नाराज सभासद व परिवार के सदस्य कार्यालय में पहुंच गए और कहासुनी के दौरान मारपीट हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। दो दिनों तक सफाई कर्मियों समेत अन्य कर्मचारियों ने अपना कार्य ठप रखा। आरोपितों की गिरफ्तारी करने के आश्वासन पर वह कार्य पर लौटे। गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने नगरवा धूस के सभासद पति मुंद्रिका प्रसाद, रघवापुर के अरुण कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप सिंह ने बताया कि अन्य आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# टीजे सिंह बने सलेमपुर कोतवाली प्रभारी

देवरिया : पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने गुरुवार को सलेमपुर कोतवाली में इंस्पेक्टर के रूप में पुलिस लाइन से टीजे सिंह को तैनात कर दिया। वहां तैनात रहे निरीक्षक उमेश वाजपेयी के लाइन हाजिर होने के चलते यहां इंस्पेक्टर का पद खाली था। वहीं पुलिस लाइन से उप निरीक्षक प्रदीप कुमार अस्थाना को बघौचघाट थाने पर वरिष्ठ उप निरीक्षक के रूप में तैनाती दी गई है। यहां तैनात रहे प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडेय को हाल ही में कार्य में लापरवाही को लेकर निलंबित कर दिया गया था। अभी यहां थानाध्यक्ष की तैनाती नहीं हुई है। वरिष्ठ उप निरीक्षक के पास ही थाना प्रभारी का चार्ज रहेगा। (जासं)


# आठ दिन बाद भी सेवानिवृत्त शिक्षक से लूट का नहीं मिला सुराग

जागरण संवाददाता सलेमपुर: कोतवाली क्षेत्र के सोहनाग रोड से बैंक से पैसा निकालकर ले जा रहे सेवानिवृत्त शिक्षक से 50 हजार रुपये लूटने वाले बदमाशों का पुलिस आठ दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगा सकी है। हालांकि कोतवाली पुलिस कई स्थानों पर लगे सीसी कैमरे के फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

उप नगर के टीचर्स कालोनी के रहने वाले तारकेश्वर मणि तिवारी तीन सितंबर को स्टेट बैंक से 50 हजार रुपये निकाले जाने के बाद उसे झोले में रखकर सोहनाग रोड होते पैदल घर जा रहे थे। बैंक से ही उनके पीछे लगे बदमाश सोहनाग रोड से उनके हाथ से झोला छीन कर भाग गए। झोले में आधार कार्ड, बैंक पासबुक व पैनकार्ड भी था। इसकी सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना उप निरीक्षक वीरेंद्र मौर्य को सौंपी गई है। उप निरीक्षक ने बताया कि सीसी टीवी फुटेज से बदमाश की पहचान कराई जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'मोबाइल पर आए अनजान लिंक न करें क्लिक'

## स्कॉलर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एंड किड्जी में आयोजित हुई पुलिस की पाठशाला






पुलिस की पाठशाला को संबोधित करते अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह व उपस्थित विद्यार्थी। संवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**देवरिया।** इस समय साइबर अपराध ज्यादा हो रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। वित्तीय ले न दे न करते समय पासवर्ड या एटीएम का पिन किसी को न बताएं।

संकट या आपात स्थिति में होने पर हेल्पलाइन 112, 1098, 1090, 1030 की मदद अवश्य लें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए है, महिला अपराध पर रोक लगाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

यह बातें अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह ने कही। वे बृहस्पतिवार को स्कालर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्जी में अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से आयोजित पुलिस की पाठशाला में विद्यार्थियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पाठशाला में 9वीं से 12वीं तक के 160 विद्यार्थी शामिल हुए।

संचालन मधुकर मिश्र ने किया। पूर्व निदेशक राजकुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य सपना केजरीवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस दौरान संतोष पांडेय, शिक्षिका नीता मिश्रा, रेनू त्रिपाठी, अनामिका, शैलेष, विशाल मिश्रा, अरविंद आदि मौजूद रहे।

# जांच टीम गठित हुई तो उखड़वाई इंटरलॉकिंग सड़क ठेकेदार ने बनवाई

## बिना टेंडर क्षतिग्रस्त इंटरलॉकिंग सड़क उखड़वाने का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

लार। बिना टेंडर इंटरलॉकिंग सड़क उखड़वा ने की शिकायत बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता ने की थी। इसके बाद एसडीएम ने टीम गठित कर जांच करने का निर्देश दिया है। इसकी जानकारी होते ही नगर पंचायत के ठेकेदार ने आनन-फानन में उखड़वाया गया पुरानी इंटरलॉकिंग सड़क को फिर लगवा दिया है।

लार नगर के कोइरिटोला वार्ड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता साहू विशाल कुमार गुप्ता ने एडीएम देवरिया, एसडीएम सलेमपुर को पत्र सौंप बताया था कि वार्ड में शमसुल बीड़ी वाले के मकान के समीप इंटरलॉकिंग सड़क से वार्ड के लोगों का आना जाना होता है। सड़क कहीं पर क्षतिग्रस्त नहीं हुई है, सरकारी धन का दुरुपयोग करने के लिए अच्छी सड़क को उखड़वाया जा रहा है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम दिशा श्रीवास्तव ने टीम गठित कर जांच के आदेश दे दिया। इसकी भनक लगते ही ठेकेदार ने आनन फानन में उखड़वाए गए इंटरलॉकिंग सड़क को मजदूरों की मदद से दोबारा लगवा दिया।



दोबारा बिछवाई गई इंटरलॉकिंग सड़क। स्रोत जागरूक पाठक

लोगों की सहूलियत के लिए सड़क बनी है। सड़क की स्थिति अच्छी नहीं है। फिलहाल उखड़वाया गया इंटरलॉकिंग लगवा दिया गया है। अवर अभियंता से जानकारी लेनी है।
-मृदुल कुमार सिंह, प्रभारी ईओ नगर पंचायत लार

टीम गठित कर जांच करने का निर्देश दिया गया है। रिपोर्ट में अगर खामियां मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।
-दिशा श्रीवास्तव ,एसडीएम, सलेमपुर

# जल निगम का पाइप चुराकर ले जा रहे थे, ठेकेदार ने पकड़ा

## मुसैला चौराहे की घटना, पुलिस ने हाइड्रा और डीसीएम कब्जे में लिया, चालक से हो रही पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे पर बृहस्पतिवार को जल निगम का पाइप चोरी करते हुए ठेकेदार ने पकड़ लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने हाइड्रा क्रेन से उठाकर डीसीएम पर लोड किए जा रहे पाइप को मौके पर रखवा दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। पुलिस डीसीएम चालक से पूछताछ कर रही है।

सलेमपुर के संपूर्णा गुप्ता जल निगम के ठेकेदार बताए जा रहे हैं। खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे के आस-पास गांवों में इन दिनों जल निगम का पाइप बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। जिसके लिए मुसैला चौराहे पर बड़े पैमाने पर पाइप गिराया गया है। बृहस्पतिवार की दोपहर में एक हाइड्रा से पाइप उठाकर डीसीएम पर लोड किया जा रहा था। तभी काम कर रहे मजदूर वहां पहुंच गए और पूछे पाइप किस गांव में और किस साइड पर जा रहा है। जिसपर डीसीएम चालक कुछ बता नहीं पाया। तो ठेकेदार संपूर्णा गुप्ता को फोन कर बताया। सीओ सलेमपुर दीपक शुक्ला ने बताया कि ठेकेदार ने चोरी कर पाइप ले जाने की सूचना दी थी। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## खिड़की के रास्ते घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत लाखों के गहने उड़ाए



जिगिना मिश्र गांव में चोरी के बाद बिखरे सामान। स्रोत जागरूक पाठक

भटनी। जिगिना मिश्र गांव में खिड़की के रास्ते घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत करीब पांच लाख के आभूषण चुरा कर फरार हो गए। छत पर सोया पूरा परिवार जब सुबह नीचे आया तो कमरों की हालत देख होश उड़ गए। कमरों में रखें आलमारी व सूटकेस के ताले टूटे और समान गायब थे।

भटनी थाना क्षेत्र के जिगिना मिश्र गांव निवासी नित्यानंद मिश्र खेती किसानी करते हैं। बुधवार की रात भोजन के उनके पिता रामवृक्ष मिश्र को दरवाजे पर सुलाकर परिवार के अन्य सदस्यों को लेकर नित्यानंद मिश्र छत पर चले गए। बृहस्पतिवार की सुबह उठकर नीचे आने पर कमरों के बिखरे समान देखकर परिजनों के होश उड़ गए। सीओ भाटपाररानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि अज्ञात पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

## छत पर सोए थे घरवाले, एक लाख के जेवर समेट ले गए चोर

पैकौली। सुरौली थाना क्षेत्र के सिंहगांव में बुधवार की रात घर के दरवाजे का ताला तोड़कर घर में घुसे चोर लगभग एक लाख का जेवर समेट कर चंपत हो गए। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के बगल में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक संदिग्ध व्यक्ति जाता दिखाई दे रहा है। थाना क्षेत्र के सिंहगांव में रामकली चौहान घर पर रहते हैं। इनके दो बेटे बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। परिवार में इनके अलावा पत्नी और और बेटी रहती हैं। शनिवार की रात 10:30 बजे भोजन करने के बाद परिवार के लोग गर्मी के चलते छत पर सोने चले गए। रात में चोर नीचे कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़कर उसमें रखें कीमती जेवर लेकर फरार हो गए। परिजन के अनुसार लगभग एक लाख का सोने और चांदी का जेवर उठा ले गए। सुरौली थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर गया था। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। संवाद

## चोरों के भय में कट रही ग्रामीणों की रातें

भाटपार रानी। भेड़िया और चोरों के भय से ग्रामीण रात जाग कर बिता रहे हैं। सबसे भय में औरतें रह रही हैं, कई लोगों ने तो घर के बाहर सोना ही छोड़ दिया है। जबकि कई गांवों में रात को लोग दरवाजे की बत्तियां बुझा कर अंधेरा कर ले रहे हैं। पूरे प्रदेश में तेंदुए और भेड़ियों के द्वारा हमले के की चर्चा हो रही है। हालांकि अभी तक क्षेत्र में कोई घटना नहीं हुई है। लेकिन लोग काफी भय में हैं। लार क्षेत्र में कई जगह लूट की घटना ने भी लोगों में भय का माहौल है। संवाद

# गेटमैन से दुर्व्यवहार, दो आरोपी किए गए गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अवरा चौरी के पास स्थित रेलवे गेट संख्या 132 गेटमैन विकास दीक्षित के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में रेलवे सुरक्षा बल ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

आरपीएफ इंस्पेक्टर आस मोहम्मद ने बृहस्पतिवार को बताया कि गेट संख्या 132 अवरा चौरी के पास गेटमैन से अभद्रता व गाली गलौज के आरोप में सचिन यादव पुत्र श्रीराम प्रसाद यादव निवासी देवराज पिपरा थाना हाटा जिला कुशीनगर व आदर्श यादव पुत्र संजय यादव निवासी पुरवा मेंहड़ा, थाना सदर कोतवाली को पुरवा मेंहड़ा स्थित शर्मा ढाबा के सामने से गिरफ्तार किया गया है।

## विद्युत पोल से गिरकर संविदा कर्मचारी घायल

रामपुर कारखाना। बुधवार की शाम तेज बारिश के चलते फाल्ट होने के बाद इमलिया और पांडेय चक उपकेंद्र से आपूर्ति ठप हो गई। आपूर्ति बंद होने के बाद कर्मचारी फाल्ट ढूंढने में लग गए। फाल्ट ढूंढने में देसही देवरिया के संविदा कर्मचारी उमेश चौहान भी लगा हुआ था। देर रात को विद्युत कार्य करते समय बिजली के खंभे से गिर जाने पर गंभीर चोट लग गई। आनन फानन में कर्मचारियों ने घायल उमेश को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही आनंद कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह, राजेश्वर सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा आदि अस्पताल पहुंचे। संवाद

## दहेज में भैंस नहीं मिली तो विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, केस दर्ज

रुद्रपुर। क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर दहेज में भैंस न मिलने पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। उन्होंने दहेज में सभी डिमांड पूरी होने के बाद भी ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का अभियोग पंजीकृत कराया। पीड़िता ने अपने पति पर दहेज की रकम को लेकर अप्राकृतिक संबंध बनाने का भी आरोप लगाया है। जिसका विरोध करने पर घर से पिटाई कर निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक रतन कुमार पांडेय ने कहा कि महिला की तहरीर पर पुलिस ने पचमा गांव के पति जितेन्द्र यादव, ससुर छोटेलाल यादव सहित ससुरालियों पर केस दर्ज किया है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# गैर इरादतन हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में चौरा खास थाने की पुलिस ने गुरूवार को गैर इरादतन हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त जनार्दन यादव पुत्र बृजनरायन उर्फ बिरजू यादव निवासी माधोपुर थाना चौराखास को गिरफ्तार किया। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# एससी-एसटी एक्ट में वांछित तीन लोग गिरफ्तार

**कुशीनगर।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये गये अभियान में पडरौना कोतवाली पुलिस ने एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त जमशेद पुत्र सरवर्दी, बाबूजान पुत्र ताज मुहम्मद निवासी कटनवार सुखपुरा एवं उमर फारुख उर्फ चुन्नू पुत्र लारी साहब निवासी जंगल अमवा कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल आशुतोष सिंह, चौकी प्रभारी सिधुवां धीरेन्द्र राय, कां. उमेश यादव, विशाल सिंह एवं सूरज मौर्या शामिल रहे।

# बाइक और नकदी के साथ दो अरोपी गिरफ्तार

कुशीनगर। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को रामकोला थाने की पुलिस ने साहबगंज पुल के पास से चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त राहुल प्रजापति पुत्र राजनन्दन प्रजापति निवासी जगदीशपुर थाना विजयीपुर जनपद गोपालगंज बिहार एवं सत्यनरायन गुप्ता पुत्र चन्द्रिका गुप्ता निवासी सिसवां करौदी थाना बरियारपुर जिला देवरिया को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी की बाइक, 1500 नगद एवं चोरी के उपकरण बरामद हुए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ आनंद गुप्ता, एसआई रंजित सिंह, अनिल यादव, कां. जयहिन्द यादव एवं चन्दन कुमार द्वितीय शामिल रहे।

# पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**कुशीनगर।** जिले में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में गुरूवार को मारपीट के मुकदमे में वारंटी कमला पुत्र स्व. बल्ली एवं राजमंगल पुत्र कमला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकड़े गये अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ ओमप्रकाश तिवारी, एसआई देवब्रत यादव एवं कांस्टेबल अनुराग यादव शामिल रहे।

# 24 घंटे के भीतर चोरी का मोबाइल बरामद

कुशीनगर। सेवरही थाने की पुलिस ने गुरूवार को 24 घंटे के भीतर चोरी हुए तीन मोबाइल फोन एवं 18 हजार रुपये नगदी के साथ शातित चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये चोर की पहचान अमित पटेल पुत्र कमलेश पटेल निवासी पकड़ियार थाना सेवरही के रूप में हुई।

# कड़ी सुरक्षा में निकला गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस

**उत्साह**

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर खड्डा कस्बे में तीन जगहों पर पंडालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं में से दो प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस गाजे बाजे के साथ गुरुवार को पुलिस सुरक्षा के बीच निकाला गया। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद प्रतिमाओं का विसर्जन भैंसहा व पनियहवा घाट पर विधि विधान से किया गया।

गणेश चतुर्वेदी के अवसर पर खड्डा कस्बे में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाती है। इस वर्ष भी स्टेशन रोड, सिनेमा रोड व राजश्री परिसर में श्री गणपति बाल सेवा व श्री गणपति सेवा समिति के पदाधिकारियों ने पंडालों में गणेश प्रतिमा स्थापित की थी।

पांच दिनों तक नगर में गणेश महोत्सव का आयोजन हुआ। इस दौरान झांकी, डांडिया नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। गणेश महोत्सव का समापन पांचवें दिन गुरुवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस निकाल कर किया गया। जिसमें श्रद्धालु देवा अगले वर्ष तू फिर आना... की धुन पर थिरकते नजर आए। जुलूस कस्बे के प्रमुख मार्गो से होते हुए भैंसहा व पनियहवा घाट पहुंचा। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं का नारायणी नदी में विसर्जन कर दिया। इस दौरान हरि मद्धेशिया, पवन मद्धेशिया, शुभम् रौनियार, सन्तोष, सज्जन मद्धेशिया, गोलू, अविनाश मल्ल आदि मौजूद रहे। जुलूस की सुरक्षा में इंस्पेक्टर अनिल सिंह, एसएसआई अखिलेश सिंह यादव, एसआई रणजीत तिवारी, शशांक राय, सिपाही चन्द्रशेखर चौहान आदि पुलिसकर्मी लगे रहे।



खड्डा में भारी सुरक्षा के बीच निकला गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस। ● हिन्दुस्तान

# डोल जुलूस विवाद के बाद प्रशासन अलर्ट

## मिश्रौली डोल मेले के दौरान सोहरौना गांव में जुलूस निकाले जाने को लेकर हुआ था विवाद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रामकोला।** रामकोला थाना परिसर में बृहस्पतिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें एएसपी रितेश कुमार सिंह, एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय, सीओ कुंदन सिंह, एसडीएम योगेश्वर सिंह ने लोगों से आने वाले त्योहार को सकुशल व शांतिपूर्वक संपन्न कराने की बात कही। अफसरों ने हिदायत दी कि यदि किसी ने त्योहार के दौरान खलल डालने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सोहरौना गांव में डोल जुलूस के दौरान हुए विवाद को देखते हुए पुलिस ने गांव के दोनों पक्षों के प्रधान

### आने वाले त्योहारों में खलल डालने की कोशिश की तो होगी सख्त कार्रवाई

समेत 200 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद कर दिया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मिश्रौली डोल मेले के दौरान सोहरौना गांव में जुलूस को लेकर विवाद हो गया था।

प्रशासनिक अफसरों ने विवाद खत्म कराया। तभी से प्रशासन अलर्ट है और त्योहारों से पहले ही विवादों का निस्तारण किया जा रहा है। बैठक में एडीएम न्यायिक प्रेम कुमार राय ने कहा कि आने वाले त्योहार मिल जुलकर मनाएं। कुछ शरारती तत्व विवाद उत्पन्न करते हैं, जिससे पूरे गांव का अमनचैन खत्म हो जाता है।

एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि कोई भी व्यक्ति शरारत करता है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

इस दौरान एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता, दीवान हिमांशु सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश शुक्ल, लक्ष्मण सिंह, सभासद मोइनुद्दीन अली, सभासद प्रतिनिधि राजेश यादव, साहबजादा, मौलाना आबिद अली, याकूब सरोना, प्रधान समीर अहमद, महेंद्र वर्मा, प्रदीप वर्मा, कृष्णा सोनी, लेखपाल उमेश शाही, कानूनगो राकेश लाल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# प्रमाण पत्र की जांच में फंस सकती है कई और की गर्दन

फॉलोअप

**तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के आरोप में हाथरस साइबर सेल के हत्थे चढ़े तमकुहीराज ब्लॉक के संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद प्रसाद का राज जैसे-जैसे खुल रहा है, कुछ अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों का गला फंसता दिख रहा है।

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में हुई जांच में आरोपी संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में तमकुही ब्लॉक में तैनात कुछ सचिवों के माध्यम से हजारों फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया है। सीएमओ की जांच में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया गया है कि एडीओ पंचायत के माध्यम से सचिवों के लिए जारी सीआरएस पोर्टल के यूजर आईडी एवं पासवर्ड का खूब दुरुपयोग किया गया है। इसका लाभ सीएससी संचालकों ने भी उठाया है कि नहीं, फिलहाल इसकी छानबीन चल रही है। कुशीनगर जिले में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के बाबत 4 जुलाई 2024 को डीपीआरओ के पत्र को संज्ञान लेकर सीएमओ ने जांच की थी। जांच के बाद 15 जुलाई को डीपीआरओ को भेजी गई अपनी जांच आख्या में सीएमओ ने स्पष्ट रूप से बताया है कि सीआरएस पोर्टल के यूजर आईडी एवं पासवर्ड का गलत इस्तेमाल तमकुही ब्लॉक में बखूबी किया गया है। गहनता से की गई सीआरएस पोर्टल की जांच पड़ताल में सीएमओ ने पाया कि तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत तिरमासाहुन में अन्य ग्राम पंचायतों की अपेक्षा अधिक संख्या में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है। सीएमओ की जांच में पाया गया कि तिरमासाहुन गांव के सचिव की आईडी-पासवर्ड से जारी फर्जी जन्म प्रमाण पत्र में भले ही आरोपी संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर का हाथ है, लेकिन इस खेल में बड़े जिम्मेदारों की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता।

# दुष्कर्म के आरोपी के घर नोटिस चस्पा

विशुनपुरा। चार माह पूर्व नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ दुष्कर्म व मारपीट के मामले में जटहां बाजार पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। इस मामले में अभियुक्त न्यायालय से फरार चल रहा है। गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर जटहां बाजार पुलिस ने धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस उसके घर पर चस्पा किया। बीते 3 मई को नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र की महिला ने जटहां बाजार थाने में तहरीर दी थी कि गांव का ही बिकाऊ रौनियार ने समूह से पैसा दिलाने के बहाने जटहां बाजार थाना क्षेत्र के मठिया प्रसिद्ध तिवारी स्थित डिग्री कालेज के पीछे ले जाकर दुष्कर्म व मारपीट किया।

# चोरी की बाइक के साथ दो अंतरप्रांतीय चोर गिरफ्तार

जासं,रामकोला: पुलिस ने गुरुवार को रामकोला नगर से सटे साहबगंज पुल के समीप दो अंतरप्रंतीय चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी की एक बाइक बरामद की है। एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दो चोर बाइक से पडरौना की ओर जा रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वाहनों की जांच शुरू कर दिए। इस दौरान दो लोग बाइक से आते दिखे, तो पुलिस ने उनसे कागजात मांगे पर वह नहीं दिखा सके।

पूछताछ में पता चला कि वह पहले से चोरी के मामले में वांछित हैं। बाइक चोरों की पहचान बिहार के गोपालगंज के विजयपुर जगदीशपुर निवासी राहुल प्रजापति व देवरिया के करौंदी बरियारपुर के सत्यनरायन गुप्ता के रूप में हुई। इनके पास से एक पेचकश भी बरामद हुआ।

## चोरी की तीन मोबाइल बरामद आरोपित गिरफ्तार

पडरौना: सेवरही पुलिस टीम ने चोरी के 24 घंटे के भीतर को नगर के पुराने मालगोदाम तिराहा से पकड़ियार निवासी अमित पटेल को गिरफ्तार करते हुए चोरी के तीन मोबाइल बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक श्री प्रकाश राय ने बताया कि बुधवार को तीन मोबाइल व 18 हजार रुपये चोरी की तहरीर मिली थी।जांच में आरोपित के बारे में सूचना मिली थी।

# स्कूल जा रही बालिका से वृद्ध ने की छेड़छाड़, गिरफ्तार

जासं, कसया: क्षेत्र के एक गांव में स्कूल जा रही बालिका से वृद्ध ने गुरुवार को छेड़छाड़ की। मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया, मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई में जुटी है। घटना दो दिन पूर्व की है।

तहरीर में कहा गया है कि आठ वर्षीय बालिका प्रतिदिन की भांति नौ सितंबर को स्कूल जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान कसया के 65 वर्षीय नागेंद्र पांडेय आया और पुत्री से छेड़छाड़ करने लगा।

वह रोते हुए वापस घर आई और पूरी बात बताई। आरोपित सुलह समझौता के लिए दबाव बना रहा था। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपित को हिरासत में लिया गया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

## दुष्कर्म के फरार आरोपित के घर नोटिस चस्पा

जागरण संवाददाता, भैरोगंज : चार माह पूर्व नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ जबरन दुष्कर्म व मारपीट के मामले में आरोपित फरार चल रहा है। गुरुवार को न्यायालय के आदेश पर जटहां बाजार थाना पुलिस ने उसके घर कुर्की का नोटिस चस्पा किया। बीते तीन मई को नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र की महिला ने जटहां बाजार थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप लगाया था कि बिकाऊ रौनियार, समूह से पैसा दिलाने के बहाने जटहा बाजार थाना के मठिया प्रसिद्ध तिवारी स्थित डिग्री कालेज के पीछे ले गया तथा जबरन दुष्कर्म व मारपीट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही है। न्यायालय के आदेश पर जटहा बाजार पुलिस ने आरोपित के घर पर नोटिस चस्पा किया।

# ईद-ए-मिलाद व बारावफात को मजिस्ट्रेट नामित

पडरौना, निज संवाददाता। त्योहारों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिये डीएम उमेश मिश्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में मजिस्ट्रेटो की तैनाती की है। इसके तहत 2 पर्यवेक्षक, 19 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 13 जोनल, 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जो अपने क्षेत्रों में मौजूद होकर त्योहारों को सकुशल संपन्न करायेंगे।

जिला मजिस्ट्रेट उमेश मिश्रा ने ईद ए मिलाद व बारावफात 16 सितंबर के समाप्ति तक त्योहार पर विशेष सतर्कता बरतते हुए शांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिये पर्यवेक्षक अधिकारी, सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, जोनल मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट को निकाय, तहसील, पुलिस चौकीवार नियुक्त किया है। डीएम ने बताया कि तहसील व नगर क्षेत्र कसया, फाजिलनगर, तहसील क्षेत्र हाटा, तमकुहीराज, दुदही, हाटा, सुकरौली व मथौली के लिये पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में प्रेम कुमार राय एडीएम (न्यायिक) को नामित किया है। तहसील क्षेत्र पडरौना, कप्तानगंज, रामकोला, खड्डा, छितौनी के लिये पर्यवेक्षक अधिकारी के रूप में वरूण सिंह प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिणी) को नामित किया गया है। जबकि सुपर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में 19 अधिकारियों को नामित कियागया है, जिसके अंतर्गत तहसील स्तर से एसडीएम व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी नामित किये हैं। जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में कुल 13 अधिकारियों को नामित गया है, जिसके अंतर्गत तहसीलदार सहित जनपदस्तरीय अधिकारियों को नामित किया गया है। इसके अलावा 37 सेक्टर मजिस्ट्रेट को पुलिस चौकी, कस्बा चौकी व प्रमुख चौक वार नामित किया गया है। इसमें जनपद स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि रिजर्व में 5 जोनल व 5 सेक्टर मजिस्ट्रेट भी नामित किये हैं। नोडल अधिकारी के रूप में एडीएम को नामित किया गया है। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया है कि अपने अपने तैनाती क्षेत्र में भ्रमण कर यह सुनिश्चित कर लेंगे कि ईद ए मिलाद व बारावफात के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थल पर अत्यधिक भीड़ के दृष्टिगत वहां कोई विवाद ना हो तथा सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। वर्तमान में धारा 163 लागू है।



हाटा कोतवाली परिसर में पीस कमेटी को संबोधित करते कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल।

## डीएम के निर्देश पर कलक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित

डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका नम्बर 05564-240590 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी व आलोक प्रियदर्शी डीपीआरओ को बनाया गया है, जो अपने अपने स्टाफ के साथ कंट्रोल रूम में उपस्थित रहेंगे।

## सौहार्दपूर्वक मनाएं परंपरागत त्योहार

हाटा। स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में गुरुवार को बारावफात को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। इसमें नगर सहित क्षेत्र के दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहे।

इस अवसर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल ने कहा कि त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की परंपरा हम सभी को बनाए रखनी है। त्योहारों का आनंद तभी है जब हम सब मिल कर उस का आनंद लें। किसी भी प्रकार की कोई नई परंपरा की शुरुआत नहीं की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों या किसी भी प्रकार का उपद्रव करने वाले की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। कोतवाल ने सभी को अवगत कराते हुए कहा कि जुलूस में किसी भी प्रकार का शस्त्र लेकर चलना मना है। उन्होंने कहा कि इस समय गांवों में चोरों के आने की अफवाहें तेजी से फैली है जो निराधार है। अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। कानून अपने हाथ में कदापि ना लें, हो सकता है कि वह संदिग्ध व्यक्ति गांव के किसी का रिस्तेदार हो, इसलिए अफवाहे से दूर रहें। बैठक में एसएसआई मंगेश कुमार मिश्र, नगर चौकी प्रभारी अनुराग शर्मा, सुकरौली चौकी इंचार्ज नागेंद्र चौहान, प्रधान नंदकिशोर यादव, विजय राय रहे।

# मादक पदार्थ की तस्करी में एक वर्ष का कारावास

जासं, पडरौना : मादक पदार्थ तस्करी के मामले में एक अभियुक्त को आपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस ने पैरवी कर पांच हजार रुपये अर्थदंड के साथ ही एक वर्ष के कारावास की सजा कराई। सेवरही थाना के नगर पंचायत सेवरही के पटेल नगर के दीपक वर्मा के विरुद्ध मादक पदार्थ तस्करी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। दारोगा दीपक सिंह, अभियोजक हरिनारायण तिवारी ने इसमें प्रभावी पैरवी की।



मौके पर जानकारी लेते एसडीएम कप्तानगंज योगेश्वर सिंह बाएं • जागरण

# ब्रह्मस्थान के निर्माण के विवाद का एसडीएम ने कराया समाधान

जासं, रगड़गंज : नगर पंचायत रामकोला के वार्ड शिवनगर स्थित ब्रह्मस्थान की सफाई व सुंदरीकरण का कार्य ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा था। दूसरे समुदाय के लोगों ने बीते दस सितंबर को को कार्य रोक दिया। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने एसडीम कप्तानगंज से की थी। गुरुवार को एसडीएम योगेश्वर सिंह टीम साथ मौके पर पहुंचे। दोनों पक्ष को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

दरअसल, ब्रह्मस्थान लेकर दोनों समुदायों के बीच पिछले दो दिन से

**रामकोला के शिवनगर वार्ड में दो समुदायों के बीच चल रहा था विवाद, धार्मिक स्थल पर हो रहे कार्य करा दिया गया था बंद**

तनाव बढ़ता जा रहा था। हिंदू और मुस्लिम पक्ष आमने-सामने की स्थिति में आ रहे थे। एसडीएम ने मामले की संवेदनशीलता को समझा और मौके पर पहुंचे। ब्रह्मस्थान पर ही दोनों पक्षों के साथ बैठक की। आपसी सहमति बनी और सभी लोग मान गए।

# छात्र का पीछा करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा

जागरण संवाददाता, दुद्धी: उपनगर के एक कारोबारी पुत्र के अपहरण के उद्देश्य से युवक द्वारा पडरौना से स्कूल तक रेकी करने के मामले में पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज किया है। उसे कई दिनों से रेकी करने के बाद बुधवार को बस चालक की पहचान पर स्वजन पकड़ कर पुलिस को सौंप दिए थे। छात्र के पिता भरत कुमार रौनियार ने तहरीर में लिखा है कि अनुराग रौनियार पडरौना के सेठ जयपुरिया स्कूल में कक्षा नौ का छात्र है। वह बस से विद्यालय आता-जाता है। मंगलवार को दुद्धी में किराए पर रह रहे राजस्व कर्मी का रिश्तेदार बिहार के पश्चिमी चंपारण के भितहां प्रखंड के अररिया निवासी साहिल रहमान रेकी करते हुए स्कूल पहुंच कर उसे झांसा देकर बुलाना चाहा,लेकिन सफल नहीं हो सका। एसएचओ रामसहाय चौहान ने बताया कि नामजद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# भूमि विवाद में चार पर मारने पीटने का मुकदमा दर्ज

जासं, मंसाछापर : जटहां बाजार थाना के पुर्नहां गांव के रहने वाले घरभरन ने भूमि विवाद में गांव के चार लोगों पर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

घरभरन की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि रामआशीष से उनका भूमि विवाद चल रहा है। इसको लेकर रामआशीष, अयोध्या,दुर्गेश व गोविंद ने मंगलवार को उसकी पत्नी को पीटने लगे। वह लोग घर में भागे तो घर में भी हमलावर घुस गए और मारपीट कर घायल कर दिए। गांव के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विशुनपुरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# चोरों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े दे रहे घटना को अंजाम

जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टी : तुर्कपट्टी क्षेत्र में दिन दहाड़े घरों में चोरी हो रही है। इससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। लोग घर छोड़ कर कहीं जा नहीं पा रहे हैं। बीते दो माह में एक दर्जन चोरी की घटनाएं हुई हैं। अधिकांश घटनाएं दिन में हुई हैं। पुलिस चोरों का पता नहीं लगा पा रही है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है।

थाना क्षेत्र के रुदवलिया में बीते तीन जुलाई की रात अंशुमान चौहान के घर से नकदी सहित आभूषण चुरा ले गए। मधुरिया के चौहान पट्टी में सात अगस्त को चोर दिन में ही श्याम सुंदर राजभर के घर से नकदी सहित सामान व आभूषण ले गए। महासोन निवासी ओमहरि शर्मा की मधुरिया चौहान पट्टी में बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से नौ अगस्त की रात शटर का ताला तोड़ कर सीसी कैमरा चुरा ले गए। इसी रात इसी गांव में ओमप्रकाश चौहान के घर में सेंध काट कर 66 हजार रुपए नकदी व आभूषण चुरा ले गए। जोकवा बाजार में मोतीलाल गुप्ता की मिठाई की दुकान की आलमारी तोड़ कर छह लीटर दूध का पैकेट चुरा ले गए। जोकवा बाजार में महबूब अंसारी दुकान के बाहर सोए थे, उनका मोबाइल चोरी हो गया। 16 अगस्त की रात मधुरिया चौहान पट्टी में घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे वीरेंद्र चौहान व सुंद्रेश चौहान की पत्नी का मोबाइल चोरी हो गया। 28 अगस्त की रात बरवा राजापाकड़ में करमैनी मार्ग स्थित शौकत गद्दी की भैंस चोरी हो गई। छह सितंबर को सपही टड़वा से जल निगम का मोटर चोरी हो गया। सात सितंबर को अमवा दूबे गांव के एक घर में चोरी हुई। राजापाकड़ में मोटर चोरी, नौ सितंबर को फिर राजापाकड़ में दिन दहाड़े ताला बंद मकान में चोरी हुई। 11 सितंबर को किशुनदेव पट्टी में दिन दहाड़े लाखों की चोरी हुई। इससे क्षेत्रीय लोग अब दिन में भी अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। साथ ही पुलिसिया कार्य प्रणाली पर सवाल भी उठने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि सुरक्षा के लिए लोगों को खुद जागना पड़ रहा है।

> थाना क्षेत्र में हुई चोरियों में मुकदमा दर्ज हुआ है। इनके पर्दाफाश के लिए एसओजी व स्वाट सहित थाने की पुलिस लगाई गई है। शीघ्र ही पर्दाफाश किया जाएगा।
>
> **-अभिषेक अजेय**, सीओ सदर, कुशीनगर

# एससी-एसटी एक्ट के केस में वांछित तीन गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में वांछित जमशेद, बाबूजान व उमर फारुख उर्फ चुन्नू लारी निवासी अमवा जंगल कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में इंस्पेक्टर आशुतोष कुमार सिंह के अलावा अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। संवाद

**चोरी के तीन मोबाइल और 18 हजार के साथ एक गिरफ्तार : पडरौना।** सेवरही थाने की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी गए तीन मोबाइल व 18 हजार रुपये के साथ एक शातिर को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान अमित पटेल के रूप में हुई है। संवाद

# शांति कमेटी की बैठक

**हाटा।** कोतवाली परिसर में बृहस्पतिवार की शाम को बारावफात को लेकर शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में बारावफात को पारंपरिक और शांति पूर्ण ढंग से मनाने और संपन्न करने पर चर्चा हुई। कोतवाल ने बैठक में पहुंचे लोगों से त्योहार के दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा। कोतवाल सुशील कुमार शुक्ला ने कोतवाली परिसर में हुई बैठक में कहा कि बारावफात का त्योहार पूर्व में चली आ रही परंपरा के अनुसार पूरी शांति के साथ मनाया जाएगा।

**हाटा कोतवाली में हुई बैठक**

कहीं से कोई दिक्कत होती है, तो आप तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे पुलिस समय से मौके पर पहुंच कर समस्या का समाधान करा सके। कोतवाल ने सख्त लहजे में कहा कि त्योहार के नाम पर किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की इजाजत नहीं होगी। इस दौरान कोतवाल ने बैठक में पहुंचे लोगों से कहा कि कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि गांवों में लोग चोर होने की शक में आम नागरिक की पिटाई कर दे रहे हैं, जो गलत है। अगर कोई व्यक्ति संदिग्ध दिख रहा है, तो उसे पकड़ कर सुरक्षित ढंग से पुलिस को सौंप दें। बैठक में टीपू खान, बबलू खान, सैफुद्दीन आलम, इबारत अली, रियाकत अली, आरिफ अंसारी, समीर अली, मेहताब आलम आदि मौजूद रहे। संवाद

# नाबालिग छात्रा से बुजुर्ग ने की छेड़खानी, केस दर्ज

**पकवा इनार/ कसया।** कसया थाना क्षेत्र के कुशीनगर नगर पंचायत के एक वार्ड में स्कूल जा रही आठ वर्षीय छात्रा से उसके ही वार्ड के निवासी बुजुर्ग ने छेड़खानी की। बालिका ने इसकी जानकारी मां को दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो व छेड़खानी का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसके पूर्व भी आरोपी मोहल्ले में ऐसी हरकतें कर चुका है। सोमवार को स्कूल जाने के लिए आठ वर्षीय छात्रा बस आने का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान छात्रा के ही वार्ड का निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग वहां पहुंचा और छेड़खानी करने लगा। संवाद

# चोरी की घटना से सहमे लोग, रात भर जागते रहे

**पडरौना।** मोतीचक ब्लॉक क्षेत्र में इन दिनों हुई कई जगह चोरी की वारदातों से लोग हलकान हैं। प्रशासन की तरफ से कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, देख गांव के लोग लाठी-डंडा लेकर रातभर गश्त कर रहे हैं। मोतीचक क्षेत्र के पुरैनी गांव के 12 युवाओं ने निगरानी टीम तैयार कर रात में गश्त कर रहे हैं। खेत, खलिहान, गली, चौराहे पर गश्त जारी है। रात के समय आने वाले लोगों की पहचान की पुष्टि होने पर ही उन्हें गांव में घुसने दिया जा रहा है। गांव के शैलेश राय ने बताया कि रात नौ बजे से भोर के तीन बजे तक गांव के युवा गश्त कर रहे हैं। संवाद

# पुलिस ने दो वारंटी किए गिरफ्तार

**पडरौना।** जटहा बाजार थाने की पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों कमला व राजमंगल निवासी एकवनही उर्फ भगवतपुर छोटकी थाना जटहा बाजार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ ओमप्रकाश तिवारी, एसआई देवव्रत यादव, कांस्टेबल अनुराग यादव शामिल रहे। संवाद

# नौकरी और खेत बंटवारे के नाम पर ठगी का आरोप



ठगी के शिकार लोगों ने पडरौना कोतवाली में दिया तहरीर। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## पीड़ितों की तहरीर पर नहीं हुई कार्रवाई तो एसपी से मिलकर लगाई न्याय की गुहार

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र के चैती मुसहरी के तीन लोगों ने गांव के ही एक युवा नेता पर नौकरी दिलवाने और खेत का बंटवारा कराने के नाम पर ठगी का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो बृहस्पतिवार को पीड़ितों ने एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई।

आरोप है कि न तो नौकरी लगी और न ही दिया गया रुपया वापस किया जा रहा है। आरोप यह भी है कि किसी सत्ता पक्ष के मंत्री का रौब युवा नेता दिखा रहा है। इस मामले में रुपये लेते हुए युवक का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चैती मुसहरी गांव निवासी दीप नारायन ने एसपी को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके गांव के एक युवा नेता ने उनके पोते को नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख रुपये ले लिए हैं। जब नौकरी नहीं लगी तो रुपये वापस नहीं कर रहा है, और मंत्री के नाम का रौब दिखाते हुए धमकी दे रहा है।

इस मामले में पीड़ित ने युवा नेता का रुपये लेते हुए वीडियो भी बना लिया और उसे वायरल कर दिया। वहीं, इसी गांव के रहने वाले मुखलाल चौहान ने भी आरोप लगाया कि उनके बेटे की नौकरी लगाने के नाम पर 30 हजार रुपये कथित युवा नेता ने लिए हैं। गांव के तीसरे पीड़ित अर्जुन चौहान ने खेत बंटवारा कराने के नाम पर 30 हजार रुपये देने का आरोप युवक पर लगाया है।

# कारोबारी के पुत्र के अपहरण की रेकी करने वाले युवक पर केस

## नगर पंचायत का मामला, स्कूल बस ने की पहचान तो पकड़ा गया

अमर उजाला फॉलोअप

### परिजनों ने पकड़ पुलिस को सौंपा, पुलिस कर रही है आरोपी से पूछताछ

संवाद न्यूज एजेंसी

दुदही। दुदही नगर पंचायत के एक कारोबारी के पुत्र का अपहरण करने के लिए एक युवक पडरौना के स्कूल तक रेकी कर रहा था। कई दिनों तक रेकी करने के बाद बुधवार को बस चालक की ओर से पहचान कराने पर परिजनों ने उसे पकड़ लिया।

इस मामले में छात्र के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। आरोपी पुलिस की हिरासत में है और उससे पूछताछ की जा रही है।

नगर पंचायत दुदही के कारोबारी भरत कुमार रौनियार का पुत्र अनुराग रौनियार पडरौना के सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में कक्षा नौवीं का छात्र है। वह रोजाना पढ़ने के लिए बस से विद्यालय आता-जाता है। मंगलवार को दुदही के एक कारोबारी के यहां किराये पर कमरा लेकर बिहार के अररिया के भितहां प्रखंड के बिनही में तैनात एक राजस्व कर्मी मोहतिज रजा के रिश्तेदार साहिल रहमान ने अपने रिश्तेदार के चार पहिया वाहन से स्कूल में जाकर अनुराग को खबर भेजवाया कि उसके पापा उसे बुला रहे हैं।

स्कूल का कर्मी अनुराग को बाहर लेकर आया तो उसने साहिल रहमान को पहचानने से इन्कार कर दिया। इसके बाद जब छात्र बस से स्कूल के लिए चला तो बस का पीछा करते हुए युवक दुदही तक आया। घर जाकर छात्र ने परिजनों से सारी बात बताई। अगले दिन बुधवार को स्कूल जाने से उसने मना कर दिया। इसके बाद अनुराग के पिता भरत से बस चालक ने पूरी बात बताई। रेलवे स्टेशन चौराहे पर बस चालक ने युवक साहिल रहमान को पहचान लिया और इसकी सूचना परिजनों को दे दी। इसके बाद वहां पहुंचे परिजनों ने युवक को धरदबोचा और पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में छात्र अनुराग के पिता भरत रौनियार की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रामकोला। रामकोला थाना क्षेत्र के साहबगंज पुल के पास चोरी की बाइक से बिहार जा रहे दो युवकों को रामकोला पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान चोरी की बाइक होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। रामकोला थाने के एसएचओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि साहबगंज पुल पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान गोपालगंज जिले के विजयपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी राहुल प्रजापति व सत्यनरायन गुप्ता निवासी सिसवा थाना बरियारपुर जिला देवरिया बाइक लेकर पहुंचे। पुलिस को देखते ही दोनों रास्ता बदलने की फिराक में थे। संवाद

# धार्मिक स्थल निर्माण को लेकर दो समुदाय आमने-सामने

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** धार्मिक स्थल निर्माण को लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने हो गए। मामला बढ़ता देख डीह स्थान का निर्माण कराने वाले पक्ष के लोग थाने पहुंच गए।

इसके बाद पुलिस-प्रशासन सक्रिय हुआ। कप्तानगंज एसडीएम योगेश्वर सिंह और रामकोला पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन के सामने भी दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे को गलत ठहराते हुए कहासुनी करने लगे। एसडीएम और नायब तहसीलदार ने दोनों पक्ष से अलग-अलग बात कर मामला शांत कराया। इसके बाद डीह बाबा स्थान का निर्माण कार्य शुरू हुआ। माहौल को देखते हुए गांव में शाम तक पुलिस मौजूद रही।

रामकोला थाना क्षेत्र के मोतीपाकड़ गांव में डीह बाबा स्थान पर चारदीवारी का निर्माण एक समुदाय के लोग बृहस्पतिवार को करा रहे थे। इसकी

## पुलिस और एसडीएम के हस्तक्षेप के सुलझा मामला निर्माण कार्य शुरु

जानकारी होने पर दूसरे समुदाय के लोग पहुंचे और पास खुद की जमीन बताते हुए निर्माण कार्य रोक दिया। इसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी और जानकारी होने पर दोनों समुदाय के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। निर्माण कराने वाले पक्ष के लोग थाने पहुंच गए।

पुलिस ने इसकी जानकारी कप्तानगंज एसडीएम योगेश्वर सिंह को दी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह को लेकर मौके पर पहुंचे। निर्माण कार्य कराने वाले लोगों ने तर्क दिया कि पुरानी बाउंड्री तोड़कर नई बाउंड्री का निर्माण कराया जा रहा है। नींव की ईंट देखी गई तो पुरानी ईंट थी।

प्रशासन ने गांव के बुजुर्गों और मौजूद लोगों से वार्ता के बाद बाउंड्री का निर्माण कराने का आदेश दिया गया।

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

## जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद आयोजित करेगा महोत्सव

# मनोज तिवारी, मोनाली व बी प्राक बांधेंगे समा

**महराजगंज महोत्सव**

- शिक्षा, साहित्य, लोकनृत्य कला से जुड़े कई कार्यक्रम बनेंगे आकर्षण का केंद्र
- गोरखपुर से अलग होकर दो अक्तूबर 1989 को जिला बना था महराजगंज

महराजगंज महोत्सव का लोगो।

> महराजगंज महोत्सव की तैयारी शुरू कर दी गई है। तीन दिन चलने वाले महोत्सव की शाम में सिने स्टार व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, भारतीय फिल्मों की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर व सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित पंजाबी सिंगर बी प्राक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। महोत्सव से जिले की संस्कृति, इतिहास व यहां के धरोहर को पहचान मिलेगी। **-डॉ. पंकज कुमार वर्मा**, एडीएम

**महराजगंज, निज संवाददाता।** पहली अक्तूबर से शुरू हो रहे महराजगंज महोत्सव की नाइट्स इस बार भी कई सितारों से सजेगी। भोजपुरी सिने स्टार व गायक मनोज तिवारी, फिल्म केसरी में अपनी तेरी मिट्टी में मिल जाऊं से वैश्विक पहचान बनाने लोकप्रिय पंजाबी सिंगर, कंपोजर व म्यूजिक डायरेक्टर बी प्राक व बॉलीवुड फिल्मों की पार्श्व गायिका मोनाली ठाकुर अपनी प्रस्तुति से महोत्सव की समां बांधेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली है। स्टार सितारों ने महोत्सव में अपनी प्रस्तुति के लिए स्वीकृति दे दी है। पहले दिन मोनाली ठाकुर, दूसरे दिन मनोज तिवारी और तीसरे दिन बी प्राक महराजगंज महोत्सव में अपनी प्रस्तुति देंगे।

गोरखपुर से अलग होकर महराजगंज दो अक्तूबर 1989 को अलग जिला बना था। जनपद के सृजन दिवस पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद अक्तूबर माह के पहले, दूसरे व तीसरे तारीख को महराजगंज महोत्सव का आयोजन करता है। जिले में डीएम रह चुके दीपक अग्रवाल, अमरनाथ उपाध्याय, सत्येन्द्र कुमार के बाद अब अनुनय झा के प्रयास से महराजगंज महोत्सव में शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, इनोवेशन समेत कई कार्यक्रम का आगाज होगा। जिले के बाल व अन्य कलाकारों को अपनी पहचान बनाने के लिए मंच मिलेगा। ऑडिशन के द्वारा कलाकारों का महोत्सव में प्रस्तुति देने के लिए चयन होगा। इसके लिए महोत्सव से जुड़े कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग कमेटियों के गठन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**बी प्राक को मिला चुका है सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर का राष्ट्रीय अवार्ड :** पंजाबी सिंगर बी प्राक को फिल्म केसरी का गाना तेरी मिट्टी के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर का 67वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है। पंजाबी फिल्म में नाम कमाने के बाद बी प्राक ने बॉलीवुड इंडस्ट्री में कई हिट गाने दे चुके हैं। बागी फिल्म में टाइगर श्राफ व श्रद्धा कपूर पर फिल्माए गए गीत छम छम को अपनी आवाज से सभी वर्ग के लिए कर्णप्रिय बना चुकी मोनाली ठाकुर बदरी की दुल्हनिया की टाइटिल गीत के अलावा कई भारतीय फिल्म के लिए गीत प्रस्तुत कर चुकी हैं। सिने भोजपुरी अभिनेता मनोज तिवारी के भी लाखों के दीवाने हैं।

# 30 साल पहले हुई हत्या के मामले में तीन को उम्रकैद

## फैसला

- पनियरा क्षेत्र के वादी ने भाई की हत्या का लगाया था आरोप
- राजाराम पर वर्ष 2017 में गैंगस्टर एक्ट में दर्ज किया था मुकदमा

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** 30 वर्ष पहले हुई हत्या के एक मामले में कोर्ट ने तीन लोगों के खिलाफ आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार का अर्थदंड लगाया गया है।

वादी जगदीश चौबे निवासी ग्राम निपनिहा थाना पनियरा की तहरीर पर परसामलिक थाने में किशुन, मूलचंद और रामनारायण निवासी ग्राम रेहरा टोला बेलभार थाना परसामलिक के खिलाफ हत्या के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ था। वादी में आरोप लगाया था कि इन तीनों ने उसके भाई की हत्या कर दी थी। एडिजीसी संतोष कुमार मिश्र ने पैरवी करते हुए गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर सजा की मांग की। इस मामले में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने तीनों आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास का फैसला सुनाया है। जुर्माना की रकम न जमा करने पर इन्हे छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इसी क्रम में विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट ने राजाराम उर्फ भंगी निवासी सुरपार नर्सरी थाना पुरंदरपुर को कच्ची शराब बनाने और बेचने तथा संगठित अपराध करने के आरोप में दो वर्ष का सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए जुर्माना का फैसला सुनाया है। जुर्माना न जमा करने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। राजाराम के खिलाफ वर्ष 2017 में पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज किया था और यह मुकदमा विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट के कोर्ट में विचाराधीन था। इसी दिन एक अन्य फैसला अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या एक ने सुनाया है।

रामनारायण निवासी रेहरा थाना परसामलिक के खिलाफ वर्ष 1993 में आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज था। इस मुकदमें की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उसे एक वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपए जुर्माना जमा करने का फैसला दिया है। जुर्माना न जमा करने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

ूजल भवन (रा0भू0सू0प्र0के0)
शहीद पथ, लखनऊ।
87233

# शिक्षक पर हमला कर किया लहूलुहान

**दुस्साहस**

- परसामलिक क्षेत्र के महदेइया चौराहे के पास हुई घटना
- कॉलेज से दो छात्र किए गए थे निलंबित, रंजिश में हमला करने का आरोप

**भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद ।** परसामलिक थाना क्षेत्र के महदेइया चौराहे के पास गुरुवार की सुबह बाइक से कालेज जा रहे शिक्षक पर दर्जन भर गोलबंद लोगों ने हमला कर दिया। शिक्षक को दौड़कर पीटते हुए लहूलुहान कर दिया गया और धमकी दी गई। बताया जा रहा है कालेज से दो छात्रों को निलंबित किया गया था, जिससे नाराज छात्रों ने शिक्षक पर हमला बोला। शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने दो छात्रों सहित दस अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

परसामलिक क्षेत्र के ग्राम सिरसिया मशर्की टोला पिपरवास निवासी अभिमन्यु वरूण रतनपुर में स्थित विश्वम्भर नाथ जनता इण्टरमीडिएट कालेज में विद्यालय प्रबन्धन की तरफ से शिक्षक हैं। गुरुवार की सुबह महदेइया चौराहे के पास उन पर दर्जन भर की संख्या में रहे युवकों ने हमला बोल दिया। शिक्षक ने तहरीर में लिखा है कि बुधवार को 12वीं का छात्र बृजेश कुमार यादव व सचिन ने शरारत की। शिक्षकों ने दोनों को बुलाकर डांट लगाई और प्रबंधन ने दोनों को निलंबित कर दिया। शिक्षक ने आरोप लगाया कि इसी से खार खाए दोनों ने अपने सहयोगियों से मिलकर उन पर हमला बोला। शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने बृजेश यादव व सचिन समेत दस अज्ञात छात्रों पर 191(2), 115 (2), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। एसओ उमेश कुमार का कहना है कि शिक्षक की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। वहीं, प्रधानाचार्य प्रभात कुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनों छात्रों को उनकी शरारत पर निलंबित किया गया था।

---

### जनपद में नेपाली ट्रक से रक्त चंदन की बरामदगी के बाद रातभर हुई कार्रवाई, नौतनवा का एक गोदाम किया गया सील

# रातभर छापेमारी, ढाई करोड़ का चंदन बरामद

**फॉलोअप**

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** इंडो-नेपाल बॉर्डर सोनौली से कस्टम की टीम ने बुधवार की शाम नेपाली ट्रक से रक्त चंदन की बरामदगी के बाद पूरी रात छापेमारी की। ट्रक के अंदर कैविटी से डेढ़ टन रक्त चंदन बरामद होने के बाद सुरक्षा एजेंसी के जिम्मेदारों के माथे पर बल आ गए। फिर पूरी रात एक गोदाम में छापेमारी की गई तो रक्त चंदन की खेप ढाई टन तक पहुंच गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत ढाई करोड़ बताई जा रही है।

कस्टम उपायुक्त वैभव सिंह ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत में इस बरामदगी का खुलासा किया। बताया कि टीम को देर शाम नौतनवा बाईपास के एक गोदाम से चंदन की लकड़ी ट्रक में लोड किए जाने की जानकारी मिली। इसके बाद कस्टम विभाग ने बंद पड़े उक्त गोदाम में छापेमारी की तो वहां पर छिपाकर रखा गया करीब एक टन रक्त चंदन की लकड़ी बरामद हुई। वहीं ट्रक से डेढ़ टन चंदन की बरामदगी हुई।



डीसी कस्टम वैभव सिंह ने रक्त चंदन की बरामदगी की जानकारी दी।



नौतनवा के गोदाम को कस्टम ने चंदन की बरामदगी के बाद सील कर दिया।

**ट्रक में छिपाकर रखे गए थे चंदन के बोटे:** नेपाली ट्रक में नौतनवा के बाईपास स्थित एक गोदाम से ट्रक में बने कैबिटी में छिपाकर चंदन के बोटे रखे गए थे। बंद बॉडी के नेपाली ट्रक कुछ भी सामान लोड किये बिना नेपाल सीमा में प्रवेश करने वाला था कि सूचना के आधार पर कस्टम ने उसे रोक लिया। बाहर से कुछ नजर न आने पर अधिकारियों ने ट्रक के अंदर बने कैविटी को गैस कटर से कटवाए तो उसमें बड़े पैमाने पर रखी चंदन की लकड़ी देख सभी दंग रह गए। यहां से ट्रक को नौतनवा कस्टम कार्यालय लाया गया और पूरी टीम जांच में जुट गई।

### कारोबार में संलिप्त तस्कर फरार

नेपाली ट्रक में चंदन की लकड़ी बरामद होने के बाद से कारोबार में संलिप्त तस्कर भूमिगत हो गया है। जिस गोदाम से ट्रक में चंदन की लकड़ी लादी गई थी, उसका संचालक भी गोदाम में ताला जड़ फरार हो चुका है। कस्टम टीम ने छापेमारी कर गोदाम का ताला तोड़ जांच शुरू की तो वहा भी एक टन रक्त चंदन बरामद हुआ। जानकारों की मानें तो दक्षिण भारत से लेकर नेपाल सीमा और चीन की सीमा तक तस्करों का एक बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है।

## धीरे-धीरे सीमा पर इकट्ठा होता है रक्त चंदन!

**नौतनवा, हिन्दुस्तान संवाद।** चीन में रक्त चंदन की अधिक डिमांड होने की वजह से बेखौफ तस्कर दक्षिण भारत के कर्नाटका से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में वाहनों के जरिए नौतनवा व सोनौली के गोदाम में इकट्ठा कर रहे थे। यहां से नेपाल की सीमा पार कराने के बाद काठमांडू पहुंचाना था। बुधवार को इसकी कोशिश तो हुई, लेकिन कस्टम ने इसे नाकाम कर दिया। लेकिन सीमा से चंदन की इस बड़ी खेप की बड़ी बरामदगी ने एजेंसियों के माथे पर बल ला दिया है।

सूत्रों की मानें तो तीन सालों से सीमा पर यह खेल हो रहा है। नौतनवा बाईपास पर स्थित एक गोदाम को चिह्नित किया जा रहा है। इससे अंदाजा लगा पाना भी काफी मुश्किल है कि कितने बड़े पैमाने पर रक्त चंदन की तस्करी भारत से होते हुए नेपाल से चीन को हो चुकी होगी? नेपाली ट्रक के सीलिंग में बनाए गए कैबिटी में चंदन की लकड़ी इस तरह छिपाकर रखी जा रही थी की ट्रक की जांच के दौरान कुछ भी न मिले। नेपाली ट्रक का इस्तेमाल इसलिए किया गया ताकि लोगों को शक न हो। ट्रक कभी सामान लाद कर तो कभी खाली ही नेपाल से भारत की सीमा में आता-जाता रहा है।

खाली ट्रक सीमा पर अवगमन करने पर सुरक्षा एजेंसियों को भी कभी संदेह तक नहीं हुआ। जबकि सीमा पर आने जाने वालों आम नागरिकों व वाहनों को सुरक्षा में लगी एजेंसियों के कई तरह की जांच से होकर गुजरना पड़ता है।



एसपी सोमेन्द्र मीना ने गुरुवार को पुरंदरपुर थाने का निरीक्षण किया।

# पुरंदरपुर थाने पहुंचे एसपी, लिया जायजा

**पुरंदरपुर।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने गुरुवार को पुरंदरपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया।

# हिस्ट्रीशीटर कर रहा था नकली करेंसी का कारोबार

**हि फॉलोअप**

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** इंडो-नेपाल बार्डर के ठूठीबारी कस्बे में नकली व चलन से बाहर हो चुके 1.44 लाख रुपये नोट की बरामदगी में यह बात सामने आई है कि ठूठीबारी कोतवाली का एक हिस्ट्रीशीटर नकली करेंसी का कारोबार कर मीडिया की आड़ में कर रहा था। नकली व बंद हो चुके नोट के साथ पकड़े गए आरोपित के खुलासा के बाद ठूठीबारी पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ भी केस दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है।




नकली करेंसी संग पकड़ा गया आरोपित।

## सुरेंद्र के अपराधों की लंबी फेहरिस्त, जा चुका है जेल

नकली व बंद हो चुके नोट के साथ पकड़े गए राम विनोद ने बताया कि उसके सहयोगी सुरेन्द्र कुमार दूबे ने करेंसी उसे रखने के लिए दिया था। बताया कि इसे किसी को देना है। सुरेन्द्र दूबे के नाम सामने आने पर ठूठीबारी पुलिस जांच में जुट गई। पता चला कि सुरेन्द्र कुमार दुबे उर्फ मनोज कुमार द्विवेदी थाना ठूठीबारी का हिस्ट्रीशीटर भी है। इसका एचएम नंबर 17ए है। पूर्व में फर्जी करेन्सी नोट के मामले में जेल भी जा चुका है। उसके खिलाफ सिन्दुरिया, निचलौल, बरगदवा, कोतवाली, पड़रौना थाना में आठ केस दर्ज हैं। पडरौना में वर्ष 2001 में एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई हुई थी। वर्ष 2002 उसमें उसके खिलाफ कोतवाली पुलिस केटा एक्ट व यूपी गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई कर चुकी है।

इंडो-नेपाल बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए एसपी सोमेन्द्र मीना ने अभियान शुरू कराए हैं। उसी का परिणाम है कि ठूठीबारी की मंडी में नकली नोट देकर सूखी मछली खरीदने पर दुकानदार ने लोगों के साथ एक आरोपित को पकड़ लिया। उसका दूसरा साथी मौके से फरार हो गया। आरोपित की पहचान रामविनोद शर्मा (50) निवासी हरिहरपुर थाना सिंदुरिया के रूप में हुई। उसके पास से पांच सौ रूपये के दस जाली नोट का कुल पांच हजार रूपया, पुराना बंद हो चुका पांच-पांच सौ का 45 हजार रूपया व एक-एक हजार रूपया की 99 हजार की करेंसी मिली। एक हजार रूपया का नेपाली जाली नोट भी मिला। उसके पास से न्यूज पोर्टल का प्रेसकार्ड भी बरामद हुआ। इस मामले में राम विनोद शर्मा व सुरेन्द्र कुमार दुबे उर्फ मनोज कुमार द्विवेदी निवासी गड़ौरा थाना ठूठीबारी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

# मारपीट मामले में 4 के खिलाफ केस

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही टोला लेदी में बुधवार को हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष के त्रिभुवन चौधरी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसके गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसे लाठी-डंडा से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में पुलिस ने सुनील, विशाल, विजय कुमार और मदन किशोर सभी निवासी लेदी फार्म के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। एसओ देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# 17 बोरी धान बरामद आरोपी हुआ फरार

खनुआ। सोनौली पुलिस मुखवीर की सूचना पर भगवानपुर गांव के पास से धान बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सौंप दिया। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव के पास से 17 बोरी धान लावारिस बरामद किया गया है।

# चोरी का आरोपित गिरफ्तार

चौक बाजार : खोस्टा गांव में मंगलवार की रात एक व्यक्ति के घर में घुसकर मोबाइल व पायल चुराने के मामले में चौक पुलिस ने बुधवार को चोरी का मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को रात में ही गिरफ्तार कर लिया है। चौक थानाक्षेत्र के खोस्टा गांव निवासी मनोज सोनी ने गुरुवार को चौक थानाध्यक्ष को तहरीर देकर गांव के ही एक युवक सूरज भारती पर मंगलवार की रात में ग्यारह बजे के करीब घर में घुसकर मोबाइल व पायल चुराने का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष राहुल शुक्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# सोनौली में ढाई करोड़ रुपये की लाल चंदन की लकड़ी बरामद

**जासं, नौतनवा (महराजगंज) :** भारत से तस्करी कर नेपाल ले जाई जा रही प्रतिबंधित डेढ़ टन लाल चंदन की लकड़ी सोनौली बैरियर पर पकड़ी गई। इसे कंटेनर की छत पर गुप्त स्थान बनाकर छिपाया गया था। टीम ने कुछ देर बाद सोनौली कस्बे में बाईपास पर बने गोदाम पर छापा मारकर एक टन लकड़ी और बरामद की। पकड़ी गई लकड़ी की कीमत ढाई करोड़ रुपये है। कस्टम अधिकारियों ने गोदाम को सील कर दिया, लेकिन सिंडिकेट से जुड़ा कोई तस्कर नहीं पकड़ा जा सका। कस्टम उपायुक्त वैभव कुमार सिंह ने बताया कि एक सूचना पर कस्टम अधीक्षक एसके पटेल व डीके अस्थाना के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों को क्षेत्र में सक्रिय किया गया। देर शाम एक कंटेनर सोनौली कस्बे में खड़ा मिला। इसे नौतनवा कस्टम कार्यालय



बरामद लाल चंदन की लकड़ी ● जागरण

लाकर ढाला खोला गया तो यह खाली मिला। गहनता से जांच की गई तो छत में गुप्त स्थान बनाकर उसमें लाल चंदन की लकड़ियां छिपाई गई थीं। पुनः सूचना मिलने पर बनैलिया मंदिर चौराहा के निकट बाईपास पर स्थित गोदाम में छापा मारकर लकड़ी बरामद की गई। अधिकारियों ने लाल चंदन को जब्त करते हुए ट्रक एवं गोदाम को सील कर दिया।

संबंधित खबर >> 5

# महराजगंज महोत्सव :मोनाली, मनोज तिवारी और बी–प्राक छेड़ेंगे तराना

जागरण संवाददाता, महराजगंज : जनपद स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी महराजगंज महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार महोत्सव में प्रथम दिवस मशहूर गायिका मोनाली ठाकुर, दूसरे दिन मनोज तिवारी और तीसरे दिन बी-प्राक अपने सुरों का जलवा बिखेरने का कार्य करेंगे। महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां जोरो-शोरों से शुरू कर दी हैं।



मनोज तिवारी



बी प्राक



मोनाली ठाकुर

- महोत्सव के दौरान प्रत्येक दिन चार सत्रों में आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

समारोह के पहले दिन, एक अक्टूबर को बॉलीवुड की मशहूर गायिका मोनाली ठाकुर अपने संगीत से दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। "मोह मोह के धागे" और "संवार लूं" जैसे सुपरहिट गानों से प्रसिद्ध मोनाली ठाकुर अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगी और दर्शकों को एक अविस्मरणीय संगीत अनुभव प्रदान करेंगी। इसी क्रम में दूसरे दिन भोजपुरी के सुपरस्टार मनोज तिवारी अपने धमाकेदार गानों से महफिल सजाएंगे। मनोज तिवारी की आवाज और उनके हिट गाने भोजपुरी संगीत प्रेमियों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं, और उनकी प्रस्तुति महोत्सव में एक विशेष आकर्षण होगी। महोत्सव के अंतिम दिन, तीन अक्टूबर को प्रसिद्ध गायक और म्यूजिक डायरेक्टर बी-प्राक (प्रतीक बच्चन) अपनी बेहतरीन गायकी से दर्शकों का दिल जीतेंगे। "तेरी मिट्टी" और "रांझा" जैसे हिट गानों के गायक बी प्राक अपने भावुक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में हर दिन शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे, जिसमें संगीत और मनोरंजन का भरपूर संगम देखने को मिलेगा। महराजगंज महोत्सव 2024 में जिले भर से लोग जुटेंगे और यह आयोजन जनपद के सांस्कृतिक धरोहर को और समृद्ध करेगा।

एडीएम डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया महोत्सव की तैयारियां की जा रही हैं। तीनों दिनों कुल चार-चार सत्रों में कार्यक्रमों का विभाजन करते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो महोत्सव की सुंदरता में चार चांद लगाने का कार्य करेंगे।

# नाबालिग को बेचने के मामले में तीन गिरफ्तार

पकड़ी विशुनपुर : घुघली थाना क्षेत्र की नाबालिग लड़की को गोरखपर रेलवे स्टेशन से बहला फुसलाकर भगाने और अभियुक्तों के हाथों बेचने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष रामचरन सरोज ने बताया 26 जून को नाबालिग लड़की को गोरखपर रेलवे स्टेशन से बहला फुसलाकर इब्राहिम अली निवासी नन्दौर थाना बखिरा संतकबीर नगर, शीला चौहान निवासी बद्धेश्वर बादलखेडा कालोनी थाना पारा जनपद लखनऊ, संतोषी ग्राम कहली थाना बडी बहदा जनपद हरदोई, हाल पता राजाजीपुरम थाना तालकटोरा लखनऊ भगा ले गया। इसके बाद तीनों आरोपितों ने उसे बंदायू के दो युवकों को बेच दिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही थी। इसमें फरार एक युवक नाबालिक को साथ रख कर दुष्कर्म करता रहा। पुलिस टीम ने सात सितंबर को नाबालिग को बरामद कर लिया। पुलिस ने इब्राहिम अली, शीला चौहान और संतोषी को महराजगंज जनपद के शिकारपुर चौराहे से दोपहर में गिरफ्तार कर लिया।

# 31 वर्ष पुराने हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

जागरण संवाददाता, महराजगंज : 31 वर्ष पूर्व परसामलिक थाना क्षेत्र के निपनिया गांव में रंजिश को लेकर गांव के खेत में चाकू से गला काटकर हुई सभापति चौबे की हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायालय ने तीन आरोपितों को दोषी सिद्ध किया है। न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों को आजीवन कारावास समेत 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।



मृतक सभापति के भाई जगदीश चौबे ने 10 जुलाई 1993 को परसामलिक थाने में मुकदमा दर्ज कराया था, कि उनके भाई की गांव के ही तीन लोगों ने मिलकर सरेराह खेत में दौड़ाकर गला काटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया था। जिसके बाद आरोपित कुछ दिनों तक जेल में रहे और उसके बाद जमानत पर बाहर आ गए थे।

न्यायालय में सुनवाई के बाद न्यायालय ने हत्या के इस मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष कुमार मिश्रा ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर बहस करते हुए आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिसपर न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों शामिल अभियुक्तों किशुन, मूलचंद और रामनयन के विरुद्ध सजा सुनाई है।

# थाने के निरीक्षण में आसन्न त्योहारों को लेकर पुलिस कर्मियों को सहेजा

## पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को पुरंदरपुर थाने का किया निरीक्षण

जागरण संवाददाता आनंदनगरः कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीना ने गुरुवार की शाम सात बजे थाना पुरंदरपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आसन्न त्योहार के मद्देनजर सभी पुलिस कर्मी सतर्क रहें और छोटी से छोटी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय से निस्तारण सुनिश्चित कराएं।

इस दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय को देखा। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर ,त्योहार रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक किया तथा थानों पर हो रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी और मातहतों को निर्देश दिया।



पुरंदरपुर थाने का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ( दाएं से दूसरे ) ● जागरण

उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी कि वह समस्त कार्यों व दायित्वों का निर्वहन सही तरीके से करें। बीट आरक्षी, मुख्य आरक्षी अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर, वहां के संभ्रांत लोगों के नियमित संपर्क में रहें। क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतों का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करें। इस दौरान थाने के सभी पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

# चेक से 18 लाख निकालने के प्रयास में तीन पर मुकदमा



- भिटौली थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस
- खाते से 590 रुपये चार्ज कटने पर उजागर हुआ मामला

जागरण संवाददाता, भिटौली: चेक चोरी कर 18 लाख रुपये धन निकासी करने की कोशिश में भिटौली पुलिस तीन आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस को दिए तहरीर में भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम किशुनपुर निवासी आशुतोष जायसवाल ने बताया कि धर्मपुर स्टेट बैंक के बगल में उनकी हार्डवेयर की दुकान है। दुकान पर रवि शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी ग्राम भैंसी थाना भिटौली ने करीब 10 वर्षों तक काम किया। एक वर्ष पूर्व उसने पारिवारिक कारण बताकर काम छोड़ दिया। काम छोड़ने के बाद भी वह अक्सर दुकान पर आता था और छोटा-मोटा काम भी करता था। इसी दौरान उसने मेरे काउंटर से पार्टी को देने के लिए पूर्व से हस्ताक्षरित मेरे फर्म जनता इंटर प्राइजेज का स्टेट बैंक का चेक संख्या 218219 गड्डी से फाड़कर निकाल लिया। इस चेक को रवि लेकर अपने दो मित्रों शिवेंद्र वर्मा भैंसी तथा विनोद यादव परसिया के सहयोग से चेक में 18 लाख की रकम भरकर उसे नगर सहकारी बैंक शाखा शिकारपुर खाता संख्या 001213180000000169 में लगा भी दिया। 23 अगस्त को मेरे मोबाइल नंबर 8737013974 पर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा भिटौली से बैंक खाते से 590 रुपये चेक बाउंस होने का चार्ज कटने का संदेश आया तो हैरत में पड़ गए। बैंक जाकर पता किया तो चेक का मामला उजागर हुआ। व्यवसाई ने इसकी सूचना साइबर थाने पर दी। थानाध्यक्ष भिटौली दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया की तहरीर मिली है। तीनों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो सप्ताह बाद दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, बृजमनगंज: बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पुरंदरपुर के टोला कमनहा में दो सप्ताह पूर्व हुई बाइक से दुर्घटना के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक के पिता लालमन की तहरीर पर एक आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। घास काटकर घर जा रहे इसी टोले के निवासी युवक प्रदीप को मोटरसाइकिल सवार विकास ने पीछे से ठोकर मार कर घायल कर दिया था। जिसमें युवक की जबड़े की हड्डी भी टूट गई। जिसका इलाज गोरखपुर में एक निजी अस्पताल में चल रहा है।

थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि घायल युवक के पिता की तहरीर पर वाहन चालक विकास निवासी ग्राम सभा हाथीगढवा टोला बेलौहा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# छात्रा को भगाने के मामले में नेपाली युवक पर मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, सिंदुरियाः सिंदुरिया थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग छात्रा को नेपाल के एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार, उनकी बेटी जो कक्षा 10 की छात्रा है और सिंदुरिया क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में पढ़ती है। 11 सितंबर को स्कूल जाते समय गायब हो गई। सुबह लगभग 10 बजे, जब वह स्कूल जा रही थी, तब नेपाल के एक युवक ने उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया।

सिंदुरिया थानाध्यक्ष अखिलेश बर्मा ने बताया कि आरोपित की पहचान नेपाल के नवलपरासी जिले के सलवार गांव पालिका 4 बटसारे निवासी दीपेन्दर के रूप में हुई है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए नेपाल पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

# साजिश के तहत युवती को भगाने का आरोप छह पर मुकदमा

जासं, सिंदुरियाः थाना क्षेत्र के एक युवती को गांव के ही एक परिवार द्वारा साजिश के तहत भगाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में कुल छह आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पिता के मुताबिक उनकी पुत्री को एक युवक शादी का झांसा देकर भगा ले गया है। इस कार्य में उसके परिवार और आस-पास के कुल छह लोगों पर आरोप लगाया है। पिता ने आशंका जताई है, कि उसकी पुत्री के साथ कहीं कोई आपराधिक घटना न हो जाए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपित व्यासमुनि चौधरी के साथ रामजन्म चौधरी, सोहावती, ममता, प्रतिमा और केशव चौधरी के विरुद्ध साजिश के तहत भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिंदुरिया थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि मामले जांच पड़ताल की जा रही है।



निचलौल थाना में गिरफ्तार आरोपितों के साथ पुलिस टीम • जागरण

# छठ घाट भूमि पर कब्जा कर रहे छह युवक गिरफ्तार, जेल

जागरण संवाददाता, झुलनीपुर: थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा से सटे ग्राम झुलनीपुर में गुरुवार को कुछ युवक छठ घाट की भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे थे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद सभी युवकों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान भेज दिया।

थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि झुलनीपुर के काली मंदिर के पास कुछ भूमि विवादित है। उसी भूमि से महज कुछ दूरी पर सरकारी भूमि पर छठ पूजा घाट बने हैं। जहां पर कुछ युवक अवैध कब्जा कर रहे थे।

मौके से आरोपित युवक हजरत अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद याकूब अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, तबरेज अंसारी, वसीउल्लाह अंसारी निवासी झुलनीपुर को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। जहां से अभियुक्तों को जेल भेज दिया।

# नेपाल में 'चल' जा रहे भारत के बंद नोट

## भारत में बंद हो चुके 500 व 1000 रुपये के पुराने नोट बदल रहा नेपाली सिंडिकेट

विश्वदीपक त्रिपाठी • जागरण

महराजगंज : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 08 नवंबर 2016 को देश में 500 और 1000 के जिन नोटों के बंद होने (चलन से बाहर) की घोषणा की थी, वह आज भी नेपाल में खपाए जा रहे हैं। नेपाल में घुसपैठ बना चुका सिंडिकेट स्थानीय लोगों व सुरक्षा एजेंसियों की आंखों में धूल झोंक कर इस धंधे को अंजाम दे रहा है। कैसीनो व सुदूरवर्ती बाजारों में इन नोटों को खपाने के एवज में नोट मालिक को एक तिहाई या उससे कम दाम मिल रहा है।

भारत में नोटबंदी के बाद नेपाल ने भी अपने देश में भारतीय 100 रुपये के नोट को छोड़कर 200, 500, 1000 व 2000 के नोटों पर प्रतिबंध लगा दिया था। बाद में नेपाल राष्ट्र बैंक देश के विभिन्न बैंकों में 500 के 68,147 नोट और 1000 के 16,552 के नोट मौजूद होने की जानकारी दी थी। यद्यपि नेपाल में होटल, ढाबा, जनरल स्टोर, टूर एंड ट्रैवेल्स व्यवसाय से जुड़े लोगों के पास भारतीय मुद्रा बची थी, जिसे लेकर कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिला। पता चला है कि नेपाल से भारत में मुद्रा हस्तानांतरण को लेकर समझौता होने की उम्मीद है, जिसकी प्रत्याशा में सिंडिकेट से जुड़े सदस्य भारत में बंद मुद्रा को नेपाल में औने-पौने दाम पर खपाने का काम कर रहे हैं। बुधवार को महराजगंज में सीमा पर 500 और 1000 के बंद हो चुके 199 नोटों के साथ पकड़े गए करियर रामविनोद शर्मा से पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिलीं हैं। सिंडिकेट से जुड़े जिले के गड़ौरा निवासी सुरेंद्र कुमार दुबे की तलाश में भी छापेमारी चल रही है। इसके पहले मई 2018 में बस्ती में पुलिस ने पांच लोगों के पास से 500 व 1000 के एक करोड़ 11 लाख रुपये बरामद किए थे। गिरफ्तार लोगों में दो आजमगढ़ के व तीन नेपाल के थे। पूछताछ में पता चला था कि इन नोटों को नेपाल में खपाने की योजना थी। इसके अलावा पांच जून 2018 को गाजियाबाद पुलिस ने नेपाल ले जाए जा रहे एक करोड़ पुराने नोटों के साथ 10 लोगों को गिरफ्तार किया था।

**मनी एक्सचेंजर व हवाला के धंधेबाज भी शामिल** : भारत-नेपाल सीमा पर बड़ी संख्या में मनी एक्सचेंजर व हवाला के धंधेबाज सक्रिय हैं। सीमावर्ती भारतीय क्षेत्र के बाजारों में भी यह धंधेबाज अपनी पैठ बनाकर चलन से बाहर के नोटों को खपाने का काम कर रहे हैं।

> भारत में चलन से बाहर नोटों को वर्ष 2016 में ही नेपाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। नेपाल में भारतीय 100 रुपये के नोट ही चलन में है। नेपाल सीमा से सटे ठूठीबारी में प्रतिबंधित नोट व नकली भारतीय नोट बरामद हुए हैं। इस संबंध में भारतीय सुरक्षा एजेंसियों से संपर्क कर आवश्यक इनपुट भी जुटाए जा रहे हैं ।
>
> रंजीत सिंह राठौर, एसपी, रूपन्देही( नेपाल)

## चलन से बाहर व जाली नोट के साथ पकड़े गए आरोपित को जेल

- चलन से वाहर हुए पांच सौ व एक हजार के रुपये की वरामदगी का मामला
- फरार दूसरे अभियुक्त की तलाश में जुटी पुलिस टीम

जागरण संवाददाता, ठूठीवारीः चलन से बाहर हुए पांच सौ व एक हजार के 1.44 लाख रुपये तथा पांच हजार रुपये जाली भारतीय मुद्रा और एक हजार रुपये नेपाली जाली मुद्रा के साथ भारत-नेपाल सीमा के ठूठीबारी कस्बे में स्थित मछली मंडी से पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया है।

बुधवार की सुबह राजकुमार चौधरी, मथुरा साहनी, सोनू श्रीवास्तव, पवन साहनी व दुर्गेश रौनियार, हिमांशु वर्मा, रूपेश निगम व गुड्डू कसौंधन ने रामविनोद शर्मा निवासी हरिहरपुर थाना सिंदुरिया जिला महराजगंज को पकड़ा था। जबकि दूसरा आरोपित फरार हो गया है। पकड़े गए युवक की बाइक की डिक्की में से 500 रुपये की 10 जाली भारतीय नोट (5000 रुपये) व पांच सौ रुपये की पुरानी बंद नब्बे नोट (45000 रुपये), एक हजार रुपये की पुरानी बंद 99 नोट (99000 रुपये) व एक हजार की एक जाली नेपाली नोट बरामद की गई थी। थानाध्यक्ष ठूठीबारी योगेंद्र कुमार ने कहा कि पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त राम विनोद ने बताया कि यह पुरानी नोट व जाली नोट को मेरे सहयोगी सुरेन्द्र कुमार दुबे निवासी गड़ौरा ने मुझे रखने के लिये दिया था।

**फरार सुरेंद्र दुबे ठूठीबारी का हिस्ट्रीशीटर** : सुरेन्द्र कुमार दुबे उर्फ मनोज कुमार द्विवेदी थाना ठूठीबारी का हिस्ट्रीशीटर है। पूर्व में वह फर्जी करेंसी, नोट के मामले में जेल भी जा चुका है। इसके विरुद्ध विभिन्न मामलों में सिंदुरिया, निचलौल, बरगदवा, कोतवाली, पड़रौना में कुल आठ मुकदमे दर्ज है। पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है।

# मारपीट में चार के विरुद्ध केस दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही टोला लेदी में बुधवार को हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़ित पक्ष के त्रिभुवन चौधरी की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसके गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश को लेकर उसे लाठी-डंडे से मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले में पुलिस ने सुनील, विशाल, विजय कुमार और मदन किशोर सभी निवासी लेदी फार्म के खिलाफ मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संवाद

# 17 बोरी धान बरामद, आरोपी फरार

**खनुआ।** सोनौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भगवानपुर गांव के पास से धान बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए नौतनवा कस्टम को सौंप दिया है। सोनौली थानाध्यक्ष अंकित सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के भगवानपुर गांव के पास से 17 बोरी धान बरामद कर कस्टम को सौंप दिया है। संवाद

# बालश्रम रोकने, कानूनी कार्रवाई पर की चर्चा

**महराजगंज।** पुलिस लाइंस महराजगंज में क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध कुमार की अध्यक्षता में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा हुई। प्रशिक्षु पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप शिखा वर्मा ने पिछले माह की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना पर जोर दिया। पूर्वांचल ग्रामीण सेवा समिति के बाल संरक्षण अधिकारी श्रवण कुमार ने बालश्रम रोकने एवं कानूनी कार्रवाई पर चर्चा की। संवाद

# सिगरेट पीने से किया मना तो शिक्षक को पीटा

परसामलिक। छात्रों को सिगरेट पीने से मना करना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। आरोप है कि स्कूल जाते समय महदेईया चौराहे पर छात्रों ने शिक्षक को रोककर पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद समेत 10 अज्ञात छात्रों पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## दो नामजद समेत 10 अज्ञात छात्रों पर केस दर्ज, जांच शुरू

ग्राम पंचायत सिरसिया मशर्की टोला पिपरवास निवासी अभिमन्यु वरूण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रतनपुर में विश्वम्भर नाथ जनता इंटरमीडिएट कॉलेज में शिक्षक हैं। बुधवार को विद्यालय में शिक्षण कार्य चल रहा था। विद्यालय के कक्षा 12वीं के कुछ छात्र शौचालय में सिगरेट पीकर फेंक दिए थे। दोनों छात्रों को बुलाकर डांट फटकार लगाई थी।बृहस्पतिवार की सुबह बाइक से कॉलेज जा रहा था। तभी महदेईया चौराहे के पास दर्जनों छात्रों ने रोककर पिटाई कर दी। घायल होने के बाद फरार हो गए। थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि शिक्षक की तहरीर पर दो नामजद व 10 अज्ञात छात्रों केस दर्ज हुआ है। संवाद

# नशे में वाहन चलाने वालों की खैर नहीं, होगी कार्रवाई



ई-रिक्शा चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच करते यातायात प्रभारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** नशे में वाहन चलाकर यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों की अब खैर नहीं है। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर जुर्माना तथा अन्य कार्रवाई की जा सकती है। ट्रैफिक पुलिस ने इसके लिए कार्ययोजना तैयार की है।

हर रूट पर ब्रेथ एनालाइजर की मदद से लोगों की जांच होगी कि वाहन चालक ने शराब का सेवन तो नहीं किया है। शाम छह बजे से देर रात तक यह अभियान प्रभावी रखा जाएगा।

यातायात नियमों का अनुपालन करने के लिए परिवहन विभाग व ट्रैफिक पुलिस लगातार जागरूकता अभियान संचालित करता रहता है। बावजूद नियमों का पालन न करने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। युवाओं में शराब का सेवन कर वाहन दौड़ाने के मामले बढ़ते जा रहे हैं। ड्रिंक के बाद वाहन चलाने वालों का दिमागी नियंत्रण नहीं रह जाता जिससे दुर्घटना का डर बना रहता है, क्योंकि ऐसे चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते। अब इसपर नियंत्रण स्थापित करने के लिए ट्रैफिक पुलिस सक्रिय हो रहा है। यातायात प्रभारी अरुणेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना कानून अपराध है।

## शाम छह बजे से देर रात तक ब्रेथ एनालाइजर से होगी जांच

इस पर नियंत्रण स्थापिण करने के लिए ट्रैफिक पुलिस हर रूट पर जांच अभियान प्रारंभ करने जा रहा है। शाम छह बजे से रात 11 बजे तक हर रूट पर जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। ब्रेथ एनालाइजर की मदद से पता किया जाएगा कि वाहन चालक ने शराब का सेवन किया है अथवा नहीं। मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाने व सुरक्षित यातायात के मद्देनजर इस अभियान को प्रभावी किया जा रहा है।

## छठ घाट भूमि पर कब्जा कर रहे छह युवक गिरफ्तार

**निचलौल।** क्षेत्र के भारत नेपाल बॉर्डर से सटे झुलनीपुर में कुछ युवक छठ घाट की भूमि पर कब्जा कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच छह युवकों को गिरफ्तार कर किया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया की क्षेत्र के झुलनीपुर गांव स्थित काली मंदिर के पास कुछ भूमि विवादित है। दूसरी ओर छठ पूजा घाट बने हैं। जहां पर कुछ युवक कब्जा कर रहे थे। सूचना के बाद मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी युवक हजरत अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, मोहम्मद याकूब अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी, तबरेज अंसारी, वसीउल्लाह अंसारी निवासी झुलनीपुर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर चालान कर दिया गया है। संवाद

## युवती को भगा ले गया युवक, छह पर केस

**सिंदुरिया।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती को साजिश के तहत भगाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पीड़ित के अनुसार, गांव के ही एक युवक उनकी बेटी को शादी का झांसा देकर भगा ले गया। साजिश में आरोपी के परिवार समेत छह लोग शामिल हैं। सिंदुरिया थानाध्यक्ष अखिलेश वर्मा ने बताया कि छह लोगों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

## युवक को टक्कर मारने वाले बाइक सवार पर केस

**बृजमनगंज।** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पुरंदरपुर के टोला कमनहा में दो सप्ताह पूर्व हुई बाइक से दुर्घटना के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक के पिता लालमन की तहरीर पर एक के विरुद्ध केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, दो सप्ताह पूर्व घास काटकर घर जा रहे कमनहा टोला निवासी प्रदीप को बाइक सवार ने पीछे से ठोकर मार दिया था, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि वाहन चालक विकास निवासी ग्राम सभा हाथीगढ़वा टोला बेलौहा के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। संवाद

# गैर इरादतन हत्या में तीन को आजीवन कारावास की सजा

## जुलाई 1993 का मामला, पहले किया था फायर बाद में पकड़कर चाकू से काट दिया था गला

**अदालत से**

**20 हजार प्रत्येक पर जुर्माना लगा**

**परसामलिक पुलिस ने दर्ज किया था केस**

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक पवन कुमार श्रीवास्तव ने गैर इरादतन हत्या में तीन दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 20-20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

अभियोजन अधिकारी के अनुसार, 10 जुलाई वर्ष 1993 को ग्राम चौबे थाना परसामलिक, जनपद महराजगंज निवासी जगदीश चौबे पुत्र रामनरायन चौबे वादी और उसके भाई सभापति चौबे व विरेन्द्र चौबे, उसके चाचा राजनरायन चौबे मिश्रौलिया बाजार से पेड़ारी चौराहा पर शाम को 6:20 बजे आए थे।

तभी किशुन, रामनरायन यादव तथा मूलचंद यादव काशी की चाय के दुकान की तरफ से कट्टा और चाकू लेकर उसके भाई सभापति चौबे को जान से मारने की नीयत से दौड़ा लिए।

सभापति अपनी जान बचाने के लिए भागे। तब तक शाह अली के खेत में जाते जाते ही किशुन ने सभापति पर कट्टा से फायर कर दिया। मूलचंद ने दौड़ाकर सभापति को पकड़कर पटक दिया। इतने में मूलचंद व किशुन सभापति का हाथ पैर पकड़ लिए।

रामनरायन ने चाकू से सभापति का आधा गर्दन काट दिया। वह लोग शोर मचाते पहुंचे, तब तक तीनों भाग गए। मौके पर जाकर देखा गया तो सभापति की मौत हो थी।

इस वारदात में परसामलिक पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध गैर इरादतन समेत अन्य मामले में केस दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को न्यायालय ने सुनवाई करते हुए दोषी किशन, रामनरायन, मूलचंद को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

### गैंगस्टर में दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**महराजगंज।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट नंबर एक फूलचंद कुशवाहा ने बृहस्पतिवार को गैंगस्टर के मामले की सुनवाई की। अभियुक्त राजाराम उर्फ भंगत्पर आरोप सिद्ध होने पर दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रुपये का जुर्माना लगाया है। अभियोजन अधिकारी के अनुसार, वर्ष 2017 में तत्कालीन पुरंदरपुर थानाध्यक्ष अपने हमराहियों के साथ मोहनापुर में वाहन जांच कर रहे थे। इसी दौरान अवैध शराब का धंधा करने वाले अभियुक्त राजाराम उर्फ भंगी सूरपार थाना पुरंदरपुर जनपद महराजगंज को दबोच लिया था। इसमें पुलिस ने कार्रवाई कर विवेचना शुरू किया। जांच की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। अभियुक्त अपने साथी रामरतन के साथ कच्ची शराब के धंधे को आगे बढ़ाने के लिए गैंग बनाकर काम कर रहा था। इसमें पुलिस आरोप के आधार पर दोषी के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। संवाद

### एक दिन न्यायिक अभिरक्षा की सजा

**चोरी में पांच पांच हजार का जुर्माना**

महराजगंज। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने चोरी के मामले में चार अभियुक्तों को एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा दी। अभियुक्त सतीश लाल, गुड्डू उर्फ शमसुद्दीन, संतबली पिपरा तहसीलदार थाना क्षेत्र फरेंदा व जनार्दन अचलगढ़ थाना क्षेत्र पुरंदरपुर को जेल में बिताई गई अवधि व एक दिन न्यायिक अभिरक्षा की सजा दी।

5000-5000 रुपये प्रत्येक को अर्थदंड लगाया है। इसी क्रम में मारपीट के मामले में अभियुक्त सीताराम व रामप्रीत गोपालपुर बृजमनगंज को जेल में बिताई गई अवधि जुर्माना प्रत्येक को 500-500 रुपये लगाया है।

इसके अलावा अन्य मामले में एक दिन न्यायिक अभिरक्षा व जुर्माना 2000-2000 रुपये लगाया है। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट में एक को दो वर्ष का कारावास

जासं, महराजगंज : पुरंदरपुर थाना क्षेत्र में गिरोह बनाकर अवैध शराब निष्कर्षण मामले में गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त सूरपार नर्सरी के रहने वाले राजाराम उर्फ भंगी को न्यायालय ने दोषी सिद्ध करार देते हुए अभियुक्त को दो वर्ष के सश्रम कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता सर्वेश्वर मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुरंदरपुर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध वर्ष 2017 में गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। जिसके बाद मामले में न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई है।

# जाली नोट संग गिरफ्तार आरोपी भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज/ठूठीबारी। ठूठीबारी क्षेत्र में नकली करेंसी के साथ पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। उसके साथी की तलाश कर रही है।



आरोपी।

पुलिस के मुताबिक, बुधवार को दो संदिग्ध व्यक्ति कस्बा ठूठीबारी में मथुरा साहनी की दुकान पर आकर सूखी मछली खरीदकर 500 के जाली नोट दे रहे थे। राजकुमार चौधरी ने एक आरोपी को पकड़ लिया। उसकी पहचान रामविनोद शर्मा निवासी हरिहरपुर थाना सिंदुरिया के रूप में हुई। उसके पास से 500 सौ रुपये के 10 जाली नोट, 500 रुपये के पुराने 90 नोट और एक हजार रुपये की पुरानी 99 नोट, एक हजार की एक जाली नेपाली नोट व एक प्रेस कार्ड मिला। आरोपी के पास से एक बाइक मिली।

## कथित पत्रकारिता की आड़ में हिस्ट्रीशीटर कर रहा था तस्करी गाड़ी और आई कार्ड भी बरामद

पूछने पर राम विनोद ने बताया कि पुराने और जाली नोट को मेरे सहयोगी सुरेन्द्र कुमार दुबे ने मुझे रखने के लिए दिया था। जांच के दौरान यह पता चला की सुरेन्द्र कुमार दुबे उर्फ मनोज कुमार द्विवेदी थाना ठूठीबारी का हिस्ट्रीशीटर भी है। पूर्व में फर्जी करेंसी के मामले में जेल भी जा चुका है।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# तार लगाने से रोका तो युवक की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थानान्तर्गत आमकोईल गांव के रहने वाले अब्दुल रऊफ के घर के सामने से विपक्षी इसरार अली जबरदस्ती बिजली का तार ले जा रहा था। जिसपर अब्दुल रऊफ ने यह कहते हुए तार ले जाने से रोकने लगा कि घर के सामने से बिजली का तार गुजरने के कारण उसका परिवार असुरक्षित है, जिनके साथ कभी भी विद्युतीय घटना घटित हो सकती है। लेकिन विपक्षियों ने उनकी बात नही मानी और गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारापीटा तथा टीन सेड आदि उखाड़कर फेक दिया। मामले में पीड़ित अब्दुल रऊफ पुत्र साहब अली निवासी आमकोईल थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इसरार अली पुत्र शौकत अली, नूरजहां पत्नी इसरार अली निवासीगण आमकोईल थाना लालगंज, सद्दाम, छोटू पुत्रगण कुर्बान निवासीगण मड़या चौराहा थाना खलीलाबाद कोतवाली जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध धारा 324(4), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख की ठगी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** अध्यापक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से जालसाजो ने लाखो रूपये लिये थे। नौकरी न मिलने पर पीड़ित ने पैसा वापस मांगा तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानाक्षेत्र के धुसुरिया गांव निवासी सत्यराम को अध्यापक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर विपक्षी जगराम, राम प्रकाश व खुशीराम वर्मा नाम के व्यक्तियों द्वारा बारी बारी से करके दो लाख पचास हजार रूपये लिया था। जब सत्यराम को काफी दिनों बाद नौकरी नही मिली तो वह अपना पैसा वापस मांगने लगा। लेकिन विपक्षियों ने उसका पैसा हड़ने के साथ ही जाति सूचक गालियां देते हुए पैसे दुबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दिया। थक हार कर पीड़ित सत्यराम पुत्र श्यामलाल निवासी धुसुरिया न्यायालय की शरण में पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी। जहां से न्यायालय के आदेश पर नगर पुलिस ने आरोपी जगराम पुत्र राम बुझारत, राम प्रकाश पुत्र राम दुलारे निवासीगण रसूलपुर थाना पुरानी बस्ती तथा खुशीराम वर्मा पुत्र मोतीराम वर्मा निवासी महादेवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा के विरुद्ध धारा 406, 504, 506 आईपीसी व 3(1)द, ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# न्यायालय के आदेश पर ऋणी व गारेन्टर पर मुकदमा

**बभनान(एसएनबी)**। पैकोलिया थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा वाहन के नाम पर फाइनेंस कंपनी से ऋण लेकर हड़पने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर ऋणी तथा गारंटर पर मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार श्रीराम फाइनेंस कंपनी कटरा बस्ती के प्रबंधक वरुण कुमार सिंह ने न्यायालय में वाद दाखिल कर आरोप लगाया है कि वाहन के नाम पर गजियापुर निवासी अभिषेक सिंह ने पैंतीस लाख लोन लिया जिसके दुबौलिया थानाक्षेत्र के पिपरा बृजलाल राम जानकी रोड निवासी आलोक सिंह गारेंटेड थे। लोन लेने के बाद किस्त नही जमा कर रहे थे। वसूली के लिए घर जाने पर उनके पिता ने मोबाइल से बात कराया तो अपशब्द कहते हुए जान-माल की धमकी दिया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए कोर्ट ने गारंटर तथा ऋणी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। थानाध्यक्ष संजू यादव ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर दोनों पर सुसंगत धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर मामले की बिबेचना की जा रही है।

# रंजिश को लेकर महिला की पिटाई, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** वाल्टरगंज थानान्तर्गत अगया गांव में कान्ती देवी के पट्टीदार रामरूद्र, चिन्ता देवी, राजेश व राधिका द्वारा एकराय होकर पुरानी रंजिश के विवाद में गालियां दे रहे थे। जिन्हें कान्ती देवी ने ऐसा करने से मना किया तो लोगो ने मिलकर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता कान्ती देवी पत्नी अशीष कुमार निवासिनी ग्राम अगया थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामरुद्र पुत्र सोमई, चिन्ता देवी पत्नी रामरूद्र, राजेश पुत्र रामरुद्र, राधिका पत्नी रमेश निवासीगण अगया थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 115(2), 352, 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिला की पिटाई में पति सहित चार नामजद

**बस्ती (एसएनबी)।** कलवारी थानान्तर्गत अगौना गांव की रहने वाली रीमा देवी को उसके पति गेणश द्वारा पिटाई की गयी। जिसकी सूचना फोन पर रीमा ने अपने मायके में दिया। सूचना पाकर मायके से रीमा के भाई पंकज कुमार, अंगद व शिवशंकर तथा माँ शीला देवी लोगो को समझाने बुझाने के लिए उसके ससुराल अगौना आयी थी। जहां पर पति गणेश, देवर महेश, रामजीत व रमेश द्वारा लोगो को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता रीमा पत्नी गणेश निवासिनी अगौना थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति गणेश पुत्र सुभावन, महेश पुत्र सुभावन, रामजीत पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, रमेश पुत्र जियालाल निवासीगण अगौना थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 115(1), 352, 351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## तार लगाने से रोका तो युवक की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)।** लालगंज थानान्तर्गत आमकोईल गांव के रहने वाले अब्दुल रऊफ के घर के सामने से विपक्षी इसरार अली जबरदस्ती बिजली का तार ले जा रहा था। जिसपर अब्दुल रऊफ ने यह कहते हुए तार ले जाने से रोकने लगा कि घर के सामने से बिजली का तार गुजरने के कारण उसका परिवार असुरक्षित है, जिनके साथ कभी भी विद्युतीय घटना घटित हो सकती है। लेकिन विपक्षियों ने उनकी बात नही मानी और गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारापीटा तथा टीन सेड आदि उखाड़कर फेक दिया। मामले में पीड़ित अब्दुल रऊफ पुत्र साहब अली निवासी आमकोईल थाना लालगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी इसरार अली पुत्र शौकत अली, नूरजहां पत्नी इसरार अली निवासीगण आमकोईल थाना लालगंज, सद्दाम, छोटू पुत्रगण कुर्बान निवासीगण मड़या चौराहा थाना खलीलाबाद कोतवाली जनपद संतकबीरनगर के विरुद्ध धारा 324(4), 351(2), 352 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर ढाई लाख की ठगी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** अध्यापक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से जालसाजो ने लाखो रूपये लिये थे। नौकरी न मिलने पर पीड़ित ने पैसा वापस मांगा तो उसे गालियां व जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर थानाक्षेत्र के धुसुरिया गांव निवासी सत्यराम को अध्यापक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर विपक्षी जगराम, राम प्रकाश व खुशीराम वर्मा नाम के व्यक्तियों द्वारा बारी बारी से करके दो लाख पचास हजार रूपये लिया था। जब सत्यराम को काफी दिनों बाद नौकरी नही मिली तो वह अपना पैसा वापस मांगने लगा। लेकिन विपक्षियों ने उसका पैसा हड़ने के साथ ही जाति सूचक गालियां देते हुए पैसे दुबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दिया। थक हार कर पीड़ित सत्यराम पुत्र श्यामलाल निवासी धुसुरिया न्यायालय की शरण में पहुंच कर न्याय की गुहार लगायी। जहां से न्यायालय के आदेश पर नगर पुलिस ने आरोपी जगराम पुत्र राम बुझारत, राम प्रकाश पुत्र राम दुलारे निवासीगण रसूलपुर थाना पुरानी बस्ती तथा खुशीराम वर्मा पुत्र मोतीराम वर्मा निवासी महादेवा थाना मनकापुर जिला गोण्डा के विरुद्ध धारा 406, 504, 506 आईपीसी व 3(1)द, ध एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आयुध अधिनियम का आरोपित को सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** थाना गौर पर अभियुक्त रामसुख उर्फ आशीष पुत्र रामनरेश निवासी भटहा जंगल के विरुद्ध धारा 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिसमें विवेचनोपरान्त विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना गौर पुलिस की पैरवी से न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय बस्ती द्वारा अभियुक्त रामसुख उर्फ आशीष पुत्र रामनरेश को जेल में बितायी गयी अवधि व 1000 रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# बीडीओ के खिलाफ प्रधानों ने किया प्रदर्शन




बहादुरपुर ब्लाक परिसर में प्रदर्शन करते प्रधान।

**कलवारी (एसएनबी)।** बहादुरपुर ब्लाक परिसर में बृहस्पतिवार को दिन में लगभग एक बजे प्रधानो ने प्रधान संघ अध्यक्ष बहादुरपुर सचिन दुबे के नेतृत्व में बीडीओ पर ग्राम पंचायतो में कार्य कर रहे मजदूरो की संख्या कम करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। प्रधानो का आरोप है कि नवागत खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नये कार्यो की स्वीकृति नही दिया जा रहा है। साथ ही पूर्व में स्वीकृत कार्यो में मजदूरो की संख्या कम करने को कहा जा रहा है।

प्रधान अजय प्रताप चौधरी, भीम विक्रम सेन, संजय चौधरी, चंदन सिंह, शेरमोहम्मद, निसार अहमद, अजहर नसीम, शमशेर खान, संतराम आदि का कहना है कि गांव में काम मांगने वालो की संख्या ज्यादा है यदि खण्ड विकास अधिकारी की बात मानेगें तो ग्रामीणो को रोजगार नहीं मिल पायेगा। मजदूरो को काम न देना मनरेगा की गाइडलाइन के विपरीत होगा। प्रधान विजय कुमार यादव, अम्बिका यादव, विजय बहादुर, वीरेन्द्र यादव, अनिल चौधरी आदि ने बताया कि बीडीओ हम लोगो से अभद्रता कर रहे है उनका रवैया तानाशाही वाला है वह कह रहे हैं कि ब्लाक हम अपने अनुसार चलायेंगे जबल्कि अब तक ऐसा नहीं हुआ। जितने भी बीडीओ आये हम लोगो के साथ सामांजस्य बनाकर ही कार्य किया जिससे किसी को समस्या नहीं हुई। जबकि मनरेगा में फर्जी मजदूरो की हाजिरी का मामला बहादुरपुर की कई ग्राम पंचायतो में पिछले दिनो देखने को मिला है इस मामले में अधिक मजदूरो की संख्या दिखाने का मांग प्रधानो द्वारा करना समझ से परे है। इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर गणेश दत्त शुक्ल ने बताया कि प्रधानो का प्रदर्शन सिर्फ दबाव बनाने के मकसद से है। एनएमसी से जहां भी अधिक मजदूर कार्य कर रहे है वहां जांच का निर्देश दिया गया है। ब्लाक क्षेत्र के वेनीपुर व प्रतापपुर ग्राम पंचायत में जांच का निर्देश मिला था। बृहस्पतिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एपीओ मयंक मंजुल गौतम के साथ ग्राम पंचायत बेनीपुर जांच करने पंहुचा जहां जारी मस्टर रोल पर 150 मजदूर कार्य कर रहे है जबकि मौके पर एक भी मजदूर नहीं मिले। प्रधानो का कहना है जब जांच करना हो तो पहले हमको जानकारी दिया जाय जिससे प्रधानो की कमी न पकड़ी जाय जो करना संभव नहीं है।

# एनडीपीएस के आरोपी को एक वर्ष का कारावास

**बस्ती (एसएनबी)।** गांजा तस्करी करते हुए पकड़े जाने के बाद अभियुक्त का न्यायालय में मुकदमा चलाया गया। इस दौरान दोषी पाये जाने पर अभियुक्त को न्यायालय ने एक वर्ष के कठोर कारावास के साथ अर्थदण्ड की भी सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में थाना मुण्डेरवा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त सुनील चौधरी पुत्र घनश्याम चौधरी निवासी धौरहरा गोचना थाना मुण्डेरवा को 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। जिसके संबंध में सुनील चौधरी के विरूद्ध थाना मुण्डेरवा में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना मुण्डेरवा पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय) बस्ती कोर्ट बस्ती द्वारा अभियुक्त सुनील चौधरी पुत्र घनश्याम चौधरी को 1 वर्ष के कठोर कारावास व पांच हजार रूपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गयी।

# एनडीपीएस के आरोपी को एक साल की सजा

**बस्ती।** पुलिस कार्यालय के अनुसार ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व मुण्डेरवा पुलिस ने प्रभावी पैरवी कर एक आरोपी को एक वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। 20 अप्रैल 2021 को मुंडेरवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी सुनील चौधरी निवासी धौरहरा गोचना के कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया था। विवेचक ने एनडीपीएस के तहत दर्ज मुकदमे की विवेचना पूर्ण कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय) ने आरोपी सुनील चौधरी को एक साल के कारावास व पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा है। वहीं गौर थाने में 2010 में पंजीकृत आयुध अधिनियम से मुकदमे से संबंधित आरोपी रामसुख उर्फ आशीष निवासी भटहा जंगल को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि व एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# सौहार्दपूर्वक के साथ मनाएं त्योहार: सीओ

**हरैया (एसएनबी)।** सभी लोग अपने त्योहार को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं। अपना त्योहार मनाते समय दूसरे के धार्मिक भावनाओं का भी ख्याल रखें जिससे त्योहार के दौरान कहीं कोई विवाद की स्थिति ना उत्पन्न हो। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक मिश्रा ने उक्त बातें कहीं।

पुलिस क्षेत्राधिकारी थाना परिसर में गुरुवार को आयोजित शांति समिति की बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान कहीं भी आवागमन बाधित न होने पाए। थानाध्यक्ष राणा डीपी सिंह ने कहा कि गणेश प्रतिमा विसर्जन, बारावफात और विश्वकर्मा पूजा आने वाला है। सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपर्क करने संपन्न कराने की जिम्मेदारी प्रशासन की है। इस कार्य में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने गणेश मूर्ति विसर्जन के दिन समय का विशेष ध्यान देने तथा नियमानुसार लाइन से एक-एक करके मूर्ति विसर्जन करने की अपील किया। बैठक में मौजूद नगर पंचायत के कर्मचारी और ग्राम प्रधानों से मूर्ति विसर्जन स्थल पर साफ सफाई प्रकाश आदि की व्यवस्था करने की अपील किया। थानाध्यक्ष ने कहा कि घाटों पर गोताखोर तथा नाव की व्यवस्था होनी चाहिए। बिजली विभाग के अवर अभियंता के एम यादव से क्षेत्र में नीचे लटक रहे ढीले विद्युत तारों को ठीक करने के लिए कहा गया। बैठक में नायब तहसीलदार शौकत अली, एसएसआई शेषनाथ गौड़, उप निरीक्षक रामेश्वर पांडेय, कमलेश यादव, छांगुर प्रसाद, नगर पंचायत के कर्मचारी अखिलेश श्रीवास्तव, पूर्व सभासद फैय्याज अहमद, सभासद मोहम्मद यूनुस सहित तमाम जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।

# तीन घरों से चोरों ने साफ किया जेवर व नकदी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** चोरो ने एक ही रात में एक गांव के तीन घरो को अपना निशाना बनाया और लाखो के जेवरात सहित नकदी की चोरी कर फरार हो गये। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत पचानू गांव की रहने वाली रीना पुत्री राम भुआल निषाद ने पुलिस को बताया कि 11 सितम्बर की रात में उसके दो मंजिला घर में अज्ञात चोर दाखिल हुए और कमरे में रखे बाक्स का ताला तोड़कर उसमें रखा उसकी माता सुभावती का सोने का कान झुमका, गले का मंगल सूत्र, माँग टीका तथा पावजेब एवं बहन सुनीता का कान का झुमका, नाक का नथिया, मंगल सूत्र तथा पावजेब एवं सुनीता की लड़की का एक जोड़ी चाँदी का पायल तथा पर्स मे रखा एक हजार रूपया नकद सहित उसका भी माँग टीका, मंगल सूत्र एवं नथिया चोरी कर लिये। इसी रात चोरो ने गाँव के ही सुरेश गोंड व संजय पुत्रगण रामसेवक के घर में भी घुसे जहां से सुरेश के घर में टांगे पैंट से 10000 रूपया नकद एवं संजय गोंड के घर के अन्दर से दो छोटे-छोटे बक्से भी चुरा ले गये। मामले में वाल्टरगंज पुलिस ने अज्ञात चोरो के विरुद्ध धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शादी का झांसा देकर नाबालिक के साथ दुष्कर्म

**बस्ती (एसएनबी)।** शादी का झांसा देकर एक नाबालिक लड़की को उसके प्रेमी द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ ले गया जहां दो दिनों तक उसका शारीरि शोषण करने के बाद धमकी देते हुए चौराहे पर छोड़कर भाग गया। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्त सहित उसके परिवार के अन्य लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।

वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 16 साल की नाबालिक लड़की को थानाक्षेत्र के बेलहरा गांव निवासी विपिन उर्फ टमाटर नाम के युवक द्वारा शादी का झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया। जहां लड़की का दो दिनो तक लगातार शारीरिक शोषण करने के बाद उसे क्षेत्र के औसापुर चौराहे पर लाकर छोड़ दिया और बात किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। लड़की ने जब घटना अपने परिवार को बतायी तो पिता द्वारा आरोपी के घर शिकायत करने पहुंच गये। जहां पर उसे अभियुक्त विपिन, सावित्री व विक्की ने मिलकर जान से मारने की धमकी देते हुए भगा दिया। मामला लेकर पीड़ित न्यायालय पहुंचा और न्याय की मांग की। जिसपर न्यायालय के आदेशानुसार वाल्टरगंज पुलिस ने अभियुक्त विपिन उर्फ टमाटर पुत्र राजाराम, सावित्री देवी पत्नी राजाराम, विक्की पुत्र राजाराम निवासीगण बेलहरा, थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 137(2), 87, 64(2)(ड), 351(2), 351(3) बीएनएस व 5(एल)/ 6 पाक्सो एकट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन लोगों पर केस

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में केस दर्ज किया है। चौरी बाजार निवासी मोनिका कौशल पत्नी पवन कौशल का आरोप है कि करीब तीन वर्ष पूर्व उनकी शादी हुई थी। शादी के बाद ससुराल में दहेज की मांग कर प्रताड़ित किया गया। पुलिस ने पति पवन कौशल, सास विद्या देवी व जेठानी लक्ष्मी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# रास्ते में जबरन लड़की को रोका, एफआईआर

बस्ती। परसरामपुर पुलिस ने लड़की को जबरन रास्ते में रोकने के मामले में केस दर्ज किया है। बीस वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी कॉलेज से पढ़कर दस सितंबर को लौट रही थी। रास्ते में प्राइमरी स्कूल के पास आरोपी साहुल गुप्ता ने उसे रोक लिया और कागज में नंबर लिखकर जबरन दिया। कागज लेने से मना करने पर मारने की धमकी दी।

# पड़ोसियों पर चोरी का आरोप, मुकदमा दर्ज

बस्ती। दुबौलिया पुलिस ने चोरी की घटना में नामजद केस दर्ज किया है। पकड़ी चौहान निवासी किरन सोनी ने तहरीर में बताया है कि चार सितंबर को अपने मायके गई थी। छह सितंबर की सुबह लौटी तो घर में आलमारी का लॉक टूटा था और अंदर रखे जेवरात चोरी हो गए थे। उनको शक है कि उनके पड़ोसी राजकुमार व रवि ने यह चोरी की है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# सड़क हादसे में दो की मौत के मामले में केस दर्ज

बस्ती। रुधौली व कप्तानगंज पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसे में दो की मौत के मामले में केस दर्ज किया है। वाल्टगंज के केउवांजप्ती निवासी कृष्ण कुमार ने तहरीर देकर बताया है कि उनके भाई रामसेवक काम से निकले थे। रुधौली के सिटी प्राइड स्कूल के पास वाहन की चपेट में आकर घायल होने से उनकी मौत हो गई। कप्तानगंज थाने के तहरीर देकर दुधौरा निवासी महेन्द्र ने तहरीर दी है कि दुधौरा के पास दस सितंबर को उनके पिता रामजीत को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। लखनऊ रेफर कर दिया गया, रास्ते में उनकी मौत हो गई।

# जनसेवा एक्स. के पहिए से निकली चिंगारी

## हड़कंप



गुरुवार को घटनास्थल पर जांच करती रेलवे पुलिस। • हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। गोरखपुर से अमृतसर जा रही जनसेवा एक्सप्रेस के पहियों से चिंगारी निकलती देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया, इसकी सूचना गार्ड को दी गई। गार्ड ने ट्रेन को मुंडेरवा रेलवे स्टेशन से तीन किलोमीटर दूर कठिनाइयां नदी के पुल पर रोक दिया। अनहोनी की आशंका को देखते हुए गार्ड ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। ट्रेन में आग की सूचना पर मौके पर जीआरपी, आरपीएफ, फायर ब्रिगेड और मुंडेरवा पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस बीच ट्रेन स्टॉफ ने जांच किया तो पाया की पहिये का ब्रेक जाम हो जाने के कारण वहां से चिंगारी निकल रही थी। रेलवे स्टॉफ ने उसे ठीक कर दिया। लगभग 35 मिनट वहां रुकने के बाद ट्रेन बस्ती के लिए रवाना हो गई।

मुंडेरवा के स्टेशन मास्टर रामानंद पाठक ने बताया कि ट्रेन 9 बजकर 45 मिनट पर बस्ती के लिए रवाना हो गई है। किसी तरह की हानि नहीं हुई है। बस्ती रेलवे स्टेशन पर भी जांच-पड़ताल करके के बाद ट्रेन को आगे रवाना किया गया। इस दौरान यात्रियों में अफरातफरी का माहौल रहा।

### अर्थिंग के चलते उतरा था करंट, ग्रामीणों में भारी आक्रोश, हादसे के बाद भी तुरंत नहीं टप हो पाई थी विद्युत आपूर्ति

# ग्रामीणों ने बंद कराई आपूर्ति, फिर हुई बहाल

## हादसा

दुबौलिया (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के दुबौलिया थानांतर्गत भिखरिया गांव में गुरुवार की सुबह हुए हादसे में दो लोगों के जान गंवाने के मामले में विद्युत विभाग की लापरवाही सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि घटना के तुरंत बाद विद्युत आपूर्ति को ठप कराने के लिए कई बार विद्युत कर्मियों का फोन लगाया गया, लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ। अगर समय रहते विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती, तो दो लोगों की जान बचाई जा सकती थी। इसे लेकर ग्रामीणों में मातम के साथ ही नाराजगी भी है। मौके पर दुबौलिया पुलिस और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। सीओ कलवारी ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली।

विद्युत उपकेंद्र एकडेगवा पदमापुर फीडर से भिखरिया समेत आस-पास के गांव में आपूर्ति होती है। ग्रामीणों ने बताया कि स्थानीय लाइनमैन के साथ फीडर के मोबाइल नंबर पर भी फोन लगाया गया। पूरी घंटी जाने के बाद भी फोन नहीं उठा। घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित विद्युत उपकेंद्र पर गांव के लोग जब पहुंचे, तब जाकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई जा सकी। इतना ही नहीं जैसे की लाइट बंद कराकर ग्रामीण वापस घटना स्थल पर पहुंचे तो देखा कि काटने के बाद एक बार फिर से विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई है। फिर से लोग फीडर पर पहुंचे तब जाकर लाइट काटी गई।

ग्रामीणों का कहना है कि दोबारा आपूर्ति बहाल करने के कारण और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद सीओ से लगायत थाना, चौकी की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन विद्युत विभाग का कोई अफसर मौके पर नहीं पहुंचा।



मौत की सूचना पर रोते-बिलखते परिजन व ग्रामीणों की भीड़ जुटी। • हिन्दुस्तान

### गांव में एक साथ दो मौत से पसरा मातम

गुरुवार की सुबह भिखरिया गांव के मनहूस साबित हुआ। एक साथ गांव के दो लोगों की मौत से पूरे गांव में मातम पसर गया। करंट की चपेट में आने खेत देखने गए भलाई यादव और किशन लाल की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर पूरे गांव सहित आसपास के गांव की मौके पर भारी भीड़ जुट गई। दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ था। रोते-बिलखते परिजनों को देख सभी आंखें नम हो जा रही थीं।



घटनास्थल का मुआयना करने पहुंचे सीओ कलवारी व थानेदार। • हिन्दुस्तान

### खेती-किसानी करते थे किशनलाल

हादसे का शिकार हुए भिखरिया गांव निवासी किशनलाल दिल्ली एमसीडी में काम करते थे। करीब पांच वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त होने के बाद अपने पैतृक गांव में रह कर खेती-किसानी करते थे। गुरुवार की सुबह गांव के भलाई यादव को बचाने के प्रयास में वह भी करंट की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। किशनलाल के तीन बेटियां व एक बेटा है। सभी की शादी हो चुकी है।

# किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म तीन लोगों पर दर्ज हुआ केस

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहलाफुसला कर अगवा करने व रेप की घटना तीन लोगों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी पीड़िता को गांव के चौराहे पर छोड़ गया और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। थाना प्रभारी दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है। वाल्टरगंज क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी गांव का ही रहने वाला विपिन उर्फ टमाटर शादी का झांसा देकर बहलाकर अपने साथ 16 अगस्त की देर रात भगा ले गया। इसके दो दिन बाद 18 अगस्त को वह बेटी को गांव के चौराहे पर छोड़कर चला गया। घर पहुंचने के बाद डरी-सहमी बिटिया ने पूछने पर बताया कि गांव का विपिन उसे शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। दो दिन तक अपने साथ रखकर गलत काम किया। इसकी शिकायत लेकर पीड़िता के घरवाले आरोपी के परिजनों के पास गए तो उन लोगों ने भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी विपिन समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

# 35 लाख रुपये का लोन हड़पने का आरोप, केस

बस्ती। कोर्ट के आदेश पर पैकोलिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। कटरा चौराहा स्थित एक फाइनेंस कम्पनी के प्रबंधक वरुण सिंह ने तहरीर देकर बताया है कि फाइनेंस कम्पनी से वाहन के लिए विपक्षी ने 35 लाख का लोन लिया था। आरोप है कि इसके बाद न ब्याज का पैसा जमा किया और न ही लोन की रकम जमा कराई। इसके चलते आठ सितम्बर 2023 को विपक्षी के घर पर गए तो उसके पिता ने मोबाइल से बात कराई। पुलिस ने पैकोलिया थानाक्षेत्र निवासी अभिषेक सिंह और दुबौलिया क्षेत्र के आलोक सिंह के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया है।

# मोहित अपहरण कांड के दो आरोपितों की जमानत अर्जी निरस्त

बस्ती, हिन्दुस्तान संवाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अदालत ने मोहित यादव अपहरण कांड के मामले में आरोपी अमन निवासी गांधीनगर कोतवाली व विवेक पाल निवासी कटौधा थाना लालगंज की जमानत अर्जी निरस्त कर दी है।

डीजीसी फौजदारी परिपूर्णानंद पांडेय व एडीजीसी कमलेश चौधरी ने अदालत को बताया कि आरोपी अमन व विवेक पाल, मोहित यादव अपहरण कांड के मुकदमे में वांछित आरोपी है। दौरान विवेचना आरोपी अमन का नाम आदित्य विक्रम सिंह के बयान के आधार पर सामने आया था। वहीं दूसरे आरोपी विवेक पाल का नाम प्रेरित पाल के बयान के आधार पर प्रकाश में आया। कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ला निवासी मकान मालिक अविनाश ने मुकदमा दर्ज कराया था कि मोहित यादव उनके मकान में किराए पर रहता था। 12 जुलाई 2024 को 2 बजे दिन में उनके मकान में आदित्य विक्रम सिंह सहित अन्य लोगों ने घुसकर मोहित यादव को मारपीट करके अपहरण कर लिया था। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी अमन व विवेक पाल की जमानत प्रार्थना-पत्र गुरुवार को निरस्त कर दिया।

# जायदाद के लिए मां को पीटा, केस दर्ज

**बस्ती।** हर्रैया पुलिस ने जमीन जायदाद जबरन अपने नाम कराने के लिए मां की पिटाई करने के आरोपी युवक पर केस दर्ज किया है। विजरा गांव निवासी ध्रुवचंद्र मिश्र ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनके बेटे राहुल मिश्र ने जमीन जायदाद को लेकर जबरन अपने नाम कराने के लिए उनकी पत्नी शशि व बहू शालिनी को मारापीटा।

# बिजली के तार को लेकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने आमकोईल में मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। गांव के अब्दुल रऊफ का आरोप है कि उनके घर के सामने से जबरदस्ती बिजली का तार ले जाया जा रहा था। यह देख मना किया तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के इसरार अली, नूरजहां, संतकबीरनगर खलीलाबाद के मड़या चौराहा निवासी सद्दाम व छोटू के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# तेल भराने जा रहे बाइक सवार पर हमला, केस

**छावनी।** क्षेत्र में बाइक में तेल भराने पेट्रोल-पंप पर जाते वक्त बाइक सवार की पिटाई हो गई। घटना डुहवा मिश्र गांव की है। प्रभारी निरीक्षक अनिल दुबे ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया। एक आरोपी कोट से वांछित है। डुहवा मिश्र गांव के नहर के पास दीपक पाण्डेय की पिटाई हो गई। चाचा अजय पाण्डेय की तहरीर पर छावनी पुलिस ने आरोपी अतुल पाठक, जसवंत विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की है।

# सड़क हादसे में गोंडा की महिला की बस्ती में मौत

**बभनान।** गोंडा जिले की महिला की मार्ग दुर्घटना में बस्ती में मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा। खबर लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। बुधवार की देर शाम गोण्डा जिले के खोड़ारे थानाक्षेत्र के कोटखास गांव निवासी राजेश शर्मा अपनी 28 वर्षीय पत्नी दुर्गावती व एक दुधमुंही बच्ची काव्या को लेकर बाइक से फैजाबाद से दवा कराकर घर लौट रहा था।

# कृषि भवन पर कर्मियों का धरना शुरू

- प्राविधिक सहायक के साथ मारपीट का मामला
- आधा दर्जन कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन

**बस्ती, निसं।** प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के मामले में गुरुवार को तीन सूत्री मांगों को लेकर अधीनस्थ कृषि सेवा संघ ने धरना दिया। संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है। धरनारत कर्मियों ने मांग किया कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर प्राविधिक सहायकों के सुरक्षा सुनिश्चित हो।

धरना स्थल पर उप कृषि निदेशक अशोक कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी बाबूराम, हरेन्द्र प्रसाद आदि ने समर्थन दिया। संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने प्राविधिक सहायकों से वार्ता के बाद उच्चाधिकारियों को समस्याओ के प्रभावी समाधान के लिए पत्र लिखा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री तौलू प्रसाद, उत्तर प्रदेशीय एग्री मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, राजकीय वाहन चालक महासंघ अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्र, स्टेनोग्राफर महासंघ सचिव दीपनरायन वर्मा, लघु सिंचाई संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, रामस्वारथ चौधरी के साथ ही अनेक कर्मचारी संगठनों ने अपना समर्थन दिया। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने कहा कि रुधौली पुलिस ने अभी तक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन गिरफ्तार नहीं है। जब तक प्रभावी कार्रवाई के साथ मामले में दोषियों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में परिवर्तित कर न्याय नहीं मिल जाता, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। धरने में मुख्य रूप से हेरम्बनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज आदि रहे।

# बहादुरपुर ब्लाक परिसर में ग्राम प्रधानों का प्रदर्शन

## वीडीओ पर अभद्रता और उत्पीड़न का आरोप, मनरेगा में कार्यों की जांच नहीं होने दे रहे ग्राम प्रधान : बीडीओ

जागरण संवाददाता, बहादुरपुर: विकास क्षेत्र बहादुरपुर के परिसर में गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान लामबंद होते हुए प्रधान संघ अध्यक्ष सचिन दुबे की अगुआई में बीडीओ गणेश दत्त शुक्ल पर ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्या को कम करने का आरोप लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रधानों का आरोप है कि नवागत खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम प्रधानों का उत्पीड़न व उनके साथ अभद्रता किया जा रहा है।

ग्राम प्रधानों पर बीडीओ द्वारा दबाव बनाया जा रहा कि मनरेगा योजना में चल रहे कार्यों में श्रमिकों की संख्या ग्राम पंचायतों में कम की जाए। वहीं नए कार्यों की स्वीकृति नहीं दी जा रही है। ग्राम प्रधानों ने मांग किया है कि बीडीओ को हटाया जाए। इस दौरान कुछ प्रधानों का बीडीओ से नोकझोंक भी हुई। प्रधान अजय प्रताप चौधरी, अखिलेश सिंह, चंदन सिंह, रिजवान खान, भीम विक्रम सेन, संजय



बहादुरपुर खंड विकास अधिकारी कार्यालय पर विरोध दर्ज कराते ग्राम प्रधान • जागरण

चौधरी, शेर मोहम्मद, निसार अहमद, अजहर नसीम, शमशेर खान, संतराम आदि का कहना है कि गांव में काम मांगने वालों की संख्या ज्यादा है। यदि बीडीओ की बात मानेंगे तो ग्रामीणों को रोजगार नहीं मिल पाएगा। श्रमिकों को काम न देना मनरेगा की गाइडलाइन के विपरीत होगा। प्रधानों ने कहा कि बीडीओ अभद्रता कर रहे हैं। उनका रवैया तानाशाही है।

वहीं खंड विकास अधिकारी गणेश दत्त शुक्ल का कहना है कि ग्राम प्रधानों का प्रदर्शन सिर्फ दबाव बनाने के मकसद से है। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एपीओ मयंक मंजुल गौतम के साथ ग्राम पंचायत बेनीपुर में मनरेगा कार्यों की जांच करने पहुंचा था, जहां जारी मस्टर रोल पर 150 मजदूर कार्य कर रहे हैं, जबकि मौके पर एक भी श्रमिक नहीं मिले। हमने जब प्रधानों से कहा कि जिस जगह पर जलभराव हो, वहां मनरेगा कार्य न कराएं, जबकि प्रधानों का कहना है कि एक वर्ष चुनाव को बचा हुआ है, जैसे चल रहा है चलने दीजिए, जो संभव नहीं है। फर्जी मस्टररोल के लिए जब सहमति नहीं मिली तो नाराज ग्राम प्रधान विरोध दर्ज कराते हुए धरने पर बैठ गए। बीडीओ ने कहा कि ग्राम प्रधान चाह रहे हैं कि मनरेगा में चल रहे कार्यों की जांच न हो, लेकिन किसी भी हाल में फर्जी मस्टररोल का खेल चलने नहीं पाएगा।

# चार गावों में मारपीट, 13 पर कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले के चार अलग-अलग थाना क्षेत्रों में आपसी रंजिश को लेकर मारपीट की घटनाओं में पुलिस पीड़ितों की तहरीर पर 13 लोगों पर धमकी मारपीट का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है। कलवारी थानाक्षेत्र के अगौना गांव की बहु रीमा ने अपने देवर गणेश, महेश व गांव के ही रामजीत व रमेश के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

लालगंज थानाक्षेत्र के आमकोईल गांव में अब्दुल रऊफ के घर के सामने से जबरदस्ती बिजली का तार ले जाने की बात को लेकर गांव के ही इसरार अली, नूरजहां व सद्दाम तथा छोटु निवासी मड़या चौराहा थाना खलीलाबाद कोतवाली, जनपद संतकबीर नगर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के ग्राम अगया में रंजिश को लेकर कान्ती देवी को गांव के ही रामरुद्र, चिंता देवी, राजेश व राधिका ने एकराय होकर पिटाई कर दी। हरैंया थाना क्षेत्र के ग्राम विजरा में भूमि विवाद को लेकर पिता-पुत्र में मारपीट हो गई। ध्रुवचन्द मिश्र ने अपने बेटे राहुल के विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# मोहित हत्याकांड के आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अदालत ने मोहित यादव अपहरण व हत्याकांड के मामले में आरोपित अमन व विवेक की जमानत याचिका खारिज कर दिया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता परिपूर्णानंद पाण्डेय ने अदालत में कहा कि मोहित अपहरण हत्याकांड में अमन निवासी गांधीनगर, थाना कोतवाली व विवेक पाल निवासी कटौधा थाना लालगंज की सहभागिता साबित है।

विवेचना में आरोपित अमन का नाम आदित्य विक्रम सिंह के बयान के आधार पर, वहीं दूसरे आरोपित विवेक पाल का नाम प्रेरित पाल के बयान के आधार पर सामने आया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ला निवासी मकान मालिक अविनाश सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।

**12 जुलाई 2024 को दोपहर दो बजे किराये के मकान से मोहित का हुआ था अपहरण, बाद में कर दी गई उसकी हत्या**

मोहित उनके मकान में किराये पर रहता था 12 जुलाई 2024 को दो बजे दोपहर में उनके मकान में आदित्य विक्रम सिंह सहित अन्य लोगों ने घुसकर मोहित यादव को मारपीट करके अपहरण कर लिया है।

जपनद न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के उपरांत आरोपित अमन व विवेक पाल की जमानत प्रार्थना पत्र गुरुवार को निरस्त कर दिया।

# एंबुलेंस में दरिंदगी को लेकर गृह सचिव से मिले सांसद जगदंबिका पाल

जासं, सिद्धार्थनगरः बीते 29 अगस्त को बीमार पति को लखनऊ से बांसी अपने घर लाते समय चलती एंबुलेंस में दरिंदगी की शिकार पीड़िता के साथ हुए अपराध को लेकर शिकायत किया है। इस मामले को लेकर सांसद जगदंबिका पाल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के गृह सचिव दीपक कुमार से मिलकर कड़ी कार्रवाई करने को कहा। सांसद ने कहा कि इस तरह का अपराध सरकार को बदनाम करने वाले हैं यदि कोई भी अपराध करता है तो उसे सरकार का डर होना चाहिए। सांसद ने डीजीपी पुलिस उत्तर प्रदेश एवं गृह सचिव दीपक कुमार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों को तत्काल जेल में डालें साथ ही पीड़ित महिला को वह सारी सुविधा दें जो सरकार की तरफ से दी जाती है।

छावनी पुलिस की कार्यशैली की जांच जरूरीः सांसद ने कहा कि जब 29 अगस्त को महिला छावनी थाने पर गई तो पुलिस को उसका एफआइआर दर्ज करना चाहिए था। गृह सचिव दीपक कुमार और डीजीपी पुलिस प्रशांत कुमार ने सांसद को आश्वासन दिया कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# मांगों को लेकर धरने पर बैठे प्राविधिक सहायक




कृषि उपनिदेशक कार्यालय पर गुरुवार से बेमियादी धरने पर बैठे कृषि विभाग के कर्मचारी • जागरण

जागरण संवाददाता, बस्ती: प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के विरोध में प्राविधिक सहायकों ने गुरुवार से अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है। मुकदमे में दोषियों के विरुद्ध गंभीर धाराएं लगाए जाने की मांग की है। संयुक्त कृषि निदेशक अविनाश चन्द्र तिवारी ने प्राविधिक सहायकों से वार्ता के बाद उच्चाधिकारियों को समस्याओं के प्रभावी समाधान के लिए पत्र लिखा है।

धरना स्थल पर उप कृषि निदेशक अशोक कुमार, उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी बाबूराम, हरेन्द्र प्रसाद ने भी अपना समर्थन कर्मचारियों को दिया है। अधीनस्थ कृषि सेवा संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री तौलूप्रसाद, एग्री मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सचिन पाण्डेय, राजकीय वाहन चालक महासंघ अध्यक्ष वेदप्रकाश मिश्र, स्टेनो ग्राफर महासंघ सचिव दीपनरायन वर्मा, लघु सिंचाई संघ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रामस्वारथ चौधरी के साथ ही अनेक कर्मचारी संगठनों ने अपना समर्थन दिया। धरना स्थल पर वक्ताओं ने कहा कि जब तक तीन सूत्रीय मांगों को मान नहीं लिया जाता, धरना लगातार जारी रहेगा। धरने में मुख्य रूप से हेरम्बनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज, मुकेश कुमार, अमित कुमार साथ ही विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।


# कृषिकर्मियों ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना

## प्राविधिक सहायक पर हमले का विरोध, जेडी के आश्वासन पर भी नहीं माने कर्मी, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के विरोध में बृहस्पतिवार से कृषि कर्मियों ने कृषि भवन पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू किया। इसमें तमाम कर्मचारी संगठनों ने भी हिस्सा लिया।

अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के पदाधिकारियों ने डीडी कृषि को ज्ञापन देकर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। संघ जिलाध्यक्ष अभिषेक ने कहा कि मामले में रुधौली पुलिस लीपापोती कर रही है। अभी तक दो आरोपियों को ही गिरफ्तार किया हैद्ध जबकि तीन



मंडलीय कृषि अधिकारी के कार्यालय पर धरने पर बैठे कर्मी। संवाद

अन्य की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। जब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक धरना जारी रहेगा।

उत्तर प्रदेशीय एग्री मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सचिन पांडेय ने कहा कि राजकीय कार्यों के संपादन के दौरान हुए हमले का पुलिस गंभीरता से नहीं ले रही है। प्राविधिक सहायक क्रॉप सर्वे करने गए थे। तब उन पर हमला हुआ यह बात पुलिस समझना नहीं चाह रही है।

राजकीय वाहन चालक महासंघ अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्र ने कहा कि यह गंभीर कृत्य है आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज होना चाहिए। धरना स्थल पर पहुंचे जेडी कृषि अविनाश चंद्र तिवारी, डीडी कृषि अशोक कुमार आदि ने कर्मचारियों को कार्रवाई का आश्वासन देते हुए उच्चाधिकारियों से पत्राचार करने का आश्वासन दिया।

लेकिन, धरनारत कर्मचारी मानने को तैयार नहीं हुए। कृषि कर्मियों के धरने में पहुंचे राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंत्री तौलू प्रसाद, स्टेनो ग्राफर महासंघ सचिव दीपनरायन वर्मा, लघु सिंचाई संघ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रामस्वारथ चौधरी आदि ने समर्थन दिया। उल्लेखनीय है कि 9 सितंबर को रुधौली के दसिया गांव के मुसहर टोला में क्रॉप सर्वे कार्य करने पहुंचे प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर छह लोगों ने हमला कर दिया था।

इस मौके पर हेरंबनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, शिवपाल, क्षितिज, मुकेश कुमार, संकट हरण पांडेय, अमित कुमार, गजेंद्र त्रिपाठी मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में दो की मौत के मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** रुधौली व कप्तानगंज पुलिस ने अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत के मामले में केस दर्ज किया है। वाल्टगंज के केउवांजप्ती निवासी कृष्ण कुमार ने तहरीर देकर बताया है कि उनके बड़े भाई रामसेवक घर के काम से निकले थे। रुधौली के सिटी प्राइड स्कूल के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घायल होने से उनकी मौत हो गई। वहीं कप्तानगंज थाने में तहरीर देकर दुधौरा निवासी महेंद्र कुमार ने बताया है कि फोरलेन पर दुधौरा के पास 10 सितंबर को उनके पिता रामजीत को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। गंभीर चोट आने के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया, रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में वाहन चालकों पर केस दर्ज किया है। संवाद

# ई-रिक्शा का चार्जर और बैटरी चोरी

**महादेवा।** लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा बाजार में पुलिस चौकी से महज 50 मीटर दूर घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा की बैटरी व चार्जर चोर खोल ले गए। जानकारी के अनुसार, महादेवा निवासी राजू अग्रहरि घर के बाहर ई-रिक्शा को चार्जिंग में लगाकर अंदर सो रहे थे। बुधवार की रात अज्ञात चोर ई-रिक्शा से बैटरी व चार्जर चुरा ले गए। महादेवा चौकी प्रभारी ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच की जा रही है। संवाद

# दहेज उत्पीड़न में पति समेत तीन पर केस

**परशुरामपुर।** पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के आरोप में केस दर्ज किया है। चौरी बाजार निवासी मोनिका कौशल पत्नी पवन कौशल का कहना है कि करीब तीन वर्ष पूर्व उसकी शादी हुई थी। आरोप लगाया कि शादी के बाद ससुराल में लगातार दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया गया। ससुरालियों ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति पवन कौशल, सास विद्या देवी व जेठानी लक्ष्मी पर केस दर्ज किया है। संवाद

# 35 लाख हड़पने के मामले में दो पर केस

**पैकोलिया।** फाइनेंस कंपनी से वाहन के लिए 35 लाख ऋण लेकर हड़पने का मामला सामने आया है। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने ऋणी व गारेंटेड पर केस दर्ज किया है।

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंधक वरुण कुमार सिंह ने कोर्ट में वाद दायर किया। पैकोलिया क्षेत्र के गजियापुर निवासी अभिषेक सिंह ने उसकी कंपनी से वाहन के लिए 35 लाख ऋण लिए हैं।

पिपरा निवासी आलोक गारेंटर हैं। वह और उसके कर्मचारी सितंबर 2023 में अभिषेक के घर पहुंचे, लेकिन मौके वह नहीं मिले। उसके पिता ने मोबाइल से अभिषेक से बात कराई। थानाध्यक्ष संजू यादव ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर दोनों पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# पीड़िता के घर पहुंचीं सिद्धार्थनगर की एसपी... दिलाया न्याय का भरोसा

संवाद न्यूज एजेंसी

सकारपार (सिद्धार्थनगर)। एंबुलेंस में दरिंदगी की कोशिश और छिनैती के मामले में एसपी प्राची सिंह बृहस्पतिवार को पीड़िता के घर पहुंचीं। उन्होंने पीड़िता से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। आश्वासन दिया कि घटना यहां की नहीं है, लेकिन न्याय दिलाने में जनपद की पुलिस सहयोग करेगी।

किसी प्रकार की दिक्कत होने पर सीओ और थाने को बता सकती हो। वहीं, बस्ती के सीओ के आने बात चल रही थी, लेकिन वह नहीं आए। हालांकि, उन्होंने पीड़ित परिवार से यह नहीं कहा था कि वह आएंगे।

बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने पीड़िता के घर पहुंचकर उसकी सेहत की जांच की। 29 अगस्त को बीमार पति को लखनऊ से बांसी अपने घर लाते समय एंबुलेंस में दरिंदगी की कोशिश करने के बाद बीमार पति को एंबुलेंस से नीचे उतार कर ड्राइवर एंबुलेंस लेकर भाग गया था। इससे पति की मौत गई थी।

एसपी प्राची सिंह ने पीड़िता के सेहत के बारे में भी पूछताछ किया। वह अपने साथ फल भी लाई थीं। उन्होंने कहा मामला भले हमारे जनपद की नहीं है, लेकिन आप हमारे जनपद की हैं तो आपको किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने पाएगी।

### बस्ती के सीओ के आने की थी सूचना, लेकिन नहीं आए


एंबुलेंस चालक के खिलाफ गैर जमानती वारंट

12 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### पीड़िता के घर जाएगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधि 13 सितंबर को एंबुलेंस पीड़िता के घर जाएगा। यह जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने विज्ञप्ति जारी का मीडिया को दी है। प्रतिनिधिमंडल पीड़िता से मिलने के बाद रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे।

## पड़ोसियों पर चोरी का आरोप, केस

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस ने चोरी की घटना में नामजद केस दर्ज किया है। पकड़ी चौहान निवासी किरन सोनी ने तहरीर में बताया है कि चार सितंबर को घर में ताला लगाकर अपने मायके गई थी। छह सितंबर की सुबह लौटी तो घर में अलमरी का लॉक टूटा था और अंदर रखे जेवरात नहीं थे। उसे शक है कि उनके पड़ोसी राजकुमार सोनी व रवि सोनी ने यह चोरी की है। पुलिस केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

## बिजली के तार लगाने के विरोध पर मारपीट

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने आमकोईल में मारपीट के मामले में केस दर्ज किया है। गांव के अब्दुल रऊफ का आरोप है कि उनके घर के सामने से जबरदस्ती बिजली का तार ले जाया जा रहा था। यह देख मना किया तो अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। टीनशेड उखाड़ कर फेंक दिया। पुलिस ने गांव के इसरार अली, नूरजहां, संतकबीरनगर खलीलाबाद के मड़रा चौराहा निवासी सद्दाम व छोटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# किशोरी को अगवा कर किया दुष्कर्म, तीन पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

## कोर्ट के आदेश पर वाल्टरगंज पुलिस ने की कार्रवाई

**बस्ती।** वाल्टरगंज पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसला कर अगवा करने व दुष्कर्म के एक मामले में कोर्ट के आदेश पर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि घटना के बाद आरोपी पीड़िता को गांव के चौराहे पर छोड़ गया और किसी को कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

जानकारी के अनुसार वाल्टरगंज क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय पीड़िता के पिता ने तहरीर में आरोप लगाया है कि उनकी बेटी को गांव का ही रहने वाला विपिन उर्फ टमाटर शादी का झांसा देकर 16 अगस्त की देर रात भगाले गया।

दो दिन बाद 18 अगस्त को वह बेटी को गांव के चौराहे पर छोड़कर चला गया। जाते-जाते धमकी दी कि अगर किसी से कुछ बताया तो जान से मार दूंगा। घर पहुंचने के बाद बेटी ने पूछने पर बताया कि गांव का विपिन उसे शादी का झांसा देकर भगा ले गया था।

दो दिन तक अपने साथ रखकर गलत काम किया। इसके बाद गांव के चौराहे पर छोड़ गया और जानमाल की धमकी दी। इसकी शिकायत लेकर पीड़िता के घरवाले आरोपी के परिजनों के पास गए तो उन लोगों को भी जान से मारने की धमकी दी गई।

थाना प्रभारी दिनेश चंद्र चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है।

# घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**कप्तानगंज (बस्ती)।** सड़क हादसे में घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज क्षेत्र के रामजीत बस्ती के प्राइवेट नर्सरी में मजदूरी करते थे। मंगलवार की दोपहर में कटरी गांव के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से राम जीत घायल हो गए थे। परिवार के लोग उन्हें इलाज के लिए बस्ती ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया था। रास्ते में ही देर रात रामजीत (47) की मौत हो गई। संवाद

# रास्ते में जबरन युवती को रोका, एफआईआर

**परशुरामपुर।** पुलिस ने लड़की को जबरन रास्ते में रोकने के मामले में केस दर्ज किया है। 20 वर्षीय पीड़िता की मां ने तहरीर में बताया है कि उनकी बेटी कॉलेज से पढ़कर 10 सितंबर को लौट रही थी। रास्ते में प्राइमरी स्कूल के पास आरोपी साहुल गुप्ता ने उसे रोक लिया और कागज में नंबर लिखकर जबरन दिया। कागज लेने से मना करने पर मारने की धमकी दी। संवाद

# मोहित हत्याकांड : दो आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की कोर्ट ने मोहित यादव अपहरण व हत्याकांड के आरोपी अमन व विवेक पाल की जमानत अर्जी बृहस्पतिवार को निरस्त कर दी।

अदालत से

डीजीसी फौजदारी परिपूर्णानंद पांडेय व एडीजीसी कमलेश चौधरी ने कोर्ट को बताया कि आरोपी अमन व विवेक पाल मोहित केस में वांछित आरोपी हैं। विवेचना के दौरान अमन का नाम आदित्य विक्रम सिंह के बयान के आधार पर शामिल किया गया है। दूसरे आरोपी विवेक पाल का नाम प्रेरित पाल के बयान से प्रकाश में आया है।

कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा दत्तूराय मोहल्ला निवासी मकान मालिक अविनाश ने केस दर्ज कराया था कि मोहित उनके मकान में किराये पर रहता था। 12 जुलाई 2024 को दोपहर दो बजे उनके मकान में आदित्य विक्रम सिंह सहित अन्य लोगों ने घुसकर मोहित का अपहरण कर लिया है। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी अमन व विवेक पाल की जमानत प्रार्थनापत्र को निरस्त कर दिया।

## एनडीपीएस एक्ट में एक साल की सजा

**बस्ती।** ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व मुंडेरवा पुलिस ने पैरवी कर एक दोषी को एक वर्ष के कारावास व पांच हजार के अर्थदंड की सजा दिलाने में सफलता हासिल की है। 20 अप्रैल 2021 को मुंडेरवा पुलिस ने चेकिंग के दौरान आरोपी सुनील चौधरी निवासी धौरहरा गोचना के कब्जे से एक किलो 150 ग्राम गांजा बरामद किया था। विवेचक ने एनडीपीएस के तहत दर्ज केस दर्ज की विवेचना पूर्ण कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। संवाद

# पुलिस से खफा दिव्यांग पानी की टंकी पर चढ़ा, कार्रवाई के आश्वासन पर उतरा

## पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप, लालगंज पुलिस चौकी प्रभारी को निलंबित कर एफआईआर दर्ज करने की मांग, आत्मदाह और टंकी से कूदने की देता रहा चेतावनी

संवाद न्यूज एजेंसी

लालगंज (बस्ती)। लालगंज पुलिस चौकी प्रभारी पर पिटाई का आरोप लगा रहा दिव्यांग बृहस्पतिवार को करीब 10:30 बजे कस्बे की पानी की टंकी पर चढ़ गया।

मांग करने लगा कि जब तक चौकी प्रभारी को निलंबित कर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किया जाएगा और उसके विपक्षी पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा।

धमकी देने लगा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा लेगा और टंकी से कूदकर जान दे देगा। दो घंटे तक ड्रामे के बाद वह उतरा।



पानी की टंकी पर चढ़ा दिव्यांग राकेश। संवाद

चौबाह गांव निवासी दिव्यांग राकेश कुमार का लालगंज पुलिस चौकी प्रभारी राम भवन प्रजापति पर आरोप है कि वह उसके शिकायती पत्र पर कार्रवाई न कर उल्टे उसे चौकी में बुलाकर मारापीटा। अपशब्द कहते हुए मोबाइल भी छीन लिया।



पानी की टंकी पर चढ़े दिव्यांग राकेश को समझाती पुलिस। संवाद

इसे लेकर दिव्यांग राकेश सुबह करी 10:30 बजे लालगंज में बने पानी की टंकी पर चढ़ गया। यह खबर आग की तरह फैल गई। जानकारी होते ही थाना प्रभारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

दिव्यांग राकेश से नीचे उतर आने की गुजारिश करने लगे। ग्राम प्रधान राजू यादव, सुरेंद्र कुमार, डब्लू व अन्य संभ्रांत लोगों के बार-बार कहने पर यही कहता रहा कि थाना प्रभारी हमारी मांग को पूरा करें।

काफी मान-मनौव्वल के बाद थाना प्रभारी लालगंज सुनील गौड़ ने आश्वासन दिया कि उसकी तहरीर पर कबाड़ कारोबार पर उचित कार्रवाई की जाएगी। तब जाकर करीब 11:40 बजे राकेश को नीचे उतरा।

**यह है मामला**

चौबाह गांव निवासी राकेश कुमार का बायां पैर प्लास्टिक का है। इसकी वजह से चलने में परेशानी भी होती है। उसका कहना है कि मंगलवार को घर से जाते समय कबाड़ का काम करने वाले मनीष के रखे कबाड़ से उसे चोट लग गई। उसने रास्ते में कबाड़ रखने को लेकर आपत्ति जताई। इस पर दुकानदार ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस उसे चौकी पर ले आई। आरोप लगाया कि वहां पर पहले से पहुंचे कारोबारी के प्रभाव में आकर उन्हीं के सामने चौकी प्रभारी ने अपशब्द कहते हुए मारपीट कर धक्का दिया। इससे चोट आई।उ सने 11 सितंबर को एसपी को प्रार्थनापत्र देकर चौकी प्रभारी राम भवन प्रजापति को निलंबित करने की मांग की थी। चौकी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, अमर उजाला ऐसे किसी वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है।

# पुलिस को चकमा देकर एंबुलेंस चालक ने कोर्ट में किया सरेंडर

## सिद्धार्थनगर की महिला से एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म की कोशिश के मामले के मुख्य आरोपी चालक ने पुलिस को चकमा देकर बृहस्पतिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वहीं से वह जेल भेजा गया। एक सप्ताह से पुलिस आरोपी की तलाश के दावे कर रही थी, लेकिन गिरफ्तार करने में नाकाम रही।

सिद्धार्थनगर निवासी महिला ने गाजीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में पति को भर्ती कराया था। 29 अगस्त की शाम को वह निजी एंबुलेंस से पति को लेकर सिद्धार्थनगर के लिए रवाना हुई थीं। साथ में उनका भाई भी था। अयोध्या पार करते ही उन्नाव के पुरवा निवासी एंबुलेंस चालक सूरज तिवारी



सूरज तिवारी

**रिमांड पर लेनें के लिए जल्द ही अर्जी देगी पुलिस**

और अयोध्या निवासी उसके साथी ऋषभ ने महिला के भाई को पीछे मरीज के साथ बैठा दिया था। महिला को आगे बुलाकर बैठा लिया था।

छेड़छाड़ कर महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध पर बस्ती में बीच सड़क मरीज व उन सभी को एंबुलेंस से उतारकर भाग गए थे। मरीज की कुछ घटे बाद मौत हो गई थी। गाजीपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी ऋषभ को जेल भेजा था। तब से सूरज की तलाश चल रही थी।

### हर कदम पर दी पुलिस को मात

आरोपी ने पुलिस को कदम कदम पर मात दी। पुलिस आखिर तक उसको पकड़ नहीं सकी। जबकि वह लगातार परिवार वालों से इंस्टाग्राम के जरिये बातचीत कर रहा था। यहां तक कि उसने एक चौकी इंचार्ज को भी कॉल की। तब उसने सरेंडर करवाने की बात कही थी। इन सभी के बावजूद पुलिस उसको ट्रेस नहीं कर सकी।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर आरोपी सूरज ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अब जल्द ही उसको कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दी जाएगी।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# तेरह माह की गायब बच्ची को पुलिस ने परिजन को सौंपा

बानगंगा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खड़कुइया नानकार गांव में बीती रात शादाब अख्तर की तेरह(13) माह की बच्ची जैनब फातिमा गायब हो गयी थी।काफी खोजबीन करने के बाद जब नहीं पता चला तब 112 नंबर व शोहरतगढ़ थाना पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच बच्ची का हुलिया देख ढूंढने में लग गयी काफी खोजबीन के बाद पुलिस ने रात दो बजे गांव के पीछे एक बांस की झांड़ी के पास पहुंची तो देखा बच्ची वहां सो रही थी पुलिस ने स्वजन को बुलाया और बच्ची को उसकी माता तसलिमुन्निशा व पिता शादाब अख्तर को सौंप दिया। शादाब व तसलिमुन्निशा ने कहा कि शोहरतगढ़ पुलिस थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह,पुलिस क्षेत्राधिकारी अरुणकांत सिंह व पुलिस के जवानों ने सराहनीय कार्य किया है।जो विगत रात सात बजे गायब जैनब को खोज निकाला।इस संबंध में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि खड़कुइया नानकार गांव से रात सात बजे एक बच्ची गायब होने की सूचना मिली, सूचना मिलने के बाद रात में खड़कुइया नानकार गांव में पहुंच कर खोजने में लग गये। गायब बच्ची जैनब फातमा को रात दो बजे बच्ची बांस के झाड़ी के पास सो रही थी पुलिस ने सर्चिंग अपरेशन कर सकुशल खोज निकाला। और गायब बच्ची जैनब को रात में ही परिजनों को सौंप दिया गया।इस दौरान पुलिस क्षेत्रधिकारी शोहरतगढ़ अरुणकांत सिंह, थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह,उपनिरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, अशोक कुमार,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुब्बसिर हुसेन, शादाब अख्तर, रफीक, शिवंश, शिवकरन, सलमान, सत्यप्रकाश, सोनूगुप्ता, तसलिमुन्निशा खैरुननिशा, मंजिया खातून, शालिया खातून व पुलिस तथा ग्रामवासी आदि मौजूद रहें।



जैनब फातिमा को उनके परिजन को सौंपते थानाध्यक्ष व सीओ।

# एसडीएम व सीओ ने प्रतिमा विसर्जन स्थल व जुलूस रूट का किया निरीक्षण

डुमरियागंज (एसएनबी)। उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ. संजीव दीक्षित ने पुलिस क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज सतीश चंद्र पांडे के साथ राप्ती तट पर होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया तथा मौके पर उपस्थित नगर पंचायत डुमरियागंज के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव व नगर पंचायत की टीम को घाटो की साफ सफाई, विद्युत व्यवस्था, बैरिकेडिंग, नाव, गोताखोर की उपलब्धता के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित इंस्पेक्टर डुमरियागंज को सुरक्षा के बन्दोबस्त के सम्बंध में दिशा निर्देश दिए गए। राप्ती तट की स्थित का मुआयना करने के पश्चात दोनों अधिकारी आगामी बारह रवीअव्वल के पर्व के मद्देनजर निकाले जाने वाले जुलूस के रूट का निरीक्षण किया तथा शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन को आवश्यक बंदोबस्त करने का निर्देश देते हुए आम जन मानस से पर्व को शांति पूर्ण ढंग से मनाए जाने की अपील की गयी। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय लोगों से बातचीत भी की और जुलूस व विसर्जन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।



डुमरियागंज टाउन स्थित विसर्जन स्थल का निरीक्षण करते उप जिलाधिकारी डुमरियागंज ।फोटो : एसएनबी

# मासूम के साथ छेड़खानी का आरोप, किया इनकार

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ में बुधवार की रात एक वार्ड निवासी मासूम बच्ची के पिता ने एक मासूम पर बेटी के साथ छेड़खानी का आरोप लगाया। इसको लेकर माहौल गर्म हो गया। वहीं गुरुवार सुबह होते-होते मासूम के पिता ने आरोपों से इंकार कर दिया। दरअसल, कस्बे के एक वार्ड निवासी मासूम बच्ची अपने घर के समीप खेल रही थी। बुधवार की रात मासूम के पिता व परिजन वार्ड के ही एक मासूम (9) पर छेड़खानी का आरोप लगाकर उसकी तलाश शुरू कर दी।

---

### शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का नगर पालिका पर तीसरे दिन भी जारी रहा धरना

# विधायक ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से जिले के एसपी को हटाने को कहा

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का एसपी को हटाने की मांग को लेकर शहर के नगर पालिका पर गांधी प्रतिमा के समक्ष गुरुवार को तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी से फोन पर विधायक की बात हुई। विधायक ने उन्हें अपनी पूरी बात बताते हुए कहा कि एसपी को हटा दें मैं धरना खत्म कर दूंगा।

भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी धरनारत विधायक से बात की। विधायक ने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी पूरी बातें सूनी और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

शोहरतगढ़ से अपना दल एस के विधायक विनय वर्मा के पास गुरुवार को पहले भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय और फिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी का फोन आया। विधायक ने प्रदेश अध्यक्ष से बात करते हुए एसपी पर आरोप लगाते हुए उन्हें बताया कि एक भी थाना व पुलिस चौकी पर बगैर पैसा के कोई काम नहीं हो रहा है। पुलिस किस प्रकार से अवैध खनन में लिप्त है। किस प्रकार से शोहरतगढ़ क्षेत्र के मायाराम की दुखद मृत्यु हुई और प्रशासन का रुख नकारात्मक रहा। प्रांतीय अध्यक्ष को बताया कि 12 पत्र देने के बावजूद एसपी व ऊपर के अधिकारी चुप्पी साधे रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बस्ती में समीक्षा के दौरान झूठ बोला गया कि मायाराम की मृत्यु एवं अवैध खनन में कार्रवाई कर दोषी को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने शोहरतगढ़ विस क्षेत्र के थानेदारों पर जनप्रतिनिधि की बात को न मानने की भी बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को बताई। विधायक ने कहा कि उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से कहा कि वह एसपी को हटा दें, उनका धरना समाप्त हो जाएगा। उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी पूरी बातें सुनीं और कार्रवाई का आश्वासन दिया।



शहर की नगर पालिका पर गांधी प्रतिमा के समक्ष शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा का गुरुवार को तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। • हिन्दुस्तान

### बारिश में भी नहीं डिगे विधायक के हौसले

एसपी को हटाने की मांग को लेकर धरना दे रहे शोहरतगढ़ विधायक को खराब मौसम का सामना करना पड़ा। बुधवार शाम व गुरुवार को हुई भारी बारिश के बाद भी उनका हौसला नहीं डिगा। बारिश तेज होन पर टेंट से निकल कर नगर पालिका के बरामदे में चले गए जहां पर अपने अनिश्चितकालीन धरना को जारी रखा।

# गायब बच्ची गांव में ही देर रात मिली

शोहरतगढ़। खड़कुइया नानकार गांव के शादाब अख्तर की बच्ची जैनब फातिमा (13) अचानक बुधवार की रात घर के बाहर खेलते समय गायब हो गई। परिवार में काफी खोजबीन के बाद जब पता नहीं चला तब 112 नंबर डायल कर शोहरतगढ़ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस बच्ची का हुलिया देख ढूंढने में जुट गई। काफी खोजबीन के बाद रात दो बजे पुलिस गांव के पास एक बांस की झांड़ के पास पहुंची तो देखा मासूम बच्ची पड़ी है।



एंबुलेंस में छेड़छाड़ की पीड़िता के घर गुरुवार को पहुंचकर एसपी प्राची सिंह ने परिजवारीजनों व पीड़िता से मिल कर उनका हाल जाना। । ● हिन्दुस्तान

# पीड़िता के घर पहुंचीं एसपी, जाना हाल

**सिद्धार्थनगर।** एसपी प्राची सिंह ने गुरुवार को बांसी क्षेत्र की एंबुलेंस पीड़िता के घर पहुंच कर परिजवारीजनों व पीड़िता से मिल कर उनका हाल जाना। एसपी ने परिवारीजनों व पीड़िता को ढांढस बधाते हुए कहा कि पुलिस उनके साथ है। उन्हें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस हर तरह से उन्हें मदद करेगी।

बांसी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने पति का इलाज कराने 28 अगस्त को लखनऊ गई थी। निजी अस्पताल में ज्यादा पैसे मांगने से उसने असमर्थता जताई और 29 अगस्त की शाम 6:30 बजे पति को डिस्चार्ज करा कर वहीं से एक एंबुलेंस लेकर पति व भाई के साथ घर आ रही थी। रास्ते में एंबुलेंस चालक और उसके सहयोगी ने महिला के साथ छेड़खानी की। मना करने पर उनकी हैवानियत और बढ़ गई। महिला ने भी विरोध जारी रखा। रात लगभग 11:30 बजे बस्ती जिला के छावनी थाना क्षेत्र के प्रगति पौधशाला के सामने मेन रोड पर एंबुलेंस खड़ी करके उसके पति के मुंह पर लगा आक्सीजन मास्क निकालकर फेंक दिया और बीमार पति को एंबुलेंस से बाहर धकेल महिला के भाई को मारपीट कर चले गए। मेडिकल कॉलेज पहुंचने के बाद 30 अगस्त की सुबह नौ बजे उसकी मौत हो गई। मामले में लखनऊ पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं गुरुवार को पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची एसपी प्राची सिंह ने पीड़िता व परिवारीजनों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल आरोपित बचेंगे नहीं। उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। इस अवसर पर सीओ मयंक द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठीमौजूद रहे।



# 43.5 हजार रुपये वापस करवाए गए

सिद्धार्थनगर। एक व्यक्ति के खाता से केवाईसी अपडेट करने के लिए आई कॉल के दौरान साइबर अपराधियों ने खाता से 43,500 रुपये उड़ा लिए थे। शिकायत के बाद साइबर सेल ने पीड़ित के खाता में पूरी धनराशि वापस करा दी। साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय ने बताया कि हरिशचन्द्र निवासी रसुलपुर टोला कटया थाना मोहाना के मोबाइल पर केवाईसी अपडेट करने की कॉल आई थी। इस दौरान साइबर ठगों ने उसके खाता से 43,500 रुपये उड़ा लिया था। शिकायत मिलने के बाद टीम ने पता कर पीड़ित के खाता में गुरुवार को पूरी रकम वापस करा दी।

# अफसरों ने जुलूस रूट का लिया जायजा

डुमरियागंज। 16 सितंबर को डुमरियागंज में निकलने वाले जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस को लेकर गुरुवार को एसडीएम डॉ. संजीव दीक्षित व सीओ सतीश चंद्र पांडेय ने जिम्मेदारों के साथ विभिन्न रूटों का जायजा लिया। लोगों से संवाद कर जरूरी जानकारी ली। वहीं गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर राप्ती तट पर पहुंच कर सुरक्षा, रोशनी सहित अन्य विषयों से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने बताया कि बेंवा से बैदौला होकर डुमरियागंज में पहुंच कर जुलूस समाप्त होगा। पुलिस के जवान सुरक्षा के दृष्टिकोण से जगह-जगह तैनात रहेंगे। ऐसे में कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल सूचना दें। वहीं एसडीएम व सीओ ने राप्ती तट पर होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया।

# हरियाणा में वांछित गोरखपुर जोन के बदमाशों की कुंडली बना रही पुलिस

■ अरविंद कुमार राय

गोरखपुर। हरियाणा विधानसभा के लिए पांच नवंबर को मतदान होना है। चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने कमर कस ली है। हरियाणा पुलिस की नजर गोरखपुर जोन के 196 बदमाशों पर है जिन्होंने वहां आपराधिक घटनाएं की हैं। इनमें गोरखपुर जिले के 53 बदमाश हैं। गोरखपुर जोन की पुलिस इन बदमाशों की कुंडली तैयार कर रही है। हरियाणा पुलिस चुनावों में गड़बड़ी फैलाने में आरोपित रहे बदमाशों को जेल में डाल रही है। इस अभियान में जुटी हरियाणा पुलिस को फरार चल रहे गोरखपुर जोन के 196 बदमाशों की तलाश है। इनकी गिरफ्तारी के लिए हरियाणा पुलिस ने उत्तर प्रदेश की पुलिस से मदद मांगी है।

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर गोरखपुर जोन की पुलिस इन सभी 196 बदमाशों की कुंडली तैयार कर रही है। पुलिस उनके घर छापे मार रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि सूची में शामिल 175 बदमाशों के बारे में पता लगाया है। इनमें से 22 अपने घर पर मौजूद मिले। एक बदमाश जेल में है। सात की मौत हो चुकी है और 28 फरार चल रहे हैं।

**सूची में शामिल 117 बदमाशों के नाम-पते गलत:** सूची में शामिल 196 बदमाशों में जिन 175 बदमाशों के बारे में जानकारी की है उनमें 117 के नाम-पते या तो अपूर्ण हैं या गलत। उनके बारे में गोरखपुर जोन की पुलिस को कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### सबसे अधिक गोंडा के 75 बदमाश, गोरखपुर के 53

हरियाणा में अपराध करने वाले जिन बदमाशों की सूची गोरखपुर जोन को मिली है उनमें सबसे अधिक 75 बदमाश गोंडा जिले के हैं। गोरखपुर जिले के 53 बदमाशों ने हरियाणा में आपराधिक घटनाएं की हैं। सिद्धार्थनगर जिले का कोई भी बदमाश सूची में शामिल नहीं है।

### 25 बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए भेजी सूची

गोरखपुर जोन की पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय को 25 बदमाशों की सूची भेजी है जिनकी गिरफ्तारी के लिए सूचित करने का अनुरोध किया है।



### हरियाणा में अपराध करने वाले जोन के बदमाश

- बदमाशों की संख्या : 196
- सत्यापित बदमाश : 175
- घर पर मौजूद मिले : 22
- कारागार में बंद है : 01
- फरार चल रहे हैं : 28
- मर चुके हैं : 07
- पता गलत : 117

**राष्ट्रीय लोक अदालत कल : सिद्धार्थनगर :** न्यायालय परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। इसमें मुकदमों का निस्तारण आपसी सुलह एवं समझौता के जरिए संपन्न होगा। एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्य ने बताया कि वाहन स्वामी जिनका वाहन चालान एवं अन्य प्रकरणों के निदान कराना है।

## एसपी ने सुनी फरियाद, निस्तारण का भरोसा दिलाया

सिद्धार्थनगर। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने बृहस्पतिवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतों को सुना और निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें एक भूमि विवाद, दो मारपीट व आठ अन्य से संबंधित थे। शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। संवाद

# बैंक से पैसा लेकर फरार कर्मी पुलिस की पकड़ से दूर

फालोअप

**बड़ौदा यूपी बैंक ठोठरी का मामला, बिहार राज्य के समस्तीपुर जिले का रहने वाला है आरोपित**

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: बड़ौदा यूपी बैंक के ठोठरी शाखा के कार्यालय सहायक सावन सिंह 1071019 रूपया लेकर बैंक से 23 अगस्त को फरार हो गया था। पूरी वारदात बैंक में लगे सीसी कैमरे में कैंद हुई थी। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर लोटन थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने सीसी कैमरे की मदद से एक बाल अपचारी को पकड़ा। उसे बाल सुधार गृह बस्ती भेज दिया। पर अभी तक मुख्य आरोपित नगदी के साथ पुलिस की पकड़ से दूर है। इसकी गिरफतारी के लिए पुलिस टीम बिहार तक जा चुकी है, पर अभी वह फरार है। रुपया बरामद न होने और आरोपित के पकड़ से दूर होने की वजह से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। बैंक आफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक विकास कुमार सिंह पुत्र मुनेश्वर प्रसाद सिंह निवासी संतकबीरनगर जडुआ पोस्ट हाजीपुर हाजीपुर सदर वैशाली बिहार ने लोटन थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने तहरीर में कहा कि उनके बैंक शाखा में प्रति नियुक्ति पर कार्यालय सहायक के पद पर तैनात सावन कुमार सिंह पुत्र शशि रंजन सिंह निवासी खरसंद समस्तीपुर बिहार बैंक का रुपया लेकर फरार हो गया। कैश गायब होने की जानकारी शाखा प्रबंधक को तब हुई जब वह कैश का मिलान करने लगे। काफी देर सावन अपनी सीट से गायब रहा तो उस पर थोड़ा संदेह हुआ। कैश का मिलान किया तो 10.71 लाख रुपये कम मिला। इसके बाद पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस की जांच में बाल अपचारी का नाम भी घटना में शामिल होना पाया गया। प्रभारी निरीक्षक लोटन अरविंद कुमार मौर्या ने बताया कि मुख्य आरोपित को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगी है। जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# पीड़िता के घर पहुंचीं एसपी, हर संभव मदद का दिया भरोसा

जासं, बांसी (सिद्धार्थनगर) : लखनऊ से घर आ रही बांसी कोतवाली क्षेत्र की एक महिला के साथ बीते 29 अगस्त को एंबुलेंस में उसके बीमार पति व भाई के समक्ष दुष्कर्म की कोशिश हुई। तमाम कोशिशों के बाद लखनऊ के गाजीपुर कोतवाली पुलिस ने बीते चार सितंबर को छेड़खानी, लूट, गैर इरादतन हत्या के मामलों में मुकदमा दर्ज कर किया था। घटना के 15वें दिन गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह पीड़िता से उसके घर जाकर मिलीं। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़िता की हर संभव मदद की जाएगी। पीड़िता से मिलकर पुलिस अधीक्षक ने महिला के स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली। पीड़िता ने बताया कि चिकित्सकों ने खून की कमी की बात बताई है। जिसपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जब भी खून की आवश्यकता होगी तो पुलिस के जवान खून देने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सिद्धार्थनगर पुलिस लखनऊ पुलिस के संपर्क में हैं। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए पुलिस तत्पर है। दोषियों को कड़ी सजा दी जायेगी। स्वास्थ्य संबंधी या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचना दें। सीओ बांसी मयंक द्विवेदी, कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी व एलआईयू निरीक्षक मौजूद रहे। एक आरोपित को गिरफ्तार भी किया गया है। एंबुलेंस चालक की तलाश में पुलिस की टीम लगी है।



एंबुलेंस में दुष्कर्म के प्रयास की पीड़िता के घर पहुंची पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह •

# साइबर सेल ने वापस कराया ठगी का रकम

सिद्धार्थनगर : मोहाना थाना क्षेत्र के रसूलपुर टोला कटया निवासी हरीशचन्द्र के खाते से साइबर ठग ने 43500 रुपया निकाल लिए थे। जिसकी शिकायत पीड़ित ने साइबर सेल से किया था। साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए रकम को पीड़ित को वापस कराया। बरामदगी कराने में प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पांडेय, अमित कुमार, अतुल चौबे शामिल रहे।

# लापता बच्ची को पुलिस ने खोजकर स्वजन को सौंपा



गायब बच्ची के साथ सीओ अरुण कांत सिंह ( बाएं), प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह मासूम को गोद में लिए हुए ● सौ. पुलिस टीम

जागरण संवाददाता, शोहरतगढ़ : शोहरतगढ़ थाने की पुलिस खड़कुइया नानकार में बुधवार शाम लापता हुई 14 महीने की मासूम जैनब फातिमा को रात 2.30 बजे रात में खोज कर स्वजन को सुपुर्द किया है। मासूम को पाकर स्वजन खाफी खुश हैं। खड़कुईया नानकार निवासी शादाब ने बुधवार शाम छह बजे तहरीर देकर बताया कि मेरी मासूम बच्ची घर के बगल खेल रही थी। इसके बाद वह लापता हो गई है। काफी खोजबीन करने पर भी वह नहीं मिली है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज बच्ची की तालाश युद्धस्तर पर शुरू की। पूरे गांव व आसपास के क्षेत्रों में सर्च अभियान चलाया गया। रात करीब ढाई बजे पुलिस ने मासूम को गांव के पास एक झाड़ी में सोया हुआ पाया। पुलिस ने स्वजन को बुलाया और बच्ची को उसकी माता तसलिमुन्निशा व पिता शादाब अख्तर को सौंप दिया। स्वजन ने कहा पुलिस ने सराहनीय व नेक कार्य किया है। थाना प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने कहा कि लापता बच्ची को रात में ही स्वजन को सौंप दिया गया। इस दौरान क्षेत्रधिकारी अरुणकांत सिंह व पुलिस तथा ग्रामवासी मौजूद रहे।

## यह और अन्य खबरें देंखे

https://www.jagran. com/local/uttar-pradesh_ gorakhpur-city-news-hindi.html

# गाजे-बाजे के साथ विसर्जित हुईं गणपति की प्रतिमाएं

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर: गणेश चतुर्थी के अवसर पर नगर पंचायत कपिलवस्तु बर्डपुर कस्बे में स्थित कुबेर गल्ला भंडार व कान्हा भवन में स्थापित किए गए गणपति बप्पा मोरया प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ गुरुवार को मोहाना नदी पर विसर्जित कर दिया गया। गणपति बप्पा मोरया के मूर्ति विसर्जन के दौरान बच्चों ने विशेष परिधान धारण कर जमकर धमाल मचाया। इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के धुन से पूरा कस्बा गुंजायमान रहा। श्रद्धालु भक्ति धुन पर झूमते हुए प्रतिमा विसर्जन स्थल तक गए। इस दौरान ओम प्रकाश यादव, पूर्व ग्राम प्रधान विनीता यादव, अनिल कुमार, दीपक चौरसिया, अर्जुन मद्धेशिया, वेद प्रकाश यादव, हर्ष यादव, विनीता यादव, सरिता यादव, अवंतिका चौरसिया मौजूद रहे।

# साइबर ठग ने खाते से 43,500 रुपये उड़ाए, पुलिस ने वापस करवाया

सिद्धार्थनगर। बैंककर्मी बनकर ई-केवाईसी कराने के नाम पर व्यक्ति से खाते से 43500 रुपये ठगों ने उड़ा दिए थे। शिकायत के बाद पुलिस ने बृहस्पतिवार को उसके खाते में धनराशि वापस करवा दिया। डूबे रुपये मिलने के बाद खाता धारक का चेहरा खिल उठा। टीम में एसआई अमित कुमार, साइबर क्राइम थाना, मुख्य आरक्षी अतुल चौबे, आशुतोष शामिल रहे। संवाद

# नकदी और आभूषण चोरी

सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम महादेवा नानकार के टोला मौलवी महादेवा निवासी अनिल कुमार ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार की रात उनके घर में घुसकर, चोर नकदी व आभूषण उठा ले गए। एसओ अनुज कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# मानव तस्करी को रोकने पर हुआ मंथन

ककरहवा। मानव तस्करी व बाल श्रम रोकथाम के लिए एसएसबी के ककरहवा सीमा चौकी परिसर में एसएसबी, पुलिस, नेपाल प्रहरी, आर्म्ड पुलिस फोर्स व दोनों देशों के एनजीओ के बीच समन्वय बैठक हुई। बैठक का नेतृत्व एसएसबी ककरहवा कैंप के सहायक कमांडेंट अंकुश एस डांगे ने किया। इस दौरान ककरहवा चौकी इंचार्ज राकेश त्रिपाठी, कालीदह चौकी प्रभारी इंस्पेक्टर एनबी खत्री सहित नेपाल एनजीओ के कार्मिक शामिल रहे। संवाद

# पुलिस कप्तान ने की पीड़िता से मुलाकात..दिलाया न्याय का भरोसा

## एंबुलेंस में दरिंदगी : 29 अगस्त को एंबुलेंस में महिला से दरिंदगी और छिनैती की हुई थी घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**सकारपार।** एंबुलेंस में दरिंदगी की कोशिश और छिनैती के मामले में एसपी प्राची सिंह बृहस्पतिवार को पीड़िता के घर पहुंचीं। यहां उन्होंने पीड़िता से मुलाकात की और घटना के बारे में जानकारी ली। साथ ही आश्वासन दिया कि घटना यहां की नहीं है, लेकिन न्याय दिलाने में जनपद की पुलिस सहयोग करेगी।

किसी प्रकार की दिक्कत होने पर सीओ और थाने को बता सकती हो। पूरी मदद की जाएगी। वहीं, बस्ती सीओ के आने बात चल रही थी, लेकिन वह नहीं आए। हालांकि उन्होंने पीड़ित परिवार से यह नहीं कहा था कि वह आएंगे।

केस के बारे में जानकारी लेने के लिए आने की उनकी योजना थी। बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने बृहस्पतिवार को पीड़िता के घर पहुंचकर पीड़िता की सेहत की जांच की। 29 अगस्त को बीमार पति को लखनऊ से बांसी अपने घर लाते समय एंबुलेंस में दरिंदगी की कोशिश करने के बाद बीमार पति को एंबुलेंस से नीचे उतार कर ड्राइवर एंबुलेंस लेकर भाग गया, जिससे पति की मौत गई थी। जिसको लेकर एसपी प्राची सिंह बृहस्पतिवार को पीड़िता के घर पहुंची। यहां उन्होंने मामले की पूरी जानकारी ली।


एंबुलेंस चालक के खिलाफ गैर जमानती वारंट

12 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### एसपी प्राची सिंह ने पीड़िता से कहा-पुलिस आपके साथ

उन्होंने पीड़िता से घटना की जानकारी लेने के बाद पीड़िता के सेहत के बारे में भी पूछताछ किया। वह अपने साथ पीड़िता के लिए फल भी लाई थी। उन्होंने कहा आप सेहत पर ध्यान दीजिए।

मामला भले हमारे जनपद की नहीं है, लेकिन आप हमारे जनपद की है तो आप को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने पाएगी। दोषियों को उसके कर्मो की सजा जरूर मिलेगी। इस संबंध में एसपी प्राची सिंह ने कहा कि पीड़िता से मिलकर उसका कुशलक्षेम पूछा है। आश्वासन दिया कि हमारे जिला की पुलिस आपके साथ है कोई परेशानी नहीं होने पाएगी।

### एंबुलेंस में दरिंदगी को लेकर गृह सचिव से मिले सांसद

**सिद्धार्थनगर।** सांसद जगदंबिका पाल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश के गृह सचिव दीपक कुमार से मिलकर 29 अगस्त को एंबुलेंस में महिला के साथ दरिंदगी की शिकायत की। सांसद ने कहा कि इस तरीके के अपराध सरकार को बदनाम करने वाले हैं। उन्होंने डीजीपी पुलिस उत्तर प्रदेश एवं गृह सचिव दीपक कुमार से मांग करते हुए कहा कि दोषियों को तत्काल जेल में डालें, साथ ही महिला को वह सारी सुविधा दें, जो सरकार की तरफ से दी जाती है। सांसद ने कहा कि जब 29 अगस्त को महिला छावनी थाने पर गई तो पुलिस को उसका एफआईआर दर्ज करना चाहिए था, जिसके लिए सरकार ने जीरो एफआईआर की व्यवस्था की है, लेकिन छावनी पुलिस ने यह मानकर की घटना उनके यहां नहीं हुई है। महिला को लखनऊ जाने को कहा यह बहुत ही गलत है। पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की जरूरत है। संवाद

### घर पहुंची स्वास्थ्य टीम

बुधवार को पीड़िता की तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद परिवार के लोगों ने बांसी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया था। जहां इलाज के बाद घर भेज दिया गया था। बृहस्पतिवार को फिर स्वास्थ्य विभाग की टीम घर पहुंची और महिला के स्वास्थ्य का परीक्षण करके दवाएं दी। बता दें कि घटना के बाद से पीड़िता की तबीयत खराब हो रही है। उसे कई बार अस्पताल जाना पड़ा है।

### पीड़िता के घर जाएगा सपा का प्रतिनिधि मंडल

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधि13 सितंबर को एंबुलेंस पीड़िता के घर जाएगा। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने एक विज्ञप्ति जारी का मीडिया को जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधि मंडल मिलने के बाद रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। संवाद

# पुलिस को चकमा देकर एंबुलेंस चालक ने कोर्ट में किया सरेंडर

## सिद्धार्थनगर की महिला से एंबुलेंस में दुष्कर्म की कोशिश का मामला

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। एंबुलेंस में महिला से दुष्कर्म की कोशिश के मामले के मुख्य आरोपी चालक ने पुलिस को चकमा देकर बृहस्पतिवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया। वहीं से वह जेल भेजा गया। एक सप्ताह से पुलिस आरोपी की तलाश के दावे कर रही थी, लेकिन गिरफ्तार करने में नाकाम रही।

सिद्धार्थनगर निवासी महिला ने गाजीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में पति को भर्ती कराया था। 29 अगस्त की शाम को वह निजी एंबुलेंस से पति को लेकर सिद्धार्थनगर के लिए रवाना हुई थीं। साथ में उनका भाई भी था। अयोध्या पार करते ही उन्नाव के पुरवा निवासी एंबुलेंस चालक सूरज तिवारी



सूरज तिवारी

**जल्द ही आरोपी के रिमांड के लिए अर्जी देगी पुलिस**

और अयोध्या निवासी उसके साथी ऋषभ ने महिला के भाई को पीछे मरीज के साथ बैठा दिया था। महिला को आगे बुलाकर बैठा लिया था।

छेड़छाड़ कर महिला से दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध पर बस्ती में बीच सड़क मरीज व उन सभी को एंबुलेंस से उतारकर भाग गए थे। मरीज की कुछ घंटे बाद मौत हो गई थी। गाजीपुर पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी ऋषभ को जेल भेजा था। तब से सूरज की तलाश चल रही थी।

### हर कदम पर दी पुलिस को मात

आरोपी ने पुलिस को कदम कदम पर मात दी। पुलिस आखिर तक उसको पकड़ नहीं सकी। जबकि वह लगातार परिवार वालों से इंस्टाग्राम के जरिये बातचीत कर रहा था। यहां तक कि उसने एक चौकी इंचार्ज को भी कॉल की। तब उसने सरेंडर करवाने की बात कही थी। इन सभी के बावजूद पुलिस उसको ट्रेस नहीं कर सकी।

इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया कि बृहस्पतिवार दोपहर आरोपी सूरज ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। अब जल्द ही उसको कस्टडी रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दी जाएगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# मेरे विरुद्ध लगाए गए आरोप बेबुनियाद : अंकुर राज

संतकबीरनगर (एसएनबी)। विधायक सदर अंकुर राज तिवारी ने क्षेत्र पंचायत सेमरियावां की बैठक के दौरान गत दिवस हुए हंगामे एवं आरोप-प्रत्यारोप के संबंध में कहा है कि उनके विरुद्ध लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने आज लोनिवि निरीक्षण भवन खलीलाबाद में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बातें कहीं। विधायक सदर अंकुर राज तिवारी ने विभिन्न अखबारों की कटिंग की फोटोप्रति दिखाते हुए कहा कि जो व्यक्ति स्वयं दर्जन भर मुकदमों में नामजद हो वह मेरे विरुद्ध गुण्डागर्दी व बीडीसी सदस्य के अपहरण का आरोप लगा रहा है जो हास्यास्पद है।

क्षेत्र पंचायत की बैठक में अफरा तफरी तथा प्रमुख प्रतिनिधि सेमरियावां द्वारा लगाए गए आरोपों का एक सिरे से खंडन करते हुए विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी ने कहा कि जो स्वयं दर्जनों मुकदमों में वांछित हैं वह दूसरे के ऊपर आरोप कैसे लगा सकता है। श्री तिवारी एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने वाला लूट खसोट व सहित बीडीसी सदस्य के अपहरण का आरोपी है। उसके विरुद्ध जो भी मुकदमे दर्ज हैं वे उनके विधायक बनने से पहले के हैं। मेरे विरुद्ध आज तक शांतिभंग तक का मुकदमा दर्ज नहीं है। विधायक ने कहा कि समग्र विकास ही मेरा मुख्य एजेंडा है। मेरा विधानसभा क्षेत्र अधिकाधिक विकसित हो यही मेरा उद्देश्य है लेकिन किसी को लूट-खसोट नहीं करने दूंगा। इतने मुकदमे में नामजद होने के बावजूद ब्लाक प्रमुख सेमरियावां प्रतिनिधि सेमरियावां को भाजपा में शामिल कराने के सवाल पर विधायक सदर ने कहा कि पार्टी को गुमराह करके कुछ लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। इस संबंध में पार्टी के जिलाध्यक्ष तथा मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर अवगत कराते हुए ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर कराने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत के पदेन सदस्य के नाते वह क्षेत्र पंचायत सेमरियावां की बैठक में भाग लेने गए थे जहां एसडीएम सदर व सीओ सदर ने कहा कि आप पदेन सदस्य के रूप में बैठक में जा सकते हैं लेकिन कानून-व्यवस्था की दृष्टि से बैठक में आपका जाना उचित नहीं है और आप अपना प्रतिनिधि भेज दीजिए तो मैंने अपना प्रतिनिधि भेज दिया क्योंकि मेरी मंशा बैठक होने देने की थी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा अनाउंसमेंट के जरिए बार-बार क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बैठक में भाग लेने के लिए बुलाया जा रहा था लेकिन मौके पर कोई सदस्य वहां नहीं था क्योंकि प्रमुख झूठ बोल कर चुनाव जीते थे और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का विश्वास खो चुके हैं इसलिए क्षे.पं. सदस्य व प्रधान सहित अन्य प्रतिनिधि बैठक में नहीं आए। साथ ही कहा कि यदि कार्यकर्ताओं के साथ कोई गलत हरकत करेगा तो उसका जवाब भी कार्यकर्ता देंगे ही। उन्होंने कुछ नेताओं का बिना नाम लिए कहा कि कुछ तथाकथित व्यक्तियों द्वारा तरह-तरह का दुष्प्रचार कर किया जा रहा कि मैं कार्यों को अवरुद्ध कर रहा हूं यह पूरी तरह गलत है। प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा एक मनगढ़ंत आरोप क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अगवा करने का लगाया है लेकिन मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, अपर जिला अधिकारी, एसडीएम सहित जिले के अन्य अधिकारी उक्त बैठक की कमान संभाले हुए थे। वहां किसी भी तरह का कोई भी ऐसा कोई कार्य नहीं किया गया कि जिस कानून व्यवस्था प्रभावित हो। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि दुकानदारों को बैठक के मद्देनजर पहले ही अपनी दुकानें बंद कर लेना चाहिए था। पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाने के लिए कोई कार्रवाई की होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अपने विधायक निधि से सेमरियावां विकास खंड के सैकड़ों गांवों व चौराहों पर सोलर लाइट और सड़कों का जाल बिछाने का काम किया है।



प्रेसवार्ता कर विधायक ने कही अपनी बात

स्वयं कई मुकदमों में नामजद व्यक्ति लगा रहा है मेरे विरुद्ध गुण्डागर्दी व अपहरण का आरोप

विकास ही मेरा मुख्य उद्देश्य, इस पर मैं अनवरत करता रहूंगा कार्य

# किशोरी के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

**धनघटा।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर उसका अपहरण करने के आरोप में नामजद महुली थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत गांव निवासी नामजद आरोपी को महुली पुलिस ने थाना क्षेत्र के कठिनईया नदी के राजघाट पुल के समीप घेराबंदी कर गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया। विदित हो कि धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय किशोरी बीते 30 अगस्त की दोपहर में महुली थानान्तर्गत स्थानीय महुली कस्बे से दवाकर अपने घर धनघटा थाना क्षेत्र के अपने गांव जा रही थी। किशोरी महुली थानान्तर्गत सिक्टहा गांव के पुल के समीप पहुंची थी कि महुली थाना क्षेत्र के भैंसहीजोत गांव निवासी मुकेश यादव पुत्र रंगीलाल यादव नामक युवक किशोरी को शादी का झांसा देकर उसका अपहरण कर लिया था। घटना को लेकर अपहृता की मां की तहरीर पर महुली पुलिस ने आरोपी मुकेश यादव पुत्र रंगीलाल यादव निवासी ग्राम भैंसहीजोत थाना महुली के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 87, 127(2), 352, 351 (3) एवं एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी थी। गुरूवार को महुली थाना क्षेत्र के राजघाट पुल के पास मौजूद होने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र हमराही पुलिसकर्मी उपनिरीक्षक अभिमन्यु सिंह, हे.कां.जुबेर अली, रमेश मिश्रा, सत्यम सिंह व महिला कां.शिवानी सिंह के साथ मौके पर पहुंच गए और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया साथ ही कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे जेल भेज दिया।

# दरवाजा तोड़ चाकू व धारदार हथियार लेकर प्रतिष्ठान पर चढ़े चोर

**गोदाम की चाभी न देने पर दुकानदार पर हमला कर दो मोबाइल व 18 सौ छीनकर फरार, दो घंटे बाद पकड़े गए**

संतकबीरनगर (एसएनबी)। थाना कोतवाली खलीलाबाद के गौरापार में स्थित प्रतिष्ठान अमन ट्रेडर्स एवं जन सेवा केन्द्र पर बीती रात्रि चोर चाकू व धारदार हथियार लेकर चढ़ गए। प्रतिष्ठान का दरवाजा तोड़कर एवं गोदाम की चाभी न देने पर दुकानदार पर हमला कर दो मोबाइल व 18 सौ ₹ छीनकर फरार हो गए। दो घंटे बाद ग्रामवासी व पुलिस की मदद से एक चोर को पकड़ लिया गया।

कोतवाली पुलिस को दिए गए तहरीर में थाना कोतवाली खलीलाबाद के चकमदारूल्लाह उर्फ मलोरना निवासी अमन चौधरी पुत्र दीनानाथ चौधरी ने कहा है कि बीती रात्रि (11.09.2024) करीब 12:00 बजे प्रतिदिन की भांति वह अपने प्रतिष्ठान अमन ट्रेडर्स एवं जन सेवा केन्द्र गौरापार में सोया हुआ था। इसी बीच कुछ चोर जालीदार दरवाजे का ताला तोड़कर अपने हाथ में चाकू व अन्य धारदार हथियार लेकर मुझसे दुकान व गोदामा की चाभी मांगने लगे। जिस पर मैने चाभी घर पर रखने की बात कहीं। जिससे नाराज होकर उक्त लोगों ने मेरे ऊपर हमला कर दिया और मेरा दो मोबाइल तथा 18 सौ ₹ छीनकर भागने लगे। चाकू मेरे प्रतिष्ठान पर छोड़कर अपशब्द करते हुए भाग गए। पीड़ित ने बताया कि तत्काल उसने पड़ोसी के मोबाइल से फोन करके अपने पिता को बुलाया और पिता के आने पर उनके मोबाइल से 112 नम्बर पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके साथ ही अपने गांव के लोगों को भी सूचित किया। करीब दो घंटे के बाद गांव के लोगों एवं पुलिस की मदद से पता चला कि चोर औरंगाबाद में पकड़ लिया गया है। यहां पर पहुंचने पर पुलिस के द्वारा मेरे दोनों मोबाइल को चोर से बरामद की। पीड़ित ने उक्त चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कार्रवाई की मांग की है।

# एएसपी ने किया महुली थाने का निरीक्षण

नाथनगर (एसएनबी)। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने गुरूवार को महुली थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाने के कम्प्यूटर कक्ष में चल रहे काम-काज, जनशिकायतों के निस्तारण, अभिलेखों के रख-रखाव एवं न्यायालयों के आदेशों के पालन की बारी-बारी से समीक्षा की।

निरीक्षण के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ने सर्व प्रथम कम्प्यूटर कक्ष में पहुंचकर आनलाइन जीडी सहित अन्य कामकाज के बारे में कम्प्यूटर कक्ष में कार्यरत कर्मियों से पूछताछ कर जानकारी प्राप्त की और उन्हें जरूरी दिशा निर्देश दिया। उसके बाद उन्होंने जनशिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी करने के बाद जनशिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बरतते हुए शिकायतकर्ता को हरहाल में संतुष्ट करने का निर्देश मातहतों को दिया। उसके बाद दीवान खाने में पहुंचकर अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के रखरखाव की स्थिति देखी तथा अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। न्यायालयों के आदेशों के पालन की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्धारित समयावधि के भीतर न्यायालयों के आदेशो का



महुली थाने के दीवान खाने का निरीक्षण करते अपर पुलिस अधीक्षक। फोटो : एसएनबी

हरहाल में पालन करने का फरमान सुनाया। इस दौरान थाने की साफ-सफाई के बारे में जानकारी करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक थाने के लाकअप और शौचालय की स्थिति देखने के बाद थाना परिसर में घूम-घूम कर साफ-सफाई का हाल जाना और साफ-सफाई को लेकर सभी पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिया। अन्त में अपर पुलिस अधीक्षक थाने के भोजनालय में भी पहुंचे जहां भोजनालय में पुलिसकर्मियों के लिए बनने वाले भोजन के मीनू के बारे में फालोवरों से पूछताछ कर उन्हें पुलिसकर्मियों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करने का निर्देश जारी किया। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र समेत थाने के सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# महिला समेत पति पर मनबढों ने किया हमला

नाथनगर (एसएनबी)। अपने पिता के घर महुली थाना क्षेत्र के ठाठर गांव में आयोजित कथा के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने पति के साथ ससुराल बस्ती जिले के लालगंज थाना अन्तर्गत अमईपार गांव अपनी मां की कार से बुधवार की देर शाम 8.30 बजे जा रही महिला के कार को महुली थाना क्षेत्र के जमुहट गांव के समीप दो मनबढों ने आगे खड़ा होकर रोक लिया और कार में सवार पति-पत्नी को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए महिला के पति के उपर हमला कर दिया। इतना ही नहीं पति-पत्नी को मारपीट कर घायल करने के साथ-साथ दोनों मनबढों ने तोड़-फोड़ करते हुए कार को क्षतिग्रस्त कर दिया साथ ही पति-पत्नी को जान से मार देने की धमकी भी दी।

घटना के संबंध में पीड़ित महिला ने दो हमलावरों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने दोनों हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के ठाठर गांव निवासी प्रेमचन्द्र के घर बुधवार को कथा का कार्यक्रम आयोजित था जिसमें शामिल होने के लिए बस्ती जिले के लालगंज थानान्तर्गत अमईपार गांव निवासी उसकी बेटी सरोज निषाद अपने पति महेन्द्र निषाद के साथ पहुंची थी।

**तहरीर के आधार पर पुलिस ने दो मनबढ हमलावरों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर शुरू की घटना की छानबीन**

कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सरोज निषाद अपने पति महेन्द्र निषाद के साथ मारूती कार नम्बर यू.पी. 51 टी.वी.6428 से अपने घर देर शाम करीब 8.30 बजे जा रही थी। दोनों पति-पत्नी कार से महुली थानान्तर्गत जमुहट गांव के समीप पहुंचे थे इसी दौरान नशे में धुत जमुहट गांव निवासी मुनीश पुत्र कारी और लालबिहारी उर्फ अब्बू सलाम पुत्र सलाम कार के आगे खड़ा होकर रास्ता रोक लिए। रास्ते से हटने की बात कहने पर उक्त दोनों भड़क गए और पति-पत्नी को भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। इस बीच कार का दरवाजा खोलकर सरोज निषाद के पति महेन्द्र निषाद का कालर पकड़कर मारने लगे। इस दौरान दोनों मनबढों ने पति-पत्नी को जान से मार देने की धमकी देते हुए दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही तोड़फोड़ करते हुए कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं विवाद के दौरान महिला सरोज निषाद का मंगलसूत्र, सोने के चैन, नाक की कील और कान का झाला आदि भी कहीं गिर गया जो काफी खोजने पर नहीं मिला। घटना को लेकर सरोज निषाद की तहरीर पर पुलिस ने हमलावर मुनीश व लालबिहारी उर्फ अब्बू सलाम के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 324 (4), 351 (3), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# प्रतियोगिता से वापस लौटे खिलाड़ियों का हुआ स्वागत

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। अलीगढ़ में आयोजित चार दिवसीय माध्यमिक विद्यालयों की प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में मंडल की टीम ने प्रतिभाग किया था। जिले में छात्र/छात्राओं ने मेडल व प्रमाण पत्र प्राप्त जिले का नाम रोशन किया। गुरुवार को हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद में पहुंचे खिलाड़ियों एवं संबंधित कोच का शिक्षकों ने माला पहनाकर स्वागत किया तथा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

विदित हो कि मा. विद्यालयों की प्रदेश स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता अलीगढ़ में 07 सितंबर 2024 से 11 सितंबर 2024 तक आयोजित है। इस स्टेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बस्ती मंडल की टीम को रवाना किया गया था। जिला विद्यालय निरीक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने इस प्रतियोगिता में अंडर-19 सीनियर बालक वर्ग तथा अंडर से 19 बालिका वर्ग की टीमों ने प्रतिभाग किया था। ये टीमें जोखू प्रसाद प्रवक्ता हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज खलीलाबाद एवं जिला क्रीड़ा सचिव संत कबीर नगर के नेतृत्व में प्रतिभाग की। टीम कोच के रूप में विवेकानंद यादव मौलाना आजाद इंटर कालेज खलीलाबाद रहे।

धनघटा (एसएनबी)। धनघटा तहसील कार्यालय से एक किमी.दूर उपनिबंधन कार्यालय धनघटा के भवन निर्माण के विरोध में धनघटा तहसील के अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार जारी है। गुरूवार को भी तहसील के अधिवक्ता कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन तहसील कार्यालय भवन के बरामदे में धरना देते हुए नारेबाजी करने में जुटे रहे। आंदोलनकारी अधिवक्ताओं का कहना है कि उपनिबंधन कार्यालय धनघटा के भवन निर्माण हेतु सरकार ने धन अवमुक्त कर दिया है। कुछ जिम्मेदार अधिकारी क्षेत्र के भूमाफियाओं एवं दलालों की साजिश में आकर उपनिबंधन कार्यालय के नए भवन का निर्माण कार्य तहसील मुख्यालय से एक किमी.दूर ऐसे स्थान पर कराने का प्रयास कर रहे हैं जहां आवागमन के लायक सड़क तक की सुविधा नहीं है।

अधिवक्ताओं का कहना है कि धनघटा थाना परिसर में तहसील धनघटा के नाम से 0.440 हेक्टेयर भूमि स्थित है जिस पर पुलिस विभाग द्वारा अपना भवन बना लिया गया है। उसके बाद भी थाना परिसर में दक्षिण तरफ उपनिबंधन कार्यालय भवन निर्माण के अनुकूल जमीन खाली है। उसमे से तहसील के नाम स्थित रकबा 0.440 हेक्टेयर भूमि पुलिस द्वारा तहसील के उपयोग के नाम पर छोड़ा भी गया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि

# अभियुक्त को चार वर्ष का सश्रम कारावास की सजा

संतकबीरनगर (एसएनबी)। न्यायालय ए.एस.जे./ एस.पी.जे./पाक्सो एक्ट ने स्त्री की लज्जाभंग करने के मामले में अभियुक्त को 04 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा तथा 07 हजार ₹ के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर आरोपी को तीन माह के अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

संयुक्त निदेशक अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल के संयुक्त प्रयास के फलस्वरुप न्यायालय ए.एस.जे./ एस.पी.जे./ पाक्सो एक्ट ने थाना बखिरा पर पंजीकृत मुकदमें के मामले में अभियुक्त विनोद कुमार यादव पुत्र लालजी यादव निवासी देवकली थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर को विशेष सत्र परीक्षण संख्या 051/17 के मामले में आरोप अंतर्गत धारा 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट के अपराध से दोषसिद्ध किया गया। अभियुक्त को उपरोक्त सत्र परीक्षण के मामले में आरोप के अंतर्गत धारा 3(1), ध्(त), च्व/च्ड़ एक्ट के आरोप से दोषमुक्त किया गया और अभियुक्त जमानत पर है। अभियुक्त के जमानतनामें व अभियुक्त के बंधपत्र निरस्त किए गए। अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में लिया गया। अभियुक्त को धारा 354 भादवि में 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं दो हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित का आदेश दिया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 03 माह का साधारण कारावास से दण्डित किया जाएगा। अभियुक्त विनोद कुमार यादव को धारा 7/8 पाक्सो एक्ट में 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं पांच हजार ₹ के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह का साधारण कारावास भुगतना होगा। धारा 31 सीआरपीसी द्वारा दोषसिद्ध की सभी सजाएं साथ साथ चलेंगी। धारा 428 सीआरपीसी के तहत दोषसिद्ध के द्वारा अभिरक्षा में व्यतीत की गयी अवधि को उसकी सजा कि अवधि से समायोजित किया जाएगा। सजायावी वारण्ट बनाकर अभियुक्त को सजा भुगतने हेतु जिला कारागार भेजा गया।

# पिटाई से आक्रोशित ग्रामीणों का प्रदर्शन

धनघटा (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के जमुहट गांव के समीप बुधवार की देर शाम थाना क्षेत्र के ठाठर गांव अपने मायके सें पति के साथ अपनी ससुराल जा रही महिला और उसके पति के उपर हुए हमले की सूचना पर पीड़ित महिला के मायके ठाठर गांव के लोग हमलावरो जमुहट गांव निवासी मुनीश पुत्र कारी और लालबिहारी उर्फ अब्बू सलाम पुत्र सलाम के घर लाठी-डंडा से लैश होकर पहुंच गए।

बताया जाता है कि घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जहां हमलावरों समेत अन्य परिवारों के उपर लाठी-डंडे से हमला कर कई लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया गया। घटना को लेकर आक्रोशित होकर गुरूवार को प्रदर्शन कर रही जमुहट गांव निवासी आशिया, खुर्शीदा, खलीकुनिशा, संजीदा, शाहिना, अफशाना, शबनम, अब्बास आदि ने बताया कि उनका उक्त घटना से कोई लेना-देना नहीं है। घटना गांव के उत्तर तरफ सड़क पर हुई है जबकि वह लोग गांव के दक्षिण टोले में रहते हैं। उन्हें घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली थी कि बुधवार की देर रात पुलिस के साथ तमाम लोग पहुंच गए और उनके घरो में घुसकर मारपीट की। बूढे,बच्चे,जवान और महिलाएं जो भी मिला उसे मारपीट कर घायल कर दिया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस भी उन्हीं को मारपीट रही थी। घरों में घुस कर लोगों ने चूल्हा तक तोड़ दिया। तोड़फोड़ करते हुए बाइक को भी क्षति पहुंचाई। इस दौरान लाठी-डंडे से लैश लोग तांण्डव मचाते हुए उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे। पुलिसकर्मी दो गाड़ियों को भी उठा ले गए और विरोध करने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। हमलावरो ने 70 वर्षीय बेली और 80 वर्षीय सुनरी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि घटना की सूचना पर ग्राम प्रधान व प्रभारी निरीक्षक महुली ने मौके पर पहुंचकर बीचबचाव कराया वरना उन लोगों की हालत और बुरी हो जाती।



धनघटा। घटना के बाद प्रदर्शन करते जमुहट गांव के ग्रामीण। फोटो : एसएनबी

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने घटना में शामिल ग्रामीणों समेत पुलिसकर्मियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग पुलिस उच्चाधिकारियों से की है।

# विरोध में अधिवक्ताओं का धरना-प्रदर्शन जारी

थाना परिसर में जब पुलिस विभाग तहसील के नाम की भूमि पर अपना भवन निर्माण करा सकता है तो उपनिबंधन कार्यालय के भवन निर्माण के लिए थाना परिसर में दक्षिण तरफ खाली पड़ी जमीन पर उपनिबंधन

> **कार्य बहिष्कार कर पूरे दिन तहसील कार्यालय भवन के बरामदे में धरना देते हुए नारेबाजी करते रहे तहसील के अधिवक्ता**

कार्यालय के भवन का निर्माण कराया जा सकता है। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि तहसील मुख्यालय से सटे जमीन उपलब्ध होने के बावजूद भूमाफियाओं की साजिश में आकर कुछ जिम्मेदार तहसील से दूर जहां आवागमन के लिए सड़क तक नहीं है उस जमीन पर उपनिबंधन कार्यालय के भवन का निर्माण कराने का कुचक्र रच रहे हैं जिसका अधिवक्ता अनिश्चितकाल तक विरोध करते रहेंगे। कार्य बहिष्कार कर अधिवक्ताओं द्वारा लगातार किए जा रहे धरना-प्रदर्शन से वादकारियों एवं तहसील पहुंचने वाले फरियादियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वादकारी और फरियादी अपने जरूरी कार्यो के लिए तहसील पहुंच रहे है और उन्हें निराश होकर वापस जाने को मजबूर होना पड़ रहा है। धरना-प्रदर्शन करने वालों में तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष लालशरण सिंह, राधेश्याम मौर्या, अरविन्द लाल श्रीवास्तव, केशव पाठक, कु.शान्ता श्रीवास्तव, प्रभुनाथ यादव, उदयभान, अन्नपूर्णा माझी,हनुमान चौधरी, आशुतोष मिश्रा, दिलीप राय,दिलीप तिवारी, प्रेमनरायन मिश्रा समेत तहसील के अन्य सभी अधिवक्ता शामिल रहे।




तहसील कार्यालय भवन पर धरना-प्रदर्शन करते तहसील के अधिवक्ता। फोटो : एसएनबी

# गैस एजेंसी का लाइसेंस लेने के नाम पर युवक से की ठगी

संतकबीरनगर। धनघटा क्षेत्र के खजूर टिकरा गांव का रहने वाला एक युवक गैंस एजेंसी का लाइसेंस लेने के नाम पर 19 लाख 55 हजार रुपये ठगी का शिकार हो गया। उसे अब तक न तो गैंस एजेंसी का लाइसेंस मिला और न ही उसके जरिए दिए गए रुपये। अलबत्ता उससे और पैसों की मांग की जा रही है। पीड़ित युवक ने गुरुवार को एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग किया।

धनघटा क्षेत्र के खजूर टिकरा गांव निंवासी उमाशंकर यादव पुत्र राम मिलन यादव का आरोप है कि वह गैंस एजेंसी के लाइसेंस के लिए गूगल पर सर्च करके नंबर प्राप्त किए। उन्होने सर्च किए गए मोबाइल नंबर पर बातचीत किया तो फोन उठाने वाले ने लाइसेंस के नाम पर पांच हजार रुपये, लाइसेंस के नाम पर सात लाख 65 हजार रुपये, मटेरियल के नाम पर आठ लाख रुपये की मांग किया। बाद में तीन लाख पच्चासी हजार रुपये और मांगा। आरोप है कि गैंस एजेंसी का लाइसेंस लेने के लिए वह उत्सुक थे। जिसकी वजह से अपने पिता के खाते में चार बार में अलग-अलग खातों में 19 लाख 55 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। आरोप है कि उक्त व्यक्ति के जरिए अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। बात करने पर और पैसे की मांग कर रह है। पीड़ित ने एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने प्रकरण की जांच सीओ को सौंप दी है। जांच के बाद कार्रवाई किए आने का भरोसा दिया।



धनघटा तहसील पर गुरुवार को धरना देकर तहसील में उप निबंधन कार्यालय बनवाने की मांग करते अधिवक्ता। ● हिन्दुस्तान

# अधिवक्ताओं का धरना तीसरे दिन जारी

धनघटा। धनघटा तहसील तहसील परिसर में उप निबंधन कार्यालय बनवाने की मांग को लेकर तीसरे दिन भी अधिवक्ता धरने पर बैठे रहे। उनका कहना है कि जब तक कार्रवाई नहीं होती है हम लोगों का धरना जारी रहेगा। कार्रवाई में विलंब हुआ तो हम लोग वृहद आंदोलन छोड़ने को बाध्य होंगे। धनघटा तहसील परिसर में उप निबंधन कार्यालय बनवाने की मांग को लेकर अधिवक्ता 2018 से संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर भेजा जेल

संतकबीरनगर। महुली पुलिस ने गुरुवार को दुष्कर्म मामले के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ राम कृष्ण मिश्रा ने बताया कि पीड़ित मां ने 26 जुलाई को तहरीर दिया कि आरोपी युवक उसकी बेटी को बहला फुसला कर भगा ले गया। बेटी के साथ आरोपी ने दुष्कर्म किया। इस मामले में आरोपी पर दुष्कर्म, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया।

# एमवी एक्ट में 57 वाहनों का चालान

संतकबीरनगर। एसपी सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को सभी थाना क्षेत्रों की पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में वाहनों की चेकिंग की। पुलिस ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत 57 वाहनों का चालान किया। इसके अलावा 54,500 रुपये शमन शुल्क की वसूली की। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आरोपी को 4 वर्ष की सश्रम कारावास

- पाक्सो कोर्ट ने सुनाया फैसला, लगाया सात हजार का अर्थदण्ड
- कोर्ट ने पचास हजार रुपये का प्रतिकर देने का भी दिया आदेश

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अवयस्क किशोरी के साथ अश्लील हरकत करने के एक आरोपी को दोषसिद्ध करार देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने चार वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी विनोद कुमार यादव पर विभिन्न धाराओं में कुल सात हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदण्ड की धनराशि जमा होने पर सम्पूर्ण धनराशि पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने पीड़िता की उम्र 15 वर्ष पांच माह होने के कारण नालसा प्रतिकर स्कीम के अंतर्गत 50 हजार रुपए दिए जाने का भी आदेश दिया है। कोर्ट ने आरोपी को एससीएसटी एक्ट के आरोप में दोषमुक्त करने का फैसला दिया।

विशेष लोक अभियोजक पाक्सो एक्ट अभिमन्युपाल व सत्येन्द्र शुक्ल ने बताया कि प्रकरण जनपद के बखिरा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। पीड़िता ने दिनांक 26 दिसम्बर 2016 को थानाध्यक्ष को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि वह अनुसूचित जाति की चमार है। दिनांक 25 दिसम्बर को सांय सात बजे वह अपनी छोटी बहन के साथ शौच के लिए खेत में गई थी। आरोपी विनोद कुमार यादव पुत्र लालजीत यादव निवासी देवकली थाना बखिरा पीछे-पीछे आया। उसको रास्ता देने के लिए वह हट गई। तब तक विनोद कुमार यादव बुरी नीयत से हाथ पकड़कर पटक दिया। पीड़िता के चिल्लाने पर उसके माता-पिता दौड़कर आए और उसे भागते हुए देखा। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने अश्लील हरकत करने, पाक्सो एक्ट व एससीएसटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। एडीजे व विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने पक्षों की बहस सुनने के पश्चात आरोपी को एससीएसटी एक्ट के आरोप में आरोपी को दोषमुक्त करने के साथ पाक्सो एक्ट एवं अश्लील हरकत करने के आरोप में दोष सिद्ध करार दिया।

# पट्टीदारों में विवाद, चार के खिलाफ केस दर्ज

बखिरा। नपं बखिरा के झुंगिया में पट्टीदारों में विवाद हो गया। वादी पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रतिवादी पक्ष के चार लोगों पर मारपीट के आरोप में केस दर्ज किया है। ज्ञानमती पत्नी राममोहन ने बताया नौ सितम्बर की रात दस बजे गाली गलौज व कहासुनी के विवाद को लेकर उसके पट्टीदार पंचम के दो बेटों व दो बेटियों ने उसे व उसकी बेटियों सुंदरी व प्रियंका को गाली देते हुए लात घुसा व लाठी डंडे से बुरी तरह पिटाई करके गम्भीर रूप से घायल कर दिए। पुलिस ने आरोपीगण आदित्य, अनुराधा, अनिता व अभिषेक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# पटीदार पर मारपीट के आरोप में केस

**संतकबीरनगर।** बखिरा क्षेत्र के झुंगिया गांव में पटीदार के बीच हुई मारपीट में केस दर्ज किया है। ज्ञानमती निवासी झुंगिया ने शिकायत में बताया कि 9 सितंबर को रात दस बजे मामूली कहासुनी के विवाद को लेकर पटीदार आदित्य, अनीता, अनुराधा, अभिषेक ने उनके साथ ही बेटियों को गाली देते हुए मारा-पीटा और जानमाल की धमकी दी। मारपीट के घटना में सभी को चोटें आई। मारपीट की घटना में घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

# यातायात पुलिस की तैनाती फिर भी समस्या

संतकबीर नगर : शहर में अनियंत्रित यातायात से समस्या है। खलीलाबाद बाईपास, चंद्रशेखर तिराहा, बरदहिया बाजार सहित अन्य स्थानों पर यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगती है। इसके बाद भी अनेक चालक दुर्घटना की परवाह किए बिना इधर-उधर से वाहन निकालते रहते हैं। इससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। (जासं)

# थाने का निरीक्षण कर दिए निस्तारण का निर्देश



महुली थाने का निरीक्षण करते एएसपी सुशील कुमार सिंह बाएं। साथ में हैं थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र • जागरण

जासं, महुली : अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुशील कुमार सिंह ने गुरुवार को महुली थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विवादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिया।

एएसपी सुबह 11:00 बजे अचानक महुली थाने में पहुंच गए। उन्होंने सबसे पहले पुलिस मामलों का लेखा जोखा तैयार करने वाले कंप्यूटर रूम का निरीक्षण किया और आइजीआरएस संबंधित मामलों के निस्तारण की प्रगति को देखा। समय सीमा के अंदर मामले के निस्तारण पर उन्होंने थानाध्यक्ष को शाबाशी दी। इसके बाद थाना कार्यालय में अभिलेख को एक-एक करके देखा। बाहर निकालने के बाद परिसर में खड़े वाहनों की स्थिति के बारे में न्यायालय के आदेश के तहत निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आरक्षी भोजनालय और आरक्षी भवन के निर्माण कार्य की भी जांच की। आरक्षी बैरक को देखने के बाद संतुष्टि जताई उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों से अपने-अपने हलके में मुस्तैदी से भ्रमण करने और अराजक तत्वों पर निगाह रखने का निर्देश दिया। उन्होंने थानाध्यक्ष रामकृष्ण मिश्र से जनता के बीच संवाद स्थापित कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बढ़ावा देने का भी निर्देश दिया।

# सेमीफाइनल मैच में संतकबीर नगर ने कुशीनगर को हराया

**पुरुष वर्ग के इस मैच में दोनों टीमों के बीच काटे की टक्कर, कबड्डी के दूसरे सेमीफाइनल मैच में देवरिया की टीम बनी विजेता**

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पुलिस लाइन ग्राउंड में गुरुवार को गोरखपुर जोन के अंतरजनपदीय महिला व पुरुष कबड्डी, खो-खो प्रतियोगिता हुई। इसमें पुरुष वर्ग कबड्डी के सेमीफाइनल मैच में संतकबीर नगर की टीम ने 30-29 अंक से कुशीनगर की टीम को हराया। कांटे की टक्कर वाले इस मैच में शुरू से अंत तक रोमांच बना रहा। तालियों की गड़गड़ाहट ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।



अंतरजनपदीय प्रतियोगिता में शामिल होते पुलिस विभाग के खिलाड़ी • जागरण



पुलिस लाइन ग्राउंड में कबड्डी खेलते खिलाड़ी • जागरण

वहीं इसी वर्ग में दूसरा सेमीफाइनल मैच देवरिया व बहराइच की पुरुष टीम के बीच खेला गया। इसमें देवरिया की टीम 44-19 अंक से विजयी हुई। जबकि महिला वर्ग कबड्डी का फाइनल मैच देवरिया व श्रावस्ती की टीम के बीच खेला गया। इसमें देवरिया की महिला टीम 46-21 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग खो-खो का सेमीफाइनल मैच, गोरखपुर व श्रावस्ती टीम के बीच खेला गया। इसमें श्रावस्ती की पुरुष टीम 7-6 से विजयी हुई। यह मैच भी रोमांचक रहा। पुरुष वर्ग खो-खो का फाइनल मैच देवरिया व श्रावस्ती की टीम के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीम को 9-9 अंक मिले। श्रावस्ती चाक ओवर से विजयी हुई। वहीं कुशीनगर व श्रावस्ती की टीम के बीच मैच हुआ। इसमें कुशीनगर महिला खो-खो टीम ने 7-3 से जीत दर्ज की। देवरिया व गोंडा महिला खो-खो टीम के बीच सेमीफाइनल मैच हुआ। देवरिया की टीम 5-4 से विजयी हुई। देवरिया व कुशीनगर महिला खो-खो टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें देवरिया की टीम 9-2 अंक से विजयी हुई। महिला वर्ग कबड्डी मैच में देवरिया टीम की सुनीता कुमार को पुरस्कृत किया गया। शुक्रवार को पुरुष वर्ग कबड्डी का फाइनल मैच संतकबीर नगर व देवरिया के बीच खेला जाएगा।

# मारपीट में चार आरोपितों पर केस

**जासं, बखिरा :** बखिरा पुलिस ने कुछ दिन पूर्व मारपीट के मामले में चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकामी थाने में दी गयी तहरीर में झुंगिया गांव निवासी जयानमती ने यह उल्लेख किया है कि पूर्व में हुई कहासुनी को लेकर गत नौ सितंबर की रात करीब दस बजे उनके पड़ोसी अदित्य, अनीता,अनुराधा व अभिषेक उनके घर के पास पहुंचे। उन्हें व उनकी बेटी सुंदरी व प्रियंका को अपशब्द कहते हुए मारे-पीटे। इस घटना में उनकी बेटी प्रियंका के दोनों पैरों में काफी चोट लगी है।

जिला अस्पताल में उसे भर्ती किया गया है। यहां पर उसका उपचार चल रहा है। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि आरोपितों पर मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में 10 खिलाड़ियों का चयन

संतकबीरनगर। गोंडा जनपद में होने वाले प्रदेश स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का ट्रायल बृहस्पतिवार को स्टेडियम परिसर में हुआ। 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया।

उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमें रविंद्र कुमार, अनूप यादव, आकाश चौहान, दीपू कुमार, मोहम्मद अयान, गोलू, वीरेंद्र, पंकज, मनीष , सत्येंद्र यादव का चयन मंडलीय स्तर पर ट्रायल के लिए हुआ। संवाद

# विवाहिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का केस

संतकबीरनगर। महिला थाना पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। चंद्रावती देवी थाना हरपुर बुदहट जनपद गोरखपुर ने बताया कि उनकी शादी वर्ष 2000 में हुई थी। पांच साल बाद गवना में वह मायके से विदा होकर ससुराल आई। ससुराल आने के बाद ससुराली पांच लाख रुपये दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरु कर दिए। पति राजकुमार, ससुर, देवर गोलबंद होकर मारपीट करते थे। वर्ष 2019 से ससुरालियों ने खर्चा देना भी बंद कर दिया। चार मई को ससुरालियों ने उन्हें मारपीट कर जानमाल की धमकी देते हुए घर से निकाल दिया। किसी तरह वह अपने बच्चों के साथ जान बचाते हुए मायके आई। संवाद

# युवती से छेड़खानी के मामले में केस

संतकबीरनगर। खलीलाबाद क्षेत्र में नित्य क्रिया के लिए गई युवती से छेड़खानी का मामला सामने आया। पीड़िता की शिकायत मिलने पर पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि 11 सितंबर को रात नौ बजे वह खेत की तरफ नित्य क्रिया के लिए गई थी। रास्ते में गांव का युवक उसे रोक कर छेड़खानी करने लगा। किसी तरह वापस घर आई। विपक्षी के घर वाले उसके घर पर आकर परिजनों को गाली देते हुए मारपीट किए। साथ ही जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। संवाद

# घर से निकला किशोर लापता, गुमशुदगी दर्ज

संतकबीरनगर। बखिरा कस्बा निवासी एक किशोर घर से निकला और वापस नहीं लौटा। पिता की शिकायत पर इस मामले में पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके किशोर की तलाश में जुट गई। बखिरा कस्बा के तुरहा टोला निवासी कोईल ने प्रार्थनापत्र में बताया कि आठ सितंबर को दोपहर 12 बजे 13 वर्षीय राहुल उर्फ निरहू घर से निकला और अभी तक वापस नहीं लौटा। खोजबीन और तलाश के बाद भी बेटे के बारे में कुछ पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर ली है। संवाद

# 57 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 51 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच की। इस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में वाहन चालकों से 54 हजार 500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# स्कूल से घर के लिए निकली छात्रा लापता

संतकबीरनगर। शहर के एक स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा घर से स्कूल के लिए निकली और फिर वापस घर नहीं पहुंची। काफी खोजबीन व तलाश के बाद पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। छात्रा के पिता ने बताया कि 17 वर्षीय बेटी घर से स्कूल के लिए निकली थी और वापस घर नहीं आई। बेटी के घर न आने से उसके सहेलियों से पूछताछ किया तो बेटी के स्कूल न जाने की जानकारी दी। संवाद

# ट्रेलर चालक के खिलाफ हादसे का केस

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र में ट्रेलर की चपेट में आकर घायल के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। सत्यप्रकाश ने बताया कि आठ सितंबर को रात 12 से एक बजे के बीच में ट्रेलर चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनके भाई ओमप्रकाश व आकाश की दुकान में घुसाते हुए दोनों पर चढ़ा दिया। जिससे भाई के शरीर पर काफी चोट आई। भाई आकाश को चोट आई, जिसके वजह से वह दिव्यांग हो गया। पुलिस ने मामले में ट्रेलर चालक पर केस दर्ज कर लिया। संवाद

# दोनों पक्षों को बुलाकर बातचीत से मामला हल कराया जाए : एएसपी

**धनघटा।** एएसपी सुशील कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को महुली थाने का निरीक्षण किया। थाना के कंप्यूटर कक्ष, आईजीआरएस निस्तारण की स्थिति, थाना कार्यालय के अभिलेखों का रखरखाव, थाने में खड़े वाहनों से संबंधित जानकारी के साथ कार्यालय में अभिलेखों को अद्यतन करने का निर्देश दिया। इस दौरान समाधान दिवस में मामलों के निस्तारण और अन्य अभिलेखों की गहनता से निरीक्षण किया। एएसपी ने कहा कि देखा जाता है कि जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो जाते हैं। पुलिस शांति भंग की कार्रवाई कर अपने जिम्मेदारी से मुक्त हो जाती है। ऐसा नहीं होना चाहिए। दोनों पक्षों को बुलाकर बात-चीत से मामला हल कराया जाए। जिससे समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाए। संवाद

# छेड़खानी के आरोपी को चार साल के सश्रम कारावास की सजा

**अदालत से**

संतकबीरनगर। अपर सत्र और विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की कोर्ट ने किशोरी से छेड़छाड़ करने और पॉक्सो एक्ट के मामले में दोषी पाए जाने पर विनोद कुमार यादव को चार वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही सात हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अदा न करने पर दोषी को छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

विशेष लोक अभियोजक फौजदारी अभिमन्यु पाल और सत्येंद्र शुक्ला ने बताया कि बखिरा क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की बहन ने थाने में 26 दिसंबर 2016 को प्रार्थना पत्र दिया कि 25 दिसंबर को शाम सात बजे नौ वर्षीय छोटी बहन के साथ नित्य क्रिया करने खेत में गई थी। गांव का आरोपी उसके पीछे-पीछे आया। आरोपी ने उसे छेड़खानी की। शोर मचाने पर माता-पिता आए और पुलिस को सूचना दी।

**सात हजार रुपये अर्थदंड का भी आदेश**

प्रार्थनापत्र के आधार पर आरोपी के विरुद्ध छेड़छाड़, एससी-एसटी और पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज हुआ। विवेचना के बाद उपरोक्त धाराओं में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विनोद कुमार यादव को चार वर्ष सश्रम कारावास और सात हजार रुपये के अर्थदंड का आदेश किया। अदा न करने पर दोषी को छह माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। पीड़िता को पचास हजार रुपये प्रतिकर भी दिए जाने का आदेश दिया। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# आपत्तिजनक पोस्ट मामले की जांच में कई सभासद मुकरे

**■ सीओ नगर ने अफसरों को सौंपी रिपोर्ट, कई गंभीर सवाल भी**

गोण्डा, संवाददाता। नगर पालिका गोण्डा से संबंधित आपत्तिजनक पोस्ट मामले की जांच में कई सभासद बैठक में शामिल होने से मुकर गए हैं। उन्होंने बताया कि उनका नाम गलत डाल दिया गया है और न ही उसमें उनके हस्ताक्षर हैं। वहीं रिपोर्ट में कई तथ्यों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने को बताया गया है। पालिका के पूर्व सभासद को नामित करते हुए इस मामले में 16 सभासदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आपत्तिजनक पोस्ट की शिकायत एसपी से की थी।

सीओ नगर सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि उन्होंने मामले की जांच करके रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी है। रिपोर्ट के मुताबिक 23 अगस्त को नगर पालिका सभागार में कुछ सभासद जुटे थे, जिस पर पानी का ग्लास व बोतल की फोटो अध्यक्ष के नाम से बने व्हाट्सअप ग्रुप पर डाल दी थी, शिकायत में बताया गया कि इसी के बाद संबंधित व्यक्ति व पूर्व सभासद ने सोशल मीडिया में अपशब्द लिखकर पोस्ट डाली थी। सभासदों के हस्ताक्षर एवं मुहर युक्त इस पत्र में बताया गया है कि पालिका अध्यक्ष के चहेते एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया में आपत्तिजनक लिखकर उन सभी को आहत किया है।

पत्र में आरोप है कि संबंधित व्यक्ति अध्यक्ष के सारे कार्य देखता है, और कई मुकदमों में वांछित है।

# संदिग्धों पर निगाह रखें व्यापारी: सीओ

बभनजोत/छपिया, हिटी। खोड़ारे थाने की पुलिस ने व्यापारियों की सुरक्षा ,कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर बभनजोत ब्लॉक सभागार में गुरुवार को बैठक आयोजित की। इसमें सीओ मनकापुर आरके सिंह व नवनियुक्त थानाध्यक्ष ने व्यापारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर विचार विमर्श किया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सीओ मनकापुर आरके सिंह ने सभी व्यापारियों से कहा कि सभी लोग अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवा लें। साथ ही अनजान व संदिग्ध लोगों पर निगाह रखें। थाना प्रभारी एसके राणा ने कहा कि पुलिस आपकी मित्र पुलिस के रूप मे है कभी भी किसी समस्या के लिए कॉल कर सहायता ले सकते हैं। इस अवसर पर चौकी इंचार्ज कामेश्वर राय सहित कई पुलिस कर्मी व बाजार के व्यापारीगण मौजूद रहे। छपिया संवाददाता के मुताबिक बारावफात के मद्देनजर मसकनवा पुलिस चौकी पर पीस कमेटी की बैठक सीओ आरके सिंह की अध्यक्षता हुई। सीओ ने कहा कि निश्चित समय के अनुसार ही जुलूस निकाले एवं अनावश्यक शोर शराबा व भीड़ न लगाएं।

# समारोह में शिक्षक को सम्मानित किया

**आयोजन**

धानेपुर, संवाददाता। राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर के शिक्षक बृजेन्द्र सिंह सम्मान समारोह का आयोजन कस्बे के निजी हॉल में किया गया। मेहनौन विधायक ने शिक्षक को सम्मानित किया गया।



आयोजित समारोह शिक्षक बृजेंद्र सिंह को सम्मानित करते मेहनौन विधायक।

शिक्षा क्षेत्र मुजेहना के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर के शिक्षक बृजेन्द्र सिंह को उत्कृष्ट कार्य करने पर वर्ष 2023 राज्य पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। बीते पांच सितंबर को उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया गया था। इसी सिलसिले में बुधवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन धानेपुर में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैय्या ने बृजेंद्र सिंह को सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, बीईओ उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, बीईओ इटियाथोक हेमलता त्रिपाठी, पूर्व जिला मंत्री भाजपा चंद्र प्रकाश शुक्ला, अनुज कुमार, अजीत कुमार वर्मा सहित तमाम शिक्षक रहे।

# खाद न मिलने से किसानों का प्रदर्शन

**नाराजगी**

मेहनौन, संवाददाता। विकास खण्ड इटियाथोक के अयाह गांव में स्थित साधन सहकारी समिति गोसेंद्रपुर के गोदाम पर खाद की खेप न आने से नाराज किसानों ने प्रदर्शन कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही जिम्मेदारों से खाद मंगाए जाने की मांग की है।

गांव के किसान हरिओम तिवारी ने कहा कि साधन सहकारी समिति गोसेंन्द्रपुर अयाह में संचालित है। समिति में सीजन के दौरान धान और गेंहू का क्रय किया जाता है लेकिन बाकी समय में समिति में ताला लगा रहता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में यहां कई वर्षो में डीएपी और यूरिया की खाद उचित मूल्य पर मिलती थी। कुछ वर्ष से गोदाम में खाद की कोई भी खेप नहीं आ रही है। किसान श्याम नरायण मौर्या ने बताया कि अयाह, वेदपुर, रानीजोत, भड़जोतिया, मोहनापुर, चुरिहारपुर, गजाधरपुर, गोसेंन्द्रपुर, बसवरिया सहित आसपास के किसान यहां से सस्ते मूल्य पर खाद ले जाते थे।



गोसेंद्रपुर के गोदाम के बाहर प्रदर्शन कर विरोध जताते क्षेत्रीय किसान।

# शिक्षिका को पीटा, जान से मारने की दी धमकी, मुकदमा दर्ज

**संसू, जागरण • गोंडा** : युवक और उसके साथ आई महिलाओं ने शिक्षिका के साथ अभद्र टिप्पणी करने और उसे पीटने का मामला सामने आया है। पहले युवक के साथ आई महिलाओं ने अभद्र टिप्पणी की। हालांकि पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया है। इटियाथोक के कुरस्हा की रहने वाली आकांक्षा मिश्रा ने बताया कि वह नगर के लोहिया धर्मशाला के पास रहती है और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती है। गुरुवार को वह सुभाष नगर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ा रही थीं। इस दौरान पड़ोसी मुस्कान, साहिबा, जैद, कैफ और अन्य महिला ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। मामले में पीड़िता का कहना है कि उसके विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर अपमानित किया। जान से मारने की धमकी दी। नगर कोतवाल मनोज पाठक ने कहा कि आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है।

# सीओ ने आभूषण विक्रेता को दिए कैमरे चालू रखने के निर्देश

**संसू, जागरण • कर्नलगंज (गोंडा):** पुलिस क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह ने सुरक्षा के मद्देनजर आभूषण व्यवसायियों को कैमरे हर हाल में चालू रखने के निर्देश दिए हैं।

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश कुमार उर्फ पिंटू मिश्र की अगुवाई में इकट्ठा हुए आभूषण व्यापारियों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की तो सीओ ने सभी कैमरे लगातार चालू रखने और खराब होने की दशा में तत्काल सही कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो व्यापारी जो बाहर कैमरा नहीं लगाए हैं, वे तुरंत लगवा लें। व्यापारियों ने सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस सरलता से देने की भी मांग उठाई। अरुण वैश्य, अरुण बाथम, रितेश सोनी, चांद वारसी, बब्लू सोनी, राजकुमार सोनी, विजय साहू, पवन सोनी उपस्थित रहे।

• पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग लेकर क्षेत्राधिकारी के पास आए थे व्यापारी

# बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस, दहशत में ग्रामीण

**फालोअप**

- घटना की गांव में चर्चा, बदमाशों के न पकड़े जाने से आक्रोश
- दर्शन तिवारी पुरवा व छोटी पुरवा गांव में बदमाशों ने किया था फायर

**संसू, जागरण हलधरमऊ (गोंडा) :** कोतवाली कर्नलगंज के परसागोंडरी के दर्शन तिवारी पुरवा व छोटी पुरवा गांव में लूट करने आए बदमाशों तक पुलिस नहीं पहुंच सकी है। गोली मारने के मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। घायल युवक केजीएमसी में गोली निकाले जाने के आपरेशन की प्रक्रिया चल रही है। स्वजन व ग्रामीण गुमसुम हैं। पुलिस की निष्क्रियता को लेकर दहशत भी है।

मंगलवार की रात में परसा गोंडरी गांव के मजरे छोटी पुरवा निवासी दीप नारायण दीक्षित के घर में बदमाश लूट के इरादे से आए और खिड़की का दरवाजा तोड़ने लगे। उनके पुत्रों के जाग जाने पर फायर झोंक दिया था, जिसमें सत्यदेव दीक्षित घायल हो गए थे। गोंडा के बाद लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर किया गया था, जहां गोली निकालने की तैयारी चल रही है। घर व गांव में सभी लोग गुमसुम हैं। दूसरी घटना दर्शन तिवारी पुरवा निवासी विनोद यादव के घर मे हुई थी जहां खिड़की का दरवाजा तोड़ अंदर घुसे चोर बक्सा उठा रहे थे लेकिन शोर हो जाने के बाद फरार हो गए। इन दोनों मामले में 24 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। घायल युवक के बड़े भाई कृष्ण मोहन दीक्षित का कहना है कि जो भी अधिकारी कर्मचारी आते हैं सभी से घटना के राजफाश की मांग करते हैं, लेकिन अभी तक कुछ हुआ नहीं है। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने कहा कि अभी कुछ पता नहीं चल पाया है।

**कर्मचारी की बाइक चोरी :** राज्य सेतु निगम इकाई के कर्मचारी दिनेश कुमार पांडेय मंगलवार बालपुर के परसपुर रोड पर सामान खरीदने के लिए आए थे। बाइक खड़ी कर सामान लेने गए वापस आए तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। दिनेश ने तहरीर दी है।

# हजार व्यापारियों पर बांट-माप विभाग ने गड़ाई नजर

रण • गोंडा : घटते राजस्व
सुधारने के लिए विधिक
न विभाग (बाट-माप) ने
र नए व्यापारियों पर नजर
है। विभाग के बांट माप
व बांट माप निरीक्षक अब
ारियों के घर व दुकान
उनके व्यापार व सामान की
।

के साथ दुकानें व व्यापारी
, लेकिन संसाधनों की कमी
बांट माप विभाग का
हीं बढ़ पा रहा है। गत दिनों
र की समीक्षा बैठक में
नाराजगी जताते हुए अन्य
मदद लेने का निर्देश दिया
र बांट माप विभाग ने राज्य
ग से नए व्यापारियों की
थी। इसके बाद राज्य कर
आयुक्त ने अपने यहां
35 हजार नए व्यापारियों की
माप विभाग को भेजी है।

**ढ़ाने में होंगे मददगार :** बांट
ाग ने इन व्यापारियों की
की, जिनमें तीन हजार
चिह्नित हुए हैं जो विभाग का
ढ़ाने में मददगार साबित हो
अब बांट माप विभाग के
व निरीक्षक इन व्यापारियों
व व्यापार की पड़ताल मौके
करेंगे।

**साथ वजन मशीन व माप यंत्र
करेंगे अधिकारी :** बांट माप
व बांट माप निरीक्षक इन
के घर व दुकानों पर जाकर
कि वे क्या व्यापार कर रहे
हैं। तौल, माप व वजन का माध्यम इन्होंने किसे बना रखा है। यह पहले से विभाग में पंजीकृत हैं या नहीं। प्रयोग हो रही वजन मशीन व माप यंत्र का सत्यापन कब से नहीं कराया है। वर्षों पुरानी इलेक्ट्रानिक वजन मशीन या माप यंत्र के जरिए कहीं कम भार तौल कर उपभोक्ताओं का नुकसान तो नहीं किया जा रहा है।




महराजगंज स्थित बाट मांप विभाग का कार्यालय • जागरण

- विभाग ने राज्य कर विभाग से ली थी व्यापारियों की सूची
- 35 हजार व्यापारियों की स्क्रीनिंग के बाद अब होगी दुकान की जांच

"जिले में तीन हजार व्यापारी चिह्नित हुए हैं, जिनके घर व दुकानों पर जाकर उनके व्यापार की जांच की जाएगी। वजन मशीन, माप यंत्र का नियमित सत्यापन न कराने समेत अन्य लापरवाही पर ऐसे व्यापारियों को नोटिस दी जाएगी और बाद में उन पर अर्थदंड भी लगाया जाएगा।

**- बीके वर्मा,** वरिष्ठ बांट माप अधिकारी

## दो पेट्रोल पंपों पर बांट माप टीम का छापा, मिलीं खामियां

गोंडा : बाट माप विभाग की टीम ने गुरुवार को दो पेट्रोल पंपों पर छापा मारा, जहां नियमों की अनदेखी मिलने के बाद विभाग उन पर शिकंजा कसने में जुट गया है। वरिष्ठ बांट माप अधिकारी बीके वर्मा ने बताया कि अयोध्या मार्ग स्थित पेट्रोल पंप आरबी ट्रेडर्स पर छापा मारा गया। यहां पांच लीटर के माप यंत्र पर मोहर नहीं लगा था। बेलसर मार्ग पर शिवशक्ति एनर्जी सोल्यूशन पेट्रोल पंप पर घटतौली की जा रही थी। विभाग के नियमानुसार पांच लीटर में 25 मिलीलीटर तक अंतर होने की छूट है, लेकिन यहां 30 मिलीलीटर तेल उपभोक्ताओं को कम दिया जा रहा था। दोनों पेट्रोल मालिकों को नोटिस दी जाएगी। उपभोक्ता हितों के साथ खिलवाड़ करने वाले कई अन्य प्रतिष्ठानों को भी चिह्नित किया गया है, जिन पर छापेमारी चलती रहेगी।

# आरोपित हुए दोषमुक्त, वादी पर कार्रवाई

संसू, जागरण • गोंडा : विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट/ अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने ग्राम रानीपुर परसिया थाना कौड़िया निवासी दिनेश यादव व ग्राम पांडेय पुरवा बेदौरा बाजार थम खरगूपुर निवासी रामरति को दोषमुक्त किया है। वहीं न्यायालय के समक्ष फर्जी तथ्य बनाकर मुकदमा करने और झूठा साक्ष्य देने पर पर वादी मुकदमा के विरुद्ध पाक्सो एक्ट की धारा 22 के अंतर्गत कार्रवाई करने का आदेश दिया है। थाना खरगूपुर के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 सितंबर 2020 को एक किशोरी के कथित अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाकर आरोपितों के विरुद्ध 30 सितंबर 2020 को मुकदमा कराया था। न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बाद मामला फर्जी मिला था।

**अग्रिम जमानत निरस्त:** पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राजबहादुर रामदेव यादव ने थाना इटियाथोक के ग्राम हरदेया भटपुरवा निवासी सोनेलाल व ग्राम निरंजन नगर बेलभरिया निवासी दिलीप कुमार का जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अवनीशधर द्विवेदी ने बताया कि आरोपितों ने एक मानसिक विक्षिप्त युवक से बैनामा करवा लिया था।

# छात्र लापता, अपहरण का केस

परसपुर (गोंडा)। डेहरास बख्तावर पुरवा निवासी सविता मिश्रा ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनका बेटा शिवा मिश्र बुधवार सुबह सात बजे परसपुर कस्बा स्थित निजी इंटर कॉलेज में पढ़ने गया था। देर शाम तक शिवा घर नहीं लौटा तो रिश्तेदारी व अन्य स्थानों पर तलाश की गई मगर कुछ पता नहीं चला। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# बिना अनुमति पेड़ काटने पर सात पर मुकदमा

संसू, जागरण • मनकापुर (गोंडा) : टिकरी व सादुल्लाहनगर वन क्षेत्र में बिना अनुमति के सागौन का पेड़ काटने के मामले में बीट प्रभारियों ने पांच नामजद व दो अज्ञात समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा कराया है। सादुल्लाहनगर वन क्षेत्र में मद्दो बीट प्रभारी रामकरन ने मुकदमा कराया है। उन्होंने कहा कि रात भ्रमण के दौरान मछली बाजार-सादुल्लाह नगर मार्ग स्थित ग्राम अमघटी राधानगर के पास सड़क के किनारे अवैध रूप से काटे गए दो सागौन के पेड़ लटका हुआ पाया गया। जांच में पता चला कि ग्राम चौबेपुर निवासी प्रभाकर सिंह व उनके अन्य साथी ने पेड़ काटा है। मनकापुर टिकरी वन रेंज के बक्सरा बीट के वनरक्षक श्रवण कुमार सिंह ने कहा कि रामगढ़ में पेड़ काटने की सूचना मिली। जांच के समय लोग सागौन का पेड़ काटकर पिकअप पर लादते दिखे। नीरज शुक्ल, रोहित, घनश्याम, रामपाल के खिलाफ मुकदमा किया गया।

# 'बंदियों को उपलब्ध कराएं सुविधाएं'



मंडल कारागार का निरीक्षण करके बाहर निकले जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय, डीएम नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल • जागरण

संसू, जागरण • गोंडा : जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है, उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर स्वास्थ्य परीक्षण भी कराएं। उक्त निर्देश जनपद न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने मंडल कारागार के निरीक्षण के दौरान दिए।

• जिला न्यायाधीश प्रमोद कुमार श्रीवास्तव द्वितीय ने मंडल कारागार का किया निरीक्षण

उन्होंने विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय का निरीक्षण किया और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बंदियों से वार्ता की और मंडल कारागार मिल रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों को मिला निपुण भारत का प्रशिक्षण

**पसका (गोंडा)।** परसपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अगुवाई में निपुण भारत मिशन के तहत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि 65 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक बृजेश कुमार सिंह, आलोक सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र यादव ने प्राथमिक शिक्षकों को कक्षा एक व दो में शिक्षण कार्य करने की रणनीतियों व गणित शिक्षण के संदर्भ में प्रशिक्षण प्रदान दिया गया। प्रशिक्षण में कविता सिंह, रवींद्र कुमार शुक्ला, शशि तिवारी, प्रदीप तिवारी, रोली सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# शिक्षामित्रों ने मांगा बकाया भत्ता

**मसकनवा (गोंडा)।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ इकाई छपिया के ब्लॉक अध्यक्ष वशिष्ठ कुमार पांडेय के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने बीईओ गीतांजलि त्रिपाठी से मुलाकात की।

एफएलएन प्रशिक्षण भत्ता दिलाने, शिक्षामित्रों की नियमित उपस्थिति प्रपत्र समय से भेजने, अवकाश समस्याओं के निदान की मांग की। बीईओ ने समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर कमलेश कुमार पांडेय, राकेश कुमार, नवरंग लाल वर्मा, शेषधारी सिंह, विनीता गुप्ता, राजकुमारी आदि मौजूद रहे। (संवाद)

# व्यापारियों को मिले शस्त्र लाइसेंस घटनाओं में आएगी कमी

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। सुल्तानपुर में सराफा शोरूम में दिनदहाड़े हुई लूट से व्यापारी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। जिले के व्यापारी शासन व प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था से संतुष्ट हैं लेकिन वह शस्त्र लाइसेंस देने की पुरजोर वकालत कर रहे हैं। कहा कि शस्त्र लाइसेंस मिलने से लूट व चोरी जैसी घटनाओं में कमी आएगी।

सराफा एसोसिएशन की बैठक बृहस्पतिवार को चौक बाजार स्थित कैंप कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सराफा एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने की। व्यापारियों ने सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किए जाने की मांग की। कहा कि लगातार मांग के बावजूद अब तक शस्त्र लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है।

नगर अध्यक्ष आनंद स्वरूप भारद्वाज ने कहा कि सराफा एसोसिएशन व व्यापार मंडल की ओर से दुकानों व प्रतिष्ठानों के सामने सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं। मुख्य रूप से कैमरों को सड़क की ओर लगाया गया है। सराफ मनीष सोनी ने कहा कि बदमाश कोई भी घटना को अंजाम देने से पहले रेकी करते हैं। यदि उन्हें यह पता चल जाए कि व्यापारी के पास शस्त्र है तो वह वारदात करने से डरेंगे। चौक चौराहे पर लगाए गए तमाम कैमरे खराब हैं। जिनको सही कराया जाए।

कारोबारी अरविंद सोनी ने कहा कि कई वर्षों से शस्त्र लाइसेंस दिए जाने की मांग की जा रही है। भइया लाल सोनी व संतोष सोनी ने साइबर क्राइम पर रोक लगाने की मांग की। कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। बैठक में आशीष सोनी, मोहित सोनी, पिंटू सराफ, सीताराम, पंकज सोनी आदि मौजूद रहे।

# दलित किशोरी से दुष्कर्म के दो आरोपी दोषमुक्त

संवाद न्यूज एजेंसी

## झूठी गवाही देने पर वादी के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**अदालत से**

गोंडा। दलित किशोरी के उत्पीड़न, अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में साक्ष्य के अभाव में अदालत ने महिला समेत दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। झूठी गवाही देने के मामले में वादी के खिलाफ प्रकीर्ण दांडिक केस दर्ज करने का आदेश भी दिया है।

खरगूपुर क्षेत्र के दलित व्यक्ति ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि 28 सितंबर 2020 को रात 10 बजे उसकी 15 साल की बेटी को कौड़िया के ग्राम रानीपुर परसिया निवासी दिनेश यादव भगा ले गया है। विवेचना के दौरान अपहरण, दुष्कर्म, एससी/एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट के अपराध का साक्ष्य मिलने पर आरोपी दिनेश यादव और प्रकाश में आई पांडेय पुरवा बैदौरा बाजार खरगूपुर की रामरति के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष न्यायालय में साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर सका। पीड़िता की सही उम्र के संबंध में भी कोई प्रामाणिक अभिलेख नहीं पेश किया गया। बृहस्पतिवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) राजेश नारायण मणि त्रिपाठी ने दिनेश यादव व रामरति को दोषमुक्त कर दिया। न्यायालय ने झूठी गवाही देने के संबंध में वादी मुकदमा के खिलाफ प्रकीर्ण दांडिक वाद दर्ज करने का आदेश दिया है।

# मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट, चार अस्पतालों में मॉकड्रिल आज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मंकीपॉक्स को लेकर जिले में अलर्ट जारी किया गया है। स्पेशल वार्ड तैयार कर आइसोलेशन की व्यवस्था की जाएगी। अस्पतालों की व्यवस्थाएं परखने के लिए शुक्रवार को चार अस्पतालों में मॉकड्रिल होगी।

गोंडा मेडिकल कॉलेज, कोविड बिल्डिंग, जिला महिला अस्पताल के अलावा काजीदेवर सीएचसी पर ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति को जांचा जाएगा। इसमें ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता सहित 58 बिंदुओं पर जांच कर चेकलिस्ट शासन को भेजी जाएगी। मॉकड्रिल की तैयारियों को लेकर बृहस्पतिवार को एसीएमओ डॉ. सीके वर्मा, एसीएमओ डॉ. जय गोविंद ने अस्पतालों में जाकर आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया। हालांकि अभी तक मंकीपॉक्स के लक्षण वाला कोई मरीज नहीं मिला है।

### ऑक्सीजन प्लांट की क्रियाशीलता सहित 58 बिंदुओं की होगी जांच

## मलेरिया के आठ मरीज मिले, डेंगू के हुए 36

गोंडा। बारिश के बाद हो रहे जलभराव और उसमें पनप रहे मच्छरों ने संक्रामक बीमारियों की रफ्तार बढ़ा दी है।

बृहस्पतिवार को गोंडा मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग में 734 मरीजों का उपचार हुआ। इनमें अधिकांश मरीजों में तेज बुखार व वायरल संक्रमण की समस्या थी। डेंगू के लक्षण वाले तेज बुखार, मांसपेशियों व जोड़ों में दर्द और थकान होने के लक्षण मिल रहे हैं। जिनकी खून की जांच कराने के बाद उपचार किया जाता है। वहीं विभिन्न वार्डों में तेज बुखार से पीड़ित 16 मरीजों को भर्ती किया गया है। एसीएमओ डॉ. सीके वर्मा ने बताया कि जिले में अब तक डेंगू के 36 और मलेरिया के आठ केस की पुष्टि हुई है। हालांकि, किसी भी मरीज को भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी है। (संवाद)

विकास रेनुआ-दौलतपुर ग्रंट-अल्लीपुर मार्ग का होगा निर्माण

# तीन जिलों का सुगम होगा आवागमन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। गौरा विधानसभा क्षेत्र को तीन जिलों से जोड़ने वाले रेनुआ-दौलतपुर ग्रंट से अल्लीपुर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। 12.40 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण के लिए 25.11 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है।

साथ ही पांच साल तक सड़क के रखरखाव के लिए भी 59.13 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। पहली किस्त के रूप में पांच करोड़ दो लाख 20 हजार रुपये जारी कर दिए गए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि अक्तूबर में सड़क का निर्माण शुरू हो जाएगा। इस सड़क से गोंडा मुख्यालय तो जुड़ेगा ही पड़ोसी जनपद सिद्धार्थनगर व बस्ती की राह आसान हो जाएगी।

विधायक गौरा प्रभात वर्मा ने बताया कि रेनुआ-दौलतपुर ग्रंट से अल्लीपुर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। मुख्यमंत्री से सड़क निर्माण की मांग की थी। सड़क के निर्माण से तीन जिलों की राह आसान होने के साथ ही धार्मिक स्थल भी जुड़ रहे हैं। बस्ती से होकर गौरा क्षेत्र के लोग अयोध्या से भी जुड़ेंगे। 87 गांवों की चार लाख की आबादी का आवागमन सुगम होगा।

## 25 करोड़ से बनेगी 12 किमी सड़क, 5.02 करोड़ की पहली किस्त मिली



गौरा क्षेत्र में बदहाल रेनुआ-दौलतपुर-अल्लीपुर मार्ग। संवाद

# ऑपरेशन सफल, किराना व्यापारी की हालत में सुधार

बालपुर (गोंडा)। करनैलगंज के परसा गोड़री छोटीपुरवा निवासी किराना व्यापारी सत्येदव दीक्षित का वृहस्पतिवार शाम ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के बाद उनकी हालत में सुधार है। मंगलवार रात वह घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे थे। रात डेढ़ बजे घर के पीछे दरवाजा तोड़ने की आवाज सुनकर वह भाई रामू दीक्षित के साथ वहां गए थे। वहां मौजूद बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी थी। सीने में दाहिनी तरफ गोली लगने से सत्यदेव गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उन्हें गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया था। जहां प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। भाई रामू ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में चिकित्सकों ने सत्यदेव का ऑपरेशन किया। अब उनकी हालत में सुधार है। (संवाद)

अमर उजाला फॉलोअप

# एडूलीडर्स यूपी अवार्ड से सम्मानित होंगे तीन नवाचारी शिक्षक

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। परिषदीय स्कूलों में रोचक ढंग से पढ़ाकर बच्चों को निपुण बनाने वाले जिले के तीन शिक्षकों को एडूलीडर्स यूपी अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 16 सितंबर तो ग्रेटर नोएडा के एक होटल में तीनों शिक्षकों को सम्मान मिलेगा।

**ग्रेटर नोएडा में 16 को आयोजित कार्यक्रम में होगा सम्मान**

उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर के शिक्षक बृजेंद्र कुमार सिंह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय दलीपपुरवा के दिलीप वर्मा व नवाबगंज के प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की शिक्षिका कल्पना तिवारी को एडूलीडर्स यूपी अवार्ड के लिए चयनित किया गया है। इन तीनों ने अपने-अपने विद्यालय में शिक्षण कार्य में कड़ी मेहनत कर प्रदेश स्तर पर अलग पहचान बनाई है। इन स्कूलों में अपने बच्चों का प्रवेश कराने के लिए आसपास के गांवों के अभिभावक दिलचस्पी दिखाते हैं। बीएसए अतुल तिवारी ने चयनित शिक्षकों को बधाई दी है।



कल्पना तिवारी, बृजेंद्र कुमार सिंह, मनीष वर्मा। स्रोत : स्वयं

# 54 मदरसों पर लगेगा ताला, परिषद की मान्यता भी होगी रद्द

…द न्यूज एजेंसी

…डा। निर्धारित मानकों पर खरा नहीं …ने वाले मदरसों पर शासन की निगाहें …हुई हैं। इसी महीने जिले के 54 …रसों पर ताला लगना तय है। जिले के …मदरसों के प्रबंधकों ने तो शासन की …गों के बाद खुद ही मदरसा बंद करने …प्रार्थनापत्र दिया है। ऐसे में इन मदरसों …मान्यता मदरसा शिक्षा परिषद वापस …लेगा। इसके अलावा शासन की

**22 मदरसों के प्रबंधकों ने खुद ही संचालन करने से पीछे खींचे कदम**

**32 मदरसों के मानक पूरे न होने पर कार्रवाई की हुई है संस्तुति**

कसौटी पर खरा नहीं उतरने वाले 32 मदरसों की मान्यता वापस लेने का प्रस्ताव अल्पसंख्यक कल्याण विभाग भेज चुका है।

बीते मंगलवार को मदरसा शिक्षा परिषद की बैठक में इन मदरसों की मान्यता वापस किए जाने का फैसला हो चुका है। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को आदेश मिलने का इंतजार है। जिससे मदरसा प्रबंधकों को इसकी जानकारी दी जा सके। विभागीय अधिकारियों की मानें तो आदेश मिलने पर ऐसे मदरसों की मान्यता खत्म कर यू डायस से हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

मदरसों की मान्यता निरस्त होने के बाद इनके छात्रों को परिषदीय स्कूलों में नामांकित किया जाएगा। 30 सितंबर तक परिषदीय स्कूलों में नामांकन कराया जा सकता है।

वैसे भी जिले के 537 मान्यता प्राप्त मदरसों में पढ़ रहे गैर मुस्लिम छात्रों का नामांकन परिषदीय स्कूलों में कराने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। इससे मदरसों में छात्रों की संख्या कम हो रही थी। अब बंद होने वाले मदरसों के छात्रों को भी परिषदीय स्कूलों में प्रवेश मिलेगा।

### आधुनिकीकरण योजना स्थगित होने से झटका

मदरसा शिक्षा को आधुनिक करने के लिए चल रही आधुनिकीकरण योजना शासन ने स्थगित कर दी थी। जिले के 298 मदरसों को आधुनिकीकरण योजना में शामिल किया गया था। प्रत्येक मदरसे के तीन शिक्षकों को शासन से मानदेय दिया जाता था। जनवरी से ही मानदेय देने की योजना शासन से स्थगित हो गई थी। इससे भी मदरसों को झटका लगा है।

### आदेश मिलने पर बंद होंगे मदरसे

" मदरसों की मान्यता वापस लिए जाने की सूचना मिली है। आदेश मिलने पर इन्हें बंद कराया जाएगा। आधुनिकीकरण योजना तो जनवरी माह से ही स्थगित है।

-रमेश चंद्र, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# अंग्रेजी शराब दुकान पर हुई छापेमारी, दो पर केस दर्ज

बलरामपुर। सदर ब्लाक के हरिहरगंज में स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान पर बुधवार देर रात आबकारी विभाग की टीम ने छापेमारी की। इस दौरान टीम को दुकान से अलग-अलग ब्रांडों के ढक्कन भारी मात्रा में दुकान से बरामद हुए। साथ ही अवैध शराब बेचने की बात भी सामने आई। जिस पर साइसेंस धारक व सेल्स मैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया विभाग ने शुरू की है। जिला आबकारी अधिकारी मृत्युंजय सिंह ने बताया कि हरिहरगंज में संचालित अंग्रेजी शराब की दुकान पर अवैध मदिरा के बिक्री की शिकायत मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग के डिप्टी कमिश्नर आलोक कुमार एवं के साथ उन्होंने दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान सेल्समैन दुकान पर नहीं मिला।

# दबंगों ने किया कब्जा पुलिस ने खदेड़ा

सादुल्लाह नगर। सादुल्लाह नगर थाना के मद्दौघाट में सादुल्लाह नगर-मनकापुर मार्ग किनारे सकीला बानो पत्नी हुसैन अली निवासी ग्राम कुरुथुआ खानपुर थाना सादुल्लाह नगर का पक्का मकान है। सकीला बानो ने बताया कि बुधवार शाम लगभग चार बजे कुछ लोग उनके घर के सामने टिन शेड रखकर कब्जा कर लिया। सकीला बानो जब अपने घर पहुंची और वहां हुए कब्जे का विरोध किया तो वहां मौजूद लगभग 15 लोग भद्दी-भद्दी गाली देकर उन्हें लात, घूंसे व थप्पड़ से मारने लगे। बताया कि किसी तरह जान बचाकर वहां से भागकर थाने में पुलिस को सूचना दी।

# दुष्कर्म व छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर। नाबालिग को बहला फुसलाकर शादी करने के बाद दुष्कर्म करने वाले पति सहित छेड़छाड़ के आरोपी देवर को जरवा कोतवाली की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर शादी करने के बाद जबरन दुष्कर्म व छेडछाड़ किए जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। जरवा कोतवाली की पुलिस ने मामले में आरोपी अफरोज खान मंसूरी व शमीम खान मंसूरी निवासीगण ग्राम थरौली कोतवाली गैसड़ी को गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

## चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

बलरामपुर। देहात कोतवाली की पुलिस ने चोरी के माल सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एएसपी नम्रिता श्रीवास्तव ने बताया कि बीते दिनों कोतवाली देहात में बैट्री चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने चार बैट्री व एक मोबाइल बरामद करते हुए अजय निवासी ग्राम बरियन गांव थाना धानेपुर जनपद गोंडा व गुड्डू निवासी ग्राम रमनगरा कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

## मारपीट के आरोप में एक गिरफ्तार

बलरामपुर। गौरा चौराहा थाना की पुलिस ने मारपीट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीओ सिटी बृजनंदन राय ने बताया कि बीते दिनों गौरा चौराहा थाना में लवकुश निवासी मिश्रौलिया नैनसुखवा के खिलाफ मारपीट के आरोप में केस दर्ज हुआ था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। (संवाद)

# कार्रवाई की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** हरे पेड़ की कटान के लिए नगर पालिका उतरौला की तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में निविदा किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतकर्ता नवीन कुमार ने डीएम को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि मोहल्ला गांधीनगर में पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। एक वर्ष पहले 50 पौधे लगाए गए थे, उसे बिना अनुमति के कटवा दिया गया है। उन्होने इस प्रकरण की जांच कराकर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। (संवाद)

# चलाया गया जांच अभियान

**बलरामपुर।** यातायात प्रभारी उमेश यादव की टीम ने बृहस्पतिवार को नेशनल व स्टेट हाईवे पर वाहनों के चेकिंग का अभियान चलाया। इस दौरान वाहनों चालकों को नशा न करने की सलाह दी गई। वाहनों को तेज रफ्तार में न चलाने का निर्देश दिया गया। (संवाद)

# बालिकाओं को पढ़ाया कानून का पाठ

**बलरामपुर।** जरवा के बालापुर गांव में मिशन शक्ति अभियान के तहत बृहस्पतिवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालिकाओं को आत्मरक्षा का तरीका बताते हुए कानून का पाठ पढ़ाया गया। एएसपी योगेश कुमार ने बताया कि बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्थलों पर महिला आरक्षियों को तैनात किया गया है। बालिकाएं यौन उत्पीड़न की शिकायत गोपनीय तरीके से पुलिस थाने में कर सकती हैं। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

हिन्दु

# 10 हजार का इनामी गिरफ्तार

पयागपुर। पुलिस ने गुरुवार को 10,000 के इनामी आरोपी चोरी की तीन बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी करुणाकर पांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी मोहम्मदपुर ककरहा मनोज कुमार सिंह पयागपुर में कई मुकदमे में वांछित चल रहा था, जिसकी तलाश की जा रही थी। गोपनीय सूचना पर चौकी खुटेहना के इंचार्ज नितिन उपाध्याय, उप निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी, उप निरीक्षक सूर्यकांत चौबे, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार के साथ रजवापुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया

हिन्दुस्

# नेपाली महिला से 60 लाख की चरस बरामद

रुपईडीहा। एसपी वृंदा शुक्ला एवं एसएसबी 42 वी बटालियन के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि रुपईडीहा थाने में तैनात उपनिरीक्षक विजय कुमार, रोशनी वर्मा व पुलिस टीम रुपईडीहा एसएसबी बीओपी पर तैनात निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार, एएसआई सदानंद कलिता व टीम ने नेपाल से रुपईडीहा आते समय बुधवार की शाम लगभग छह बजे जांच के दौरान एक महिला नेपाल के रुकुम जिले के वार्ड नम्बर पांच प्रथा उत्तर गंगा निवासिनी सीति घर्ति को 2. 200 किग्रा चरस सहित गिरफ्तार किया। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार महिला को कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

हिन्दुस्त

# कोर्ट से गैर हाजिर आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। रामगांव थाने में तैनात दरोगा प्रवीण कुमार, सिपाही सोनू कुमार ने मदनजोत गांव में बुधवार रात दबिश दी। 2010 में धमकी व गाली गलौज मामले में नामजद कोर्ट से गैर हाजिर बरकत अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किए जाने पर जेल भेज दिया गया है।

# तीन दम्पतियों ने विवाद को खत्म कर की सुलह

बहराइच। एसपी वृंदा शुक्ला की ओर से गठित टीम मुख्य सिपाही ओम प्रकाश यादव, महिला सिपाही निशी त्रिवेदी, सविता मिश्रा, गिरजावती यादव, छाया द्विवेदी, अनन्या सिंह ने काउंसलिंग कर तीन दंपतियों में आपसी विवाद समाप्त कराए। तीनों दम्पति साथ रहने के लिए राजी हुए।

# पाक्सो एक्ट में गैर हाजिर आरोपी दबोचा

बहराइच। विशेश्वरगंज थाने में तैनात उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा, सिपाही अक्षय यादव ने बुढ़नी भुलैय्या के मजरे खानपुर में दबिश दी। पुलिस ने पाक्सो एक्ट में नामजद राम गोपाल गोस्वामी को जेल भेज दिया गया है।

# किशोरी के अपहरण मामले में आरोपी गिरफ्तार

बहराइच । दरगाह एसएचओ हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दरोगा अभिषेक कुमार सिंह, मुख्य सिपाही अजय यादव, महिला सिपाही शशि पांडेय ने दरगाह के पास दबिश दी। किशोरी के अपरहण मामले में नामजद नवी अहमद को गिरफ्तार किया।

# कोर्ट से गैर हाजिर दो आरोपी को जेल भेजा

बहराइच । रानीपुर थाने में तैनात दरोगा मंत्र राम, मुख्य सिपाही प्रद्युम्न यादव, ने पिपरिया महिपाल सिंह के मजरे गोड़ियनपुरवा में दबिश दी। पुलिस ने नामजद वारंटी रामबली, सूर्यबली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

हिन्दुस्तान

# दलित उत्पीड़न में चार को सश्रम कारावास

बहराइच। न्यायालय विशेष न्याधीश एससीएसटी एक्ट जज कविता निगम ने दलित उत्पीड़न मामले में दोषसिद्ध चार अभियुक्तों को तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। इसके अलावा साढ़े तीन-तीन हजार का जुर्माना ठोका है। विशेष लोक अभियोजक एससीएसटी एक्ट जज राकेश कुमार कश्यप ने बताया कि देहात कोतवाली के विलासपुर भगवानपुर में एक दिसम्बर 2001 को राम खेलावन व उसके पुत्र को गांव के ही ओंकार खेत की मेढ़ तोड़ने की झूठी सूचना दे गए। गुड्डू, मालती, चंद्रिका वहां पहले से ही मौजूद थे। चारों हमलावरों ने पिता- पुत्र को जाति सूचक गाली दी और मारा पीटा।

# दस हजार का इनामी गिरफ्तार चोरी की तीन बाइक बरामद

संसू, जागरण • खुटेहना (बहराइच) : पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे 10 हजार के इनामी आरोपित को पयागपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की निशानदेही पर चोरी की तीन बाइकें भी बरामद की गई हैं। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि पकड़े गए आरोपित मनोज कुमार सिंह निवासी मोहम्मदपुर ककरहा पर कई मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि आरोपित की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही थी। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर उसे रजवापुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। आरोपित पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। गिरफ्तारी में एसआइ नितिन उपाध्याय, अरुण कुमार द्विवेदी, सूर्यकांत चौबे, हेड कांस्टेबल संतोष कुमार शामिल रहे।

# मारपीट कर हाथ तोड़ने के चार दोषियों को तीन साल की सजा

जागरण संवाददाता • बहराइच : विशेष सत्र न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट कविता निगम ने 23 साल पुराने मारपीट कर अनुसूचित जाति के व्यक्ति का हाथ तोड़ने के मामले में चार लोगों को दोषी ठहराते हुए तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर तीन-तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न अदा करने पर दो-दो माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध राकेश कुमार ने मामले की पैरवी की। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर 2001 को कोतवाली देहात के विलासपुर भगवानपुर के रहने वाले रामखेलावन ने दरवाजे पर बैठे थे, तभी आरोपित गुड्डू, चंद्रिका, मालती, ओंकार आए और कहने लगे कि तुम्हारे लड़के ने मेड़ तोड़ दी है, देख लो। उनको लेकर खेत चले गए और उन्हें जातिसूचक गालियां देते हुए डंडे से मारापीटा, जिससे उनका हाथ टूट गया। जानमाल की धमकी भी दी।

पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। अदालत ने विचारण के दौरान सभी गवाहों के बयान दर्ज कराए। गुरुवार को अभियोजन व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपितों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। सजा भुगतने के लिए सजायाबी वारंट तैयार कर जेल भेज दिया गया।

## मारपीट के मामले में रिपोर्ट

**नानपारा (बहराइच)।** कोतवाली क्षेत्र के चंदनपुर निवासी शीला देवी ने पुलिस को बताया कि फूला देवा व सुनीता ने 10 सितंबर को उन्हें व नीलम से अभद्रता करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमक दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। (संवाद)

# 71 पुलिस कर्मियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

जासं • बहराइच : एसपी वृंदा शुक्ला ने 71 पुलिस कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें 26 लोग पुलिस लाइन में तैनात थे, जिनको अलग-अलग थानों पर तैनात किया गया है। इसके अलावा रुपईडीहा में तैनात हेडकांस्टेबल रामआशीष वर्मा को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया है। यूपी डायल 112 में तैनात आरक्षी विमल श्रीवास्तव को पयागपुर थाने में तैनात किया गया है।

# सड़क हादसे में मौत

बहराइच : बहराइच-गोंडा मार्ग पर गुरुवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में बौंडी थाना क्षेत्र के समदा बाजार निवासी भोला उर्फ दिव्यपुंज तिवारी की मौत हो गई। भोला एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए थे, दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। (संसू)

# महिला समेत चार दोषियों को तीन वर्ष का कारावास

**संवाद न्यूज एजेंसी**

## विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी की अदालत ने सुनाई सजा

## मारपीट व धमकी देने का 23 वर्ष पूर्व दर्ज हुआ था मुकदमा

**बहराइच।** कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी एक महिला समेत चार अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट की अदालत ने बृहस्पतिवार को तीन वर्ष की सजा सुनाई। कोर्ट ने दोषियों पर 25-25 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।




कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी गुड्डू, चंद्रिका प्रसाद, मालती व ओंकार के खिलाफ दिसबंर 2001 में अनुसूचित जाति के एक व्यक्ति के साथ मारपीट व धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी कविता निगम की अदालत पर चल रही थी।

बृहस्पतिवार को कोर्ट ने दोनों पक्षों का तर्क सुनने के बाद सभी चारों आरोपियों को मामले में दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने सभी दोषियों पर 25-25 सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की रकम अदा न करने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# 10 हजार के इनामी को पकड़ा

**पयागपुर (बहराइच)।** पुलिस ने बृहस्पतिवार को रजवापुर मोड़ के पास से 10 हजार के इनामी को पकड़ लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन बाइकें बरामद कर जेल भेज दिया। पयागपुर थाना प्रभारी करुणाकर पांडे ने बताया कि पकड़े गए मोहम्मदपुर ककरहा निवासी मनोज कुमार सिंह पर पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं जिनमें वह वांछित चल रहा है। मुखबिर की सूचना पर खुटेहना चौकी पुलिस की टीम ने रजवापुर मोड़ से उसे गिरफ्तार कर चोरी की तीन बाइकें बरामद की। (संवाद)

# चरस के साथ नेपाली महिला गिरफ्तार

**रुपइडीहा/बाबागंज (बहराइच)।** एसएसबी और थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एसएसबी चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान बुधवार को नेपाल के रुकुम प्रथा उत्तरगंगा वार्ड नंबर पांच निवासी सीता को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से दो किलो दो सौ ग्राम चरस बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। (संवाद)

# जान से मारने की धमकी

**बौंडी (बहराइच)।** थाना क्षेत्र के चरीगाह सिपहिया हुलास निवासी श्याम बिहारी चौहान ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव निवासी शिव सिंह, जसकरन, सरवन और बृजेश उसकी पुश्तैनी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते रहे हैं। चार सितंबर को माधवराज अवस्थी की दुकान के सामने गोली मारने की धमकी दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (संवाद)

# त्योहारों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट तैनात

## बारावफात व गणेश पूजा महोत्सव को देखते हुए प्रशासन ने कसी कमर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** आगामी त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। डीएम ने बैठक कर संबंधित अधिकारियों को इस बारे में दिशा-निर्देश दिए हैं।

डीएम मोनिका रानी ने सभी उपजिलाधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि 16 सितंबर को बारावफात है जबकि भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन भी 16 व 17 सितंबर को होगा। उन्होंने कहा कि बारावफात के मौके पर घरों, धार्मिक स्थलों और सड़क के किनारे रोशनी, जलसे व जुलूस आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन कराएं। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अपने स्तर से शांति समिति के सदस्यों व जुलूस के आयोजकों के साथ बैठक कर व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा गणेश प्रतिमा विसर्जन भी 16 व 17 सितंबर को गोलवाघाट व झिंगहाघाट के किनारे कराने के लिए थाना क्षेत्रवार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। डीएम ने तैनात किए गए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी थाना प्रभारी व तैनात किए गए अन्य पुलिस अधिकारी आपस में समन्वय रखते हुए विसर्जन कार्यक्रम व बारावफात को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-13-09-2024

# एएसपी समेत अन्य को मिला प्रशस्ति पत्र

श्रावस्ती। महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाए रखने में सराहनीय कार्य के लिए एसपी समेत अन्य पुलिस कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। एसपी घनश्याम चौरसियों की ओर से गुरुवार को पुलिस कार्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया।

# कार्यशाला में छात्रों ने सीखा आपदा प्रबंधन का गुर

श्रावस्ती। फायर सर्विस टीम की ओर से स्कूल में अग्नि सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें जागरूक किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने टीम के साथ गुरुवार को इकौना के सनशाइन पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा जीवन रक्षा कार्यशाला का आयोजन किया।

# विनियमित भूमि पर बनी मजार का मुद्दा गरमाया

**अतिक्रमण**

इकौना, संवाददाता। श्रावस्ती पर्यटन क्षेत्र में सहेट महेट के लिए आरक्षित भूमि पर कब्जा कर मजार बना लिया गया है। बीते कुछ सालों में वहां अतिक्रमण का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश है और लोगों ने विधायक व एसडीएम को ज्ञापन देकर आरक्षित भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है।

बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती का सहेट महेट क्षेत्र छह किलोमीटर में फैला है। पुरातत्व विभाग ने सहेट महेट की इस भूमि को सर्वेक्षण के लिए चिह्नित किया है। इस भूमि क्षेत्र के 200 मीटर परिधि में बगैर अनुमति कोई भी निर्माण करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है। इससे सटे इकौना के ग्राम राजगढ़ गुलरिहा में सरकारी अभिलेखों में आराजी महफूज



एसडीएम व विधायक को ज्ञापन देते हिन्दू संगटनों के लोग।

सहेट महेट के नाम अंकित है। इसी में अतिक्रमण कर कथित मीर बाबा शाह की मजार बना ली गई है। वहीं परिसर में एक बोर्ड भी लगाया गया है। गुरुवार को इकौना के कन्हैया कसौधन की अगुवाई में हिन्दू समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक राम फेरन पांडेय व एसडीएम इकौना ओम प्रकाश को दिया। लोगों ने कहा कि बौद्ध तीर्थ स्थली श्रावस्ती में आराजी सहेट महेट की संरक्षित भूमि पर मजार बनाकर लगातार अतिक्रमण का दायरा बढ़ाया जा रहा है। जिस भूमि पर मजार बनाया गया है वह पुरातत्व विभाग के सर्वेक्षण के तहत आती है। जिसके 200 मीटर के परिधि में बगैर अनुमति कोई

> स्थलीय निरीक्षण किया है। संरक्षित क्षे... मजार को लेकर इंतजामि... कमेटी से मजार से संबं... अभिलेख मांगे गए। लेकि... उपलब्ध नहीं हुए हैं। जांच की जा रही है और कार्रवाई की जाएगी।
>
> -**ओम प्रकाश**, एसडीएम इकौना

निर्माण नहीं किया जा सकता। विशेष समुदाय के लोगों ने सुनियोजित तरीके से मजार बनाकर अवैध कब्जा किया है। जिसकी जांच कर तत्काल हटवाया जाय। गुरुवार को मजार पर मेला चल रहा था। विधायक श्रावस्ती पंडित रामफरन पांडेय ने बताया कि वहां बनी मजार पुरातत्व विभाग भूमि के परिक्षेत्र में है। इस अवैध कब्जे के संबंध में मुख्यमंत्री जी से मिलकर उन्हें मामले से अवगत कराएंगे।

# गैंगस्टर के दो दोषियों को सश्रम कारावास

**श्रावस्ती।** गैंगस्टर अधिनियम के दो दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन वर्ष 15 दीन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर पांच पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। दोनों के विरूद्ध वर्ष 2010 में भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। कोतवाली भिनगा क्षेत्र के सकटू पुर निवासी राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय को गिरोह के सदस्यों के साथ आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी करने,चोरी के वाहनों को खरीदने व बेचने का मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश निर्दोष कुमार ने दोनों आरोपियों को दोष सिद्ध ठहराते हुए 3 वर्ष 15 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# किशोर पुलिस इकाई बैठक में बाल अपराध पर चर्चा

श्रावस्ती, संवाददाता। बाल अपराधों को लेकर गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक समीक्षा बैठक की गई। जिसमें पुलिस, चाइल्डलाइन, बाल कल्याण समिति समेत अन्य संस्थाओं के साथ सामंजस्य बनाने व संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया गया। ताकि बच्चों के हित में काम किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की ओर से बैठक में बाल श्रम को रोकने, पोक्सो एक्ट के साथ-साथ बाल विवाह पर अंकुश व उनके कल्याण के लिए सरकार की ओर से संचालित योजनाओं पर चर्चा की गई। उन्होंने थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी व विवेचक के समक्ष आ रही समस्या, पीड़िता के आवासन, बाल गुमशुदा, बाल श्रम, नशामुक्ति अभियान, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, नारी शक्ति के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी बाल अपचारी की ओर से कोई घटना कारित की जाती है तो अधिनियम में दिए गए प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई की जाय। सभी बाल कल्याण अधिकारी क्षेत्र में जाकर सरकार की ओर से बाल श्रम के विरूद्ध चलायी जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। एएसपी प्रवीण कुमार यादव ने बाल अपराध रोकने को किशोर पुलिस इकाई को क्रियाशील रहने को निर्देशित किया। यूनीसेफ अध्यक्ष देवीपाटन मण्डल डा. अनिल द्विवेदी ने किशोर न्याय अधिनियम-2015 में हुए नवीनतम संशोधन, पोक्सो एक्ट के अभियोग पंजीकृत करने के 24 घण्टे के अन्दर सीडब्ल्यू को सूचित करने, पोक्सो के मामले में फार्म ए व बी पुलिस द्वारा भरा जाना, जेजे एक्ट की धारा 94 आदि के बारे में चर्चा की। बैठक में सीओ भिनगा सन्तोष कुमार, पुलिस उपाधीक्षक प्रशिक्षु आलोक कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटीयू मोहम्मद दानिश आजम आदि मौजूद रहे।

## जेल में बिताई अवधि की सजा

श्रावस्ती : एसीजेएम देवर्षि देव ने शस्त्र अधिनियम में दोषी गोंडा जिले के भर जोतिया अयाह गांव निवासी नसरुद्दीन उर्फ फकरुद्दीन को जेल में बिताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई है। एक हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। (वि.)

## 14 वाहनों का ई-चालान

श्रावस्ती : यातायात नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले 14 वाहनों का ई-चालान किया गया। 38 हजार 500 रुपये का ई-शमन किया गया। (वि.)

# शस्त्र अधिनियम में लगा अर्थदंड

श्रावस्ती। गिलौला पुलिस ने वर्ष 2012 में एकघरवा निवासी बकरीदी पुत्र सरकराज को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। इसी तरह इकौना पुलिस ने वर्ष 2012 में ही नसरुद्दीन उर्फ फक्करुद्दीन पुत्र साबिर को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था। साथ ही आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। गुरुवार को न्यायालय की ओर से दोनों आरोपियों को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों को एक-एक हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया।

# झमाझम बारिश के बीच गिरी बिजली, खेत गए किसान की मौत

## फसलों को फायदा कीचड़ व जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागरण टीम • श्रावस्ती : बुधवार की रात से तेज हवा के साथ हो रही झमाझम बारिश के बीच गुरुवार को खेत गए किसान पर बिजली गिर गई। इससे झुलसकर उसकी मौत हो गई। बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। कीचड़ व जलभराव से नगर व ग्रामीण क्षेत्र में लोग परेशान हैं। इकौना थाना परिसर में लगा यूकेलिप्टस का पेड़ सीएचसी के महिला अस्पताल परिसर में बने सरकारी आवास पर गिर गया। आवास के निकट रखा ट्रांसफार्मर भी चपेट में आ गया। इससे आसपास के मुहल्लों की बिजली गुल हो गई। महिला अस्पताल में आवागमन बाधित हो गया। नेपाल के पहाड़ों पर हो रही बारिश का पानी आने से राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर गई। गुरुवार को भी रुक-रुककर पूरे दिन बारिश होती रही। 12 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।

गिलौला क्षेत्र के किसान हंसराज बारिश के बीच खेत में लगी फसलों को देखने गए थे। इसी दौरान तेज गरज और चमक के साथ बिजली गिर गई। इसके चपेट में आकर किसान की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों में मौजूद किसानों की सूचना पर पहुंचे परिवार के लोग शव घर लेकर गए। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने भी गांव पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

90 सेमी ऊपर पहुंची राप्ती, नदी का बढ़ना जारी : रात भर हुई झमाझम बारिश के साथ नेपाल के पहाड़ों का पानी आने से सुबह 11 बजे राप्ती नदी खतरे के निशान 127.70 सेमी से 30 सेमी ऊपर 128.00 पर पहुंच गई। चार घंटे में नदी का जलस्तर 60 सेमी और बढ़ गया। खबर लिखे जाने तक राप्ती बैराज पर नदी का जलस्तर 128.60 सेमी था। नेपाल की कुसुम नदी बढ़ रही थी। इसका प्रभाव राप्ती पर पड़ेगा। नदी का जलस्तर अभी और बढ़ने की आशंका है। इससे तटवर्ती गांवों के लोग सहमे हुए हैं।





बहराइच में पानी टंकी से अस्पताल चौराहा जाने वाले मार्ग पर बारिश के बाद जलभराव व रिसिया के जगदीशपुर सोखा में तेज हवा और बारिश से गिरी गन्ने की फसल • जागरण

### बिजली ने छीनी रात की नींद

तेज हवा के साथ बारिश शुरू होते ही बिजली गुल हो गई। भंगहा फीडर से संबंधित गांवों समेत अन्य कई क्षेत्रों में गुरुवार दोपहर बाद तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। बिजली गुल रहने से लोगों के रात की नींद छिन गई। आपूर्ति बहाल करने के लिए बिजली कर्मी काफी मशक्कत करते देखे गए।



इकौना के महिला अस्पताल परिसर में बने आवास पर गिरा पेड़ • जागरण

### सूख रही थी गन्ना व धान की फसल

कई दिनों से रोज तेज धूप खिलने से लोग तो परेशान थे। गन्ना और धान की फसल सूख रही थी। सक्षम लोग तो पंपिंग सेट से खेतों की सिंचाई कर रहे थे, लेकिन गरीब व छोटे किसान फसलों को बचाने के लिए बरसात का इंतजार कर रहे थे। जमकर हुई बारिश से किसानों ने राहत महसूस की। तेज हवा से कुछ स्थानों पर गन्ना व धान की फसल गिर गई।



बहराइच के सिविल लाइन मार्ग पर हो रही बारिश का दृश्य • जागरण

### 25 मिमी बारिश से तर हुई तराई, दो दिन झमाझम बारिश के आसार

जासं • बहराइच : 24 घंटे से शुरू हुई बारिश से तराई तर-ब-तर हो गई है। किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। 25 मिमी बारिश दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी के मुताबिक, अभी दो दिन झमाझम बारिश के आसार बने हुए है। उसके बाद मौसम में आंशिक बदलाव की संभावना है। जिले में बुधवार की रात से मौसम ने करवट बदला। देर रात तेज हवा के साथ बारिश शुरू हुई और पूरी रात रिमझिम बारिश होती रही। उसके बाद गुरुवार की सुबह तेज हवा चली और कुछ ही देर बाद बारिश होने लगी। दोपहर में झमाझम बारिश हुई, जिससे शहर के अस्पताल चौराहा, पानीटंकी समेत अन्य मुहल्लों में जलभराव की स्थिति रही। बारिश थमने के बाद पानी कम हुआ। तेज हवा के साथ हुई बारिश से रिसिया में गन्ने की फसल गिर गई। प्रगतिशील किसान लालता प्रसाद गुप्त ने बताया कि बारिश होने से धान, गन्ना, मक्का व केला की फसलों को फायदा होगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी एम दानिश ने बताया कि गुरुवार का अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री रहा। उन्होंने बताया कि दो दिन तक बारिश की संभावना बनी रहेगी।

# बीट बुक में करें क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों का अंकन : एसपी

जासं • श्रावस्ती: पुलिस कार्यालय सभागार में गुरुवार को मासिक सैनिक सम्मेलन व अपराध गोष्ठी हुई। अध्यक्षता एसपी घनश्याम चौरसिया ने की। विभिन्न थाना व शाखा से आए पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त कर उनकी समस्याओं को जाना। पुलिस कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए थाना प्रभारियों के साथ प्रतिसार निरीक्षक को भी निर्देशित किया।

एसपी ने कहा की सभी पुलिस कर्मचारियों के लिए बने आवासीय परिसर व बैरकों पर विशेष रूप से सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था व गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन पर विशेष ध्यान दिया जाए। बीट पुलिस आरक्षियों से बीट क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। बीट बुक में क्षेत्र के सक्रिय अपराधियों का अंकन करने व नियमित निगरानी करने को कहा। बारावफात, गणेश चतुर्थी पर्व के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। थाना प्रभारियों को आमजन से अच्छा व्यवहार करने, सक्रिय अपराधियों की निगरानी करने की भी बात कही। उपनिरीक्षक प्रेम शंकर, आरक्षी अर्पित यादव, गौरव यादव, अजीत शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीओ संतोष कुमार, सतीश कुमार शर्मा मौजूद रहे।



मासिक सैनिक सम्मेलन में मौजूद एसपी घनश्याम चौरसिया • जागरण

# गैंगस्टर के दो दोषियों को सश्रम कारावास

जासं • श्रावस्ती : गैंगस्टर अधिनियम के दो दोषियों को अपर सत्र न्यायाधीश ने तीन वर्ष 15 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। दोनों के विरुद्ध वर्ष 2010 में भिनगा कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया था। विचारण व सुनवाई के बाद यूपी गैंगस्टर एक्ट में दोषी भिनगा क्षेत्र के सकटूपुर निवासी राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय को गिरोह के सदस्यों के साथ आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी करने, चोरी के वाहनों की खरीद फरोख्त करने तथा समाज में भय व्याप्त करने के अपराध में दोषी पाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश निर्दोष कुमार ने दोष सिद्ध ठहराते हुए सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# विधायक संग एसडीएम ने देखी पुरातत्व की भूमि पर बनी मजार

संसू, जागरण • इकौना (श्रावस्ती): व्यापारियों व दुर्गा पूजा समिति कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को तहसील परिसर में प्रदर्शन कर बौद्ध तीर्थ क्षेत्र श्रावस्ती में कथित मजार व बाउंड्री बनाकर एक समुदाय की ओर से किए गए अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की थी। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय व एसडीएम को सौंपा था। विधायक ने एसडीएम के साथ मजार स्थल का निरीक्षण किया। एसडीएम के मांगने पर इंतेजामिया कमेटी मजार व भूमि संबंधी कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर पाई। एसडीएम ने अभिलेख न मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

बौद्ध तीर्थ क्षेत्र श्रावस्ती के महेट में गाटा संख्या 1392 रकबा 1.509 हेक्टेयर राजगढ़ गुल्हरिहा में पुरातत्व



बौद्ध तीर्थ क्षेत्र मे तथाकथित बाबा मीराशाह मजार के नाम पर किए गए अतिक्रमण का जायजा लेते विधायक रामफेरन पांडेय ( मध्य में बाएं ) व एसडीएम ओम प्रकाश ( मध्य में दाएं ) • जागरण

सर्वेक्षण की भूमि है। पुरातत्व विभाग की अनुमति के बिना निर्माण नियम विरुद्ध है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बिना अनुमति गुपचुप तरीके से यहां बाबा मीराशाह की मजार बना ली। इसमें पुरातत्व विभाग के कर्मचारियों की भी मिलीभगत रही। आसपास की भूमि पर चहारदीवारी बनाकर कब्जा कर लिया। सुन्नी वक्फ बोर्ड का साइन बोर्ड भी लगा दिया। व्यापार

- बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में मजार के नाम पर अवैध कब्जे को हटवाने की उठ रही है मांग

निरीक्षण के दौरान मजार संचालक भूमि व मजार संबंधित कोई अभिलेख नहीं दिखा पाए। इनकी ओर से अभिलेख नहीं दिया गया तो विधिक कार्रवाई होगी।
–ओम प्रकाश, एसडीएम इकौना।

अंतरराष्ट्रीय बौद्ध तीर्थ क्षेत्र में पुरातत्व सर्वेक्षण की भूमि पर मजार बनाकर अवैध कब्जा करने का मामला गंभीर है। यह मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत कर अवैध कब्जा हटवाया जाएगा।
–रामफेरन पांडेय, विधायक श्रावस्ती।

मंडल अध्यक्ष कन्हैया कसौंधन की शिकायत पर 30 जून 2024 को मामला गर्माया। संबंधित स्थल से सुन्नी वक्फ बोर्ड का साइन बोर्ड व आसपास जमीनों के अवैध अतिक्रमण हटवाए गए। एसडीएम ने पुरातत्व विभाग को कार्रवाई करने के साथ तहसीलदार को पांच दिन में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। मामला शांत हुआ तो संबंधित कमेटी ने जमीन पर पुनः कब्जा कर लिया। गुरुवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष कन्हैया कसौंधन के नेतृत्व में व्यापारियों व क्षेत्र वासियों ने तहसील पहुंच कर इस मुद्दे पर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंपकर अवैध कब्जा हटवाने की मांग की थी। विधायक व एसडीएम ने गुरुवार को संबंधित स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मजार के पास मौजूद भीड़ को हटा दिया।

# फिर तूल पकड़ने लगा विनियमित क्षेत्र में वक्फ बोर्ड व मजार का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

इकौना (श्रावस्ती)। बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती के विनियमित क्षेत्र में स्थित मजार व वक्फ बोर्ड की भूमि को लेकर एक बार पुनः मामला तूल पकड़ने लगा है। बृहस्पतिवार को हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने इकौना तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम व श्रावस्ती विधायक को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मजार कमेटी की ओर से कोई भी अभिलेख प्रस्तुत न करने पर एसडीएम ने कार्रवाई करने की बात कही।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में इकौना के मोहल्ला आजाद नगर निवासी कन्हैया लाल कसौधन ने कहा है कि बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती विनियमित क्षेत्र है। यहां राजगढ़ गुलहरिया का गाटा संख्या 1392 रकबा 1.509 हेक्टेअर भूमि सहेट महेट के नाम महफूज है। यह पुरातत्व विभाग द्वारा किए जा रहे सर्वेक्षण के अंतर्गत आता है। जिसकी 200 मीटर परिधि में बगैर अनुमति कोई निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता है।

सर्वेक्षण के चिह्नित भूमि पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ मकान नंबर 02 इंतेजामिया कमेटी दरगाह हजरत सैयद मीर शाह रहमतुल्लाअलैह का बोर्ड लगा दिया है। 30 जून को इसकी शिकायत पर एसडीएम इकौना के निर्देश पर जांच कर अतिक्रमण हटवा कर पांच दिन में रिपोर्ट देने की बात कही गई थी, लेकिन पुरातत्व विभाग ने अस्थायी तौर पर बोर्ड को झुका कर फौरी कार्रवाई कर दिया। जिस पर मजार संचालन करने वाले लोगों ने पुनः कब्जा कर लिया गया है। जिसे हटवाने की मांग की गई है।

## ज्ञापन के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम व विधायक

हिंदू संगठनों की ओर से दिए गए ज्ञापन के बाद एसडीएम इकौना ओम प्रकाश, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय, सीओ सतीश शर्मा व थानाध्यक्ष कटरा गणनाथ प्रसाद ने मौका मुआयना किया। जहां न सिर्फ बृहस्पतिवार को मेला लगा मिला बल्कि पेड़ के नीचे कई चबूतरा व करीब पांच बीघा भूमि पर कब्जा मिला। मजार में स्थायी पक्का निर्माण भी मिला। एसडीएम ने वहां मौजूद चक्रभंडार के पूर्व प्रधान मुश्ताक से जानकारी मांगा तो उन्होंने बताया कि मजार के नाम पर पुरातत्व विभाग से 120 वर्ष का पट्टा है। कागज मांगने पर वहां मौजूद लोग बगल झांकने लगे।

## अमर उजाला ने पहले उठाया था मामला

अमर उजाला ने इस प्रकरण को सात अप्रैल 2023 के अंक में विनियमित क्षेत्र की भूमि पर अतिक्रमण, बना दी मजार शीर्षक से सचित्र प्रकाशित किया था। तब हरकत में आए पुरातत्व विभाग व तहसील प्रशासन की ओर से यहां लगा बोर्ड हटाया गया था। तब से अब तक काफी भूमि पर अतिक्रमण हो चुका है।

## किया गया है अतिक्रमण

यह भूमि पुरातत्व विभाग की है। इस पर अतिक्रमण किया गया है। इसे खाली करवा कर पुरातत्व विभाग को सौंपा जाएगा। - **राम फेरन पांडे**, श्रावस्ती विधायक

## मांगा है कागजात

मजार व बाउंड्रीवाल सहित वक्फ बोर्ड से संबंधित कागजात मांगा गया है। यदि इसे प्रस्तुत न किया गया तो विधिक कार्रवाई की जाएगी। - **ओम प्रकाश**, एसडीएम इकौना

# खतरे का निशान पार कर 95 सेमी ऊपर पहुंची राप्ती

## तराई में बारिश व बिजली कटौती से लोगों की बढ़ी परेशानी

संवाद न्यूज एजेंसी



मधवापुर में सड़क कटने के कारण गांवों की ओर बढ़ता बाढ़ का पानी। -संवाद



बारिश में छाता लगाकर जाती युवती। -संवाद

**श्रावस्ती।** तराई में बुधवार रात शुरू हुई बारिश गुरुवार पूरे दिन जारी रही। इससे समूचा जिला पानी से सराबोर हो गया। एक तरफ जहां राप्ती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। वहीं पहाड़ी नालों के उफान आने से उसके तट पर स्थित खेत व मकान कटान की जद में आ गए। वहीं बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बेपटरी हो गई।

जिले में बुधवार रात शुरू हुई बारिश बृहस्पतिवार रुक-रुककर पूरे दिन जारी रही। इससे खेत खलिहान ही नहीं मुख्य मार्ग पर भी जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। खेतों में अपेक्षित पानी पाकर किसानों के चेहरे खिल गए हैं। भिनगा बहराइच फोरलेन पर खरगौरा मोड़ के निकट मुख्य मार्ग पर जिले कई अन्य स्थानों पर पानी भर गया। इससे मार्ग से गुजरने वाले वाहनों के कारण पटरी दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ी। सोनवा के तुलसीपुर से रिसिया जाने वाला मुख्य मार्ग नाला बन गया। इससे लोगों की दुश्वारी बढ़ गई।

**राप्ती नदी का धीरे-धीरे बढ़ रहा जल स्तर :** राप्ती नदी का जलस्तर बुधवार रात आठ बजे जमुनहा के राप्ती बैराज पर 127.00 सेंटीमीटर मापा गया जो खतरे के निशान 127.70 से 70 सेंटीमीटर कम था। वहीं बृहस्पतिवार शाम पांच बजे राप्ती बैराज पर नदी का जलस्तर बढ़ कर 128.65 पहुंच गया। जो खतरे के निशान से 95 सेंटीमीटर अधिक है। इससे राप्ती नदी का पानी निचले क्षेत्र में खेतों को जलमग्न करता हुआ गांवों की ओर बढ़ रहा है। नदी के अचानक बढ़े जलस्तर व मल्हीपुर भंगहा मार्ग स्थित मधवापुर घाट के निकट मुख्य मार्ग पूर्व से ही क्षतिग्रस्त होने के कारण उस पर आवागमन बंद हो गया है। वहीं पहाड़ों पर हो रही बारिश के कारण सिरसिया क्षेत्र के पहाड़ी नाला भैसाही, सूरज कुंडा, डगमरा सहित अन्य नाले उफान पर आ गए हैं। इससे चिल्हरिया मोड़ स्थित राजकीय पालीटेक्निक व कृषि विज्ञान केंद्र सहित पहाड़ी नालों के किनारे स्थित गांव व खेतों में कटान का खतरा मंडराने लगा है।

### बाधित रही विद्युत आपूर्ति

जिले में बुधवार रात हुई तेज बरसात के कारण जमुनहा व सिरसिया क्षेत्र के अधिकांश गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। यही स्थिति भिनगा इकौना व गिलौला क्षेत्र की भी रही। जहां पूरी रात बिजली की आवाजाही जारी रही। निगम कर्मियों का कहना था कि ग्रामीण क्षेत्र की ज्यादातर विद्युत लाइनें जंगल व बाग से होकर गुजरी है। बारिश के कारण बार फीडर ट्रिप कर रहे हैं। इस दौरान विद्युत पोल पर चढ़ना भी घातक साबित हो सकता है। इसलिए लोगों को बारिश का थमने का इंतजार करना चाहिए।

# गैंगस्टर के दो आरोपियों को तीन वर्ष 15 दिन का सश्रम कारावास

अदालत से

**श्रावस्ती।** गैंगस्टर एक्ट में बृहस्पतिवार को न्यायालय ने दो आरोपियों को दोषी करार दिया। अपर सत्र न्यायाधीश ने दोनों को तीन वर्ष 15 दिन के सश्रम कारावास व प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। भिनगा कोतवाली पुलिस ने चौदह वर्ष पूर्व सकटूपुर निवासी राजू उपाध्याय व बजरंगी उपाध्याय पर गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया था। आरोप था कि ये दोनों गिरोह के सदस्यों के साथ आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी करते हैं। साथ ही चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त भी करते हैं। मामले की सुनवाई के बाद बृहस्पतिवार को अपर सत्र न्यायाधीश निर्दोष कुमार ने दोनों को दोष करार देते हुए तीन वर्ष 15 दिन के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर पांच-पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। (संवाद)

## यातायात नियमों की दी जानकारी

**श्रावस्ती।** यातायात पुलिस की ओर से यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी के तहत गुरुवार को पुलिस की ओर से इकौना के एक प्राइवेट विद्यालय में सीओ यातायात के नेतृत्व में इकौना में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान सीओ यातायात प्रशिक्षु आलोक कुमार सिंह ने मौजूद छात्रों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि कभी भी बिना ड्राइविंग लाइसेंस के कोई वाहन न चलायें, 18 वर्ष के कम आयु के बच्चों को वाहन का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इस दौरान छात्रों को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट्स भी वितरित किया। (संवाद)

# शस्त्र अधिनियम में दो आरोपियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती।** गिलौला पुलिस ने एकघरवा निवासी बकरीदी को 12 वर्ष पूर्व चाकू के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले का निस्तारण करते हुए सिविल जज प्रवर खंड व एसीजेएम ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि की कैद व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। उधर, पुलिस ने गोंडा के थाना इटियाथोक क्षेत्र के भरजोतिया अयाह निवासी नसरुद्दीन उर्फ फकरुद्दीन को 12 वर्ष पूर्व चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में बृहस्पतिवार को फैसला सुनाते हुए एसीजेएम एफटीसी देवर्षि देव कुमार ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि की कैद व एक हजार के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित

**श्रावस्ती।** स्मार्ट पुलिसिंग के तहत जिले में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को एसपी ने गुरुवार को सम्मानित किया। इस दौरान एसपी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र प्रदान किया।

एसपी घनश्याम चौरसिया की ओर से जिले में सुपर कॉप के तहत सुपर कॉप ऑफ द मंथ की शुरुआत की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आधुनिक तकनीकी उपकरणों, नवीनतम कार्यशैली का प्रयोग कर पुलिस कर्मियों को सशक्त व स्मार्ट बनाना है। इसी क्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन व अनुकरणीय कार्य के लिए एसपी की आर से विगत माह में सोनवा थाने में तैनात उप निरीक्षक गौरव सिंह, आरक्षी प्रवीण पांडेय, नवीन मार्डन थाने में तैनात आरक्षी जीत बंधन व अरुण प्रताप राणा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एसपी ने कहा कि स्मार्ट कॉप के तहत पुलिस बल के मनोबल में बढ़ोतरी होगी। हमारी कोशिश है कि हम अपने पुलिस बल को न केवल आधुनिक तकनीक से लैस करें, बल्कि उनकी कार्यक्षमता और सेवा भाव को भी ऊंचे स्तर पर लाएं। (संवाद)